खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 16°C

मुरादाबाद, शनिवार 28 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 221 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 | 8 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल : प्रमोद तिवारी पेज 2



बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किले में तब्दील खेल टाइम्स



नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी सम्पादकीय



स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराध: अब्बास अराघची पेज 12

# ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 83वां चरण

## IRGC ने की इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश, खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है।

इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिये इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं। ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया -शेष पृष्ठ दो पर



- हूती विद्रोहियों ने ईरान के लिए जंग में उतरने की चेतावनी दी, ईरान बोला- भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजरायल पर दागीं, मिसाइलों पर पाकिस्तान का भी नाम

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने इजरायल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की आईआरजीसी के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजरायल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने को 10 लाख ईरानी लड़ाके तैयार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो उसे भीषण नरक यानी मुहंतोड़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान के एक सैन्य सूत्र ने कहा है कि इस संभावित हमले की खबर के बाद देश में लड़ने का जोश बढ़ गया है। सूत्र के मुताबिक, अब तक करीब 10 लाख लड़ाके तैयार किए जा चुके हैं।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा बड़ा इजाफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर डीएसी की लगी मुहर
- एस-400 की अतिरिक्त खरीद को भी दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे।

भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल- टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मध्यम परिवहन विमान के शामिल होने से एएन-32 और आईएल-76 के पुराने परिवहन बेड़े को बदलने से वायुसेना की रणनीतिक, सामरिक हवाई परिवहन की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी

## दाम नहीं बढ़ेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है। यह कटौती सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश को किए जाने वाले निर्यात पर भी लागू होगी। इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन के निर्यात पर 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाया -शेष पृष्ठ दो पर



सरकार के फैसले से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव होगा कम, कटौती तत्काल प्रभाव से लागू

### ईंधन की कमी को लेकर देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते थे कि (पेट्रोलियम) के खुदरा मूल्य बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन की कमी को लेकर देश में कोविड महामारी के दौर जैसा लॉकडाउन लगाने की चर्चाओं को भी खारिज किया और कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लॉकडाउन जैसा कुछ नहीं होगा। उन्होंने डीजल -पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये की कटौती के ताजा निर्णय के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि उपभोक्ता कीमतें न बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन पर शुल्क में कमी की सराहना की। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चा पर कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा।



### सूर्य की किरणों ने किया रामलला का सूर्यतिलक

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप रामलला के जन्मोत्सव पर ठीक 12 बजे राममंदिर स्थित गर्भगृह में स्थापित रामलला की भव्य दिव्य प्रतिमा के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणों ने सूर्यतिलक कर उनका अभिषेक किया। राम का जन्म होते ही राममंदिर का संपूर्ण परिसर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया, घंटा घड़ियाल और मृदंग मंजीरों के मधुर संगीत के साथ प्रगट भए कृपाला दीन दयाला के भजन से रामभक्त श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर राममय हो गया। रामजन्मोत्सव की शुरुआत प्रभु श्रीराम के पंचामृत महाभिषेक से प्रात: 9 बजे ही शुरू हो गई थी। राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रभु श्रीराम का श्रृंगार किया गया और रामलला को पीला वस्त्र धारण कराया गया। रामलला को भोग प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उनकी आरती उतारी गई।






# इजरायल से दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

**वाशिंगटन, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इजरायल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इजरायल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं। समय के साथ भारत और इजरायल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इजरायल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।



- अमेरिकी रिपोर्ट ने बताई नई दिल्ली की रणनीति
- आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं से मजबूत हुए रिश्ते

### कनाडा की विदेश मंत्री से जयशंकर ने होर्मुज संकट पर की बात

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई।

# पेट्रोल पंप मालिक के घर लाखों की चोरी

## टॉयलेट का जंगला उखाड़ कर घर के अंदर घुसे चोर, पुलिस कर रही गहनता से जांच







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के प्रमुख व्यवसायी एवं पेट्रोल पम्प स्वामी के मकान को निशाना बनाते हुए चोर लाखों रुपए की नकदी एवं जेवरात चोरी कर ले गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला सातो इमली निवासी निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता के मकान में चोरों ने कुंबल लगाकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। बीती रात निरीश कुमार अपने कमरे में सो रहे थे, जबकि उनका भतीजा मुकुल गुप्ता दूसरे कमरे में सा रहा था। चोर पीछे की दीवार फांदकर घर के अंदर आए। उन्होंने मुकुल गुप्ता के कमरे से जुड़े टॉयलेट का जंगला उखाड़ा और अंदर घुस गए। चोर अलमारी में रखी करीब आठ लाख रुपए की नकदी और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। जबकि मुकुल गुप्ता को नींद में इसकी भनक तक नहीं लगी। चोरी की घटना का पता सुबह चला। सूचना पर एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी हासिल की। एसओजी, स्वॉट सर्विलांस एवं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। बिल्लू गुप्ता ने बताया मुकुल की पत्नी मेरठ में अपने बच्चों के साथ रहती है। उसके आने के बाद ही चोरी हुए जेवरात के बारे में सही जानकारी हो पाएगी। पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है। हालांकि चोरी की यह वारदत पुलिस के लिए कड़ी चुनौती माना जा रहा है।

# एक ही परिवार के सदस्यों के बीच जमकर मारपीट

### पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मुस्सेपुर पाली में आपसी विवाद को लेकर एक ही परिवार के सदस्यों के बीच खूनी संघर्ष हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मुस्सेपुर पाली निवासी अब्दुल वाहिद पुत्र सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च सुबह करीब आठ बजे उनके छोटे भाई इशरार ने उन्हें और उनकी पत्नी फरीदा को बात करने के बहाने अपने घर बुलाया। आरोप है कि जैसे ही वे वहां पहुंचे, इशरार, उसके पुत्रों फैजान व अयान और पत्नी मुनीसा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूसों और डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब अब्दुल वाहिद का पुत्र वाजिद बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। इस हमले में अब्दुल वाहिद और उनके परिवार के सदस्यों के सिर में काफी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। अब्दुल वाहिद ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# घर में घुस कर दंपति को लाठी-डंडों से पीटा

### कूड़ा डालने को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** पड़ोसियों के बीच कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कस्साबान निवासी अनवार पुत्र भूरे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पड़ोसी अकबर पुत्र बुंदू और उसके पुत्र अरीफ व अकीब ने उनके घर में कचरा डाला था। तहरीर के अनुसार, कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद के बाद अकबर और उसके पुत्रों ने अनवार के घर में घुसकर उन पर और उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। अनवार ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उन्हें गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने अनवार की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सिद्धि विनायक मंदिर में महा आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री सिद्धि विनायक मंदिर में रामनवमी के मौके पर विशेष महा आरती का आयोजन हुआ। शाम ढलते ही मंदिर परिसर दीपों और भजनों से गूंज उठा, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और आरती में भाग लिया।

भगवान श्री राम को महाभोग अर्पित किया गया। फल-फूल, मेवे-मिठाई और पारंपरिक पकवानों की थाल सजाई गई।

आरती समाप्त होने पर भक्तों में प्रसाद वितरित हुआ। मौजूद लोगों ने सनातन धर्म की खुशहाली और जनकल्याण की कामना के साथ मनोकामनाएं मांगीं। श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश चौथ महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजकुमार राजू, महामंत्री रविंद्र चौहान, उपाध्यक्ष राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।



# मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना दिवस पर भंडारा

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां का आशीर्वाद लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** दुर्गा संतोषी माता मंदिर रामलीला मैदान पर पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना दिवस पर इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद 12 से भंडारा शुरू हुआ।

सैकड़ों भक्ति पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण करते दिखे। पूड़ी-सब्ज़ी, हलवा और खीर का वितरण प्रभु इच्छा तक चला। आयोजकों ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी आस-पड़ोस के गांव देहात व शहर के लोग सेवा में जुटे, समाजसेवी आकाश कान्हा कर्णवाल के द्वारा सारी व्यवस्था संपन्न हुई। श्री मां काली सेवा संगठन के सदस्य भंडारे में उपस्थित रहे।

इस माहौल में भक्ति-संगीत और जयकारे गूंजते रहे। लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कहाना कर्णवाल, नमन गुप्ता, निखिल शर्मा, विशाल गुप्ता, योगेश राजपूत, अंकित राजपूत, अभिषेक त्यागी, सरदार जसपाल, सरदार हरेंदर, सभासद ऐश्वर्या आयरन आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# राम नवमी पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

### आकर्षक झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** राम नवमी के पावन पर्व पर नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

धूलिया महादेव मंदिर संस्थान द्वारा भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल सुंदर और आकर्षक झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान गणेश की झांकी चल रही थी। इसके पीछे सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण विरा. जमान थे। इसके अलावा शेषनाग पर भगवान विष्णु, गदा के सहारे हवा में झूलते पवनपुत्र हनुमान, भगवान भोलेनाथ की जटाओं से निकलती मां गंगा तथा शेर पर सवार मां दुर्गा की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरा नगर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा धूलिया महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर खेड़ा मौहल्ला, शहीद स्मारक, हरवंशगंज बाजार, पटवों का चौराहा तथा मस्जिद मार्ग होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर मंदिर समिति के जितेंद्र कुमार मारवाड़ी, सुधीर कुमार सैनी, केके चंद्रा, शिवम वर्मा, नीरज, चंद्रपाल सिंह, दीप, अंश, आर्यन, स्पर्श, शुभम, प्रिंस सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली क्रिकेट क्लब की ओर से मंडावली में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद बिजनौर क्षेत्र की कई क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंडावली के ग्राम प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने किया। कमेटी के प्रिंस चौहान, अफजल, मकसूद आदि की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुजाहिद अली मकरानी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आज राज्य व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे है। क्रिकेट मैच आज के समय खिलाड़ियों को नई ऊंचाईयों पर ले जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल को ईमानदारी के साथ खेले।

### व्यर्थ संकल्पों का उपवास करें

**नजीबाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रमेशनगर शाखा में चैत्र नवरात्रि मनाई गई। जिसमें ब्रह्माकुमारी शालू बहन ने कहा कि हम राजयोग के अभ्यास द्वारा परमात्मा से जुड़ते हैं तो हमारे भीतर इन शक्तियों का जागरण होता है, जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे महिषासुर का अंत करती हैं। राशि बहन ने कहा कि भोजन का त्याग करने के साथ कड़वे बोल व व्यर्थ संकल्पों का उपवास करना ही सच्चा व्रत है।

### कालिका मंदिर में भक्तों की भीड़

**बिजनौर।** प्रसिद्ध काली माता मंदिर में आज दुर्गा अष्टमी के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह पांच बजे से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। भक्तों ने मां काली के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में कन्या पूजन का भी विशेष आयोजन किया गया, जहां छोटी बच्चियों को मां का रूप मानकर पूजा की गई और प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें खिलौने, चाट-पकौड़े, झूले आदि की व्यवस्था रही। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। भीड़ को देखते हुए पुलिस टीम तैनात रही। ट्रैफिक को कंट्राल करने के लिए मंदिर के आसपास पुलिस तैनात रही।

### आर्या गुप्ता ने किया नाम रोशन



**किरतपुर।** एक निजी विद्यालय की नन्ही छात्रा ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है और शिक्षकों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नगर स्थित सत्यवती मैमोरियल स्कूल की यूकेजी की छात्रा आर्या गुप्ता पुत्री प्रशांत गुप्ता ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। उसकी इस सफलता पर परि. जनों ने खुशी जाहिर करते हुए उसकी सराहना की। आर्या गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता ज्योति गुप्ता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि उसकी पढ़ाई में उसकी मां और शिक्षक लगातार सहयोग करते हैं और उसे पूरी मेहनत के साथ तैयार करते हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव चौहान एवं समस्त स्टाफ ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सफाई अभियान तीस मार्च को

**नजीबाबाद।** सखी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल ने ग्राम घिसटपुरी में स्थित पत्थरगढ़ किला (सुल्ताना डाकू का किला) पर तीस मार्च को सफाई अभियान चलाएगी। किले पर यह अभियान डॉ. राखी के नेतृत्व में सुबह सात बजे से शुरू होगा। समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति, इतिहास व अपनी विरासत से प्यार करने वाले इस अभियान में भाग लेकर एक अच्छे कार्य का हिस्सा बनें।

### अलीशा ने कॉलेज टॉप किया

**नजीबाबाद।** सेंट मैरिज इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अलीशा नूर ने अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। मंडावली निवासी अफरोज आलम की पुत्री अलीशा नूर ने अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज व अपने ग्राम का नाम रोशन किया है। अलीशा नूर की बड़ी बहन भी पूर्व में कॉलेज टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी है। अलीशा नूर को कॉलेज के प्रबंधक फादर जॉस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, शिव ओम राजप. ूत, रविकांत वर्मा, द्विजेंद्र त्यागी, पंकज सिंह के साथ ग्रामीण अल्तमस अंसारी, जैनुल मकरानी, शाहनवाज आलम, आमिर अंसारी आदि ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रेलवे पोल संख्या 1449/6/8 के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुनीत (33 वर्ष) पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम मुबारकपुर गढ़ी के रूप में हुई। घटना नहर के पास फर्स्ट डाउन लाइन पटरी पर हुई। जहां युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ धामपुर, जीआरपी स्योहारा तथा स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं पहुंच सका था पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में लगी हुई है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** ग्राम मिर्जापुर खादर के बूथ अध्यक्ष समेत कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने ग्राम रानीपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत का फूलमालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत ने उनका आभार व्यक्त किया और हर कदम पर सभी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। उन्होंने जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर सुनील कुमार, अरविंद चौहान, दीपचंद, अमन कुमार, पंकज कुमार, सुधांशु सिंह, विक्की कुमार, अवनीश कुमार, गुड्डू चौहान, अभिषेक कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इजरायली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की माने तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है। वहीं मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले बढ़ाए, तो वे जंग में उतर सकते हैं। हूती प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि यमन ईरान के समर्थन में जंग में शामिल हो सकता है। अधिकारी ने इसे धार्मिक, नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी बताया। हूतियों ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े, तो वे पहले ही हस्तक्षेप कर सकते हैं और बाब-अल-मंदाब स्ट्रेट को बंद करना भी एक विकल्प है। यह स्ट्रेट ग्लोबल शिपिंग के लिए बेहद अहम है और इसके बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक हूती नेतृत्व ने औपचारिक रूप से जंग में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनकी चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल पर...**

है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे देश में डीजल और विमान ईंधन की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। पेट्रोल डीजल के निर्यात पर विशेष उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्यातित पेट्रोल पर विशेष उत्पाद शुल्क शून्य है, जबकि डीजल पर 18.5 रुपये प्रति लीटर है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.40 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तीन रुपये, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर 2.50 रुपये और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना उपकर) पांच रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.80 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क शून्य, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर चार रुपये और विशेष उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसं. रचना) दो रुपये प्रति लीटर हो गई है। इन केंद्रीय करों के अलावा पेट्रोल-डीजल पर हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अलग. अलग मूल्य वर्द्धित कर (वैट) भी लगाया जाता है। इस बीच, गैर ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। गैर ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मीरवाइज के नेतृत्व में ईरान के राजदूत से मिला एमएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**श्रीनगर।** मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फथअली से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमएमयू के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के प्रमुख धार्मिक नेता शामिल थे, जिनमें मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम, आगा सैयद हसन अल-मोसवी, आगा सैयद हादी अल-मोसवी और आगा सैयद मुजतबा प्रमुख थे। इस मुलाकात का उद्देश्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करना और ईरान के एकजुटता जताना था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इस्लामी धार्मिक संगठनों एमएमयू ने खामेनेई की हत्या के विरोध में दो मार्च को कश्मीर में बंद का आह्वान भी किया था। एमएमयू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और नेतृत्व के अन्य सदस्यों की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने ईरान की जनता के प्रति गहरी एकजुटता जताई, जिसे उन्होंने उनके कठिनाई के समय के रूप में वर्णित किया। एमएमयू ने कहा कि कश्मीर की जनता की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम उम्माह के एक प्रमुख और सम्मानित नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है।

# ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री का आभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी के प्रयासों को खुलकर सराहा**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि जहां दुनिया ईंधन की कमी से गुजर रही है, वहीं भारत में ईंधन की प्रचुर उपलब्धता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश ईंधन संरक्षण के लिए ऑड-ईवन, सप्ताह में चार दिन काम और स्कूलों-कार्यालयों को बंद करने जैसे कड़े कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता का एक बेमिसाल उदाहरण बना हुआ है। पुरी ने घोषणा की कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम-गहन उद्योगों को दिया जाएगा। उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां 'पाइप्ड गैस' एक विकल्प नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 30.50 प्रतिशत, उत्तरी अमेरिका में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे या तो अन्य देशों की तरह नागरिकों के लिए कीमतें बढ़ा दी जाएं या फिर अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से देशवासियों को बचाने के लिए सरकारी खजाने पर इसका बोझ उठाया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी खजाने से इस समस्या के समाधान का विकल्प चुना ताकि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। श्री पुरी के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल-डीजल आदि पर कर कम कर दिया है ताकि तेल कंपनियों के उच्च घाटे (पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर) को कम किया जा सके। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल को देखते हुए निर्यात कर भी लगाया गया है।

# दिल्ली का प्रवेश शर्मा व गाजियाबाद का अमित अरेस्ट

## बोगस रूप से लिया आईटीसी का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बोगस रूप से फर्म बना कर आईटीसी का लाभ लेने के आरोप में शहर कोतवाली पुलिस ने दिल्ली के प्रवेश शर्मा एवं गाजियाबाद के अमित कुमार सिंघल को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1 अभिनव सोनी ने 12 दिसंबर, 2025 को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण द्वारा करापवंचन के उद्देश्य से बिना कोई व्यापार किए जीएसटी पोर्टल पर दाखिल रिटर्नों में बोगस रूप से आईटीसी का लाभ लिया गया। अग्रेतर बोगस रूप से आईटीसी पास ऑन करते हुए राजस्व की क्षति की गई। शहर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 1019/2025 धारा 318 (4) बीएनएस में फर्म स्वामी प्रवेश शर्मा पुत्र विद्या प्रकाश निवासी बी-17/1बी ब्लॉक, समीप भावी हास्पिटल, रामविहार, जीवनपुर, नोर्थ ईस्ट दिल्ली के विरूद्ध पंजीकृत किया था। उसकी फर्म सर्वश्री अराध्या सेल्स कारपोरेशन साईंपुरा, झालू रोड, बिजनौर को अभियोग में नामजद किया गया था। अभियोग की विवेचना के दौरान अमित कुमार सिंघल पुत्र कृष्णपाल सिंघल निवासी 29, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद का नाम भी प्रकाश में आया। अभियोग में धारा 420, 467, 468, 471 व 120 बी की भी वृद्धि की गई। पुलिस ने आज प्रवेश शर्मा एवं अमित कुमार सिंघल को गिरफ्तार कर लिया है। अभियोग की विवेचना की जा रही है।

# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## कॉलोनाइजरों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए बसाई जा रही कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उपजिलाधिकारी विजय शंकर के निर्देश पर तहसील और विनियमित क्षेत्र के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने नगर की कई नवविकसित अवैध कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से भू-माफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों में अफरा-तफरी का



माहौल रहा।

एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, कानूनगो नीरज कुमार, जेई विनियमित एन.के. सिंह और लेखपालों की टीम पुलिस बल के साथ मुस्तैद दिखी। टीम ने सबसे पहले पहाड़ी दरवाजा ईदगाह रोड पर बिना ले-आउट और नक्शे के बनी एक दुकान और बाउंड्री वॉल को जमींदोज किया। इसके बाद चौधराना श्मशान घाट के समीप, मठेरी रोड और कालाखेड़ी रोड पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों की बाउंड्री वॉल पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना नक्शा पास कराए और ले-आउट की अनुमति लिए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग अवैध मानी जाएगी। आने वाले दिनों में ऐसी अन्य कॉलोनियों को भी चिह्नित कर कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए गए हैं।

# सड़क हादसे में पूर्व पालिका अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल



## पैर की हड्डी टूट कर बाहर निकली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात चंद गुप्ता सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर की हड्डी टूट गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला सरायमीर निवासी प्रभात चंद गुप्ता (80 वर्ष) शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे स्कूटी में पेट्रोल भरवाने के लिए नेशनल हाईवे-74 स्थित पेट्रोल पंप की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह गोयल पब्लिक इंटर कॉलेज के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भाजपा नेता सड़क पर गिर गए और उनके एक पैर में गंभीर फैक्चर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चोट इतनी गहरी थी कि हड्डी टूटकर बाहर निकल आई। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें पास ही स्थित एक निजी हड्डी रोग विशेषज्ञ के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां फिलहाल उनका उपचार चल रहा है। हादसे की खबर नगर में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही उनके परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर अपनी बाइक सहित भाग निकला। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

## बिजनौर में अनस अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम गजरौला शिव निवासी अनस को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# गुलदार ने महिला को उतारा मौत के घाट

## ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर मार्ग अवरुद्ध किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पति के साथ खेत पर गई महिला पर गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। क्षेत्र वासियों में वन विभाग के विरुद्ध जबरदस्त रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने महिला के शव को जामुनवाला गेट पर रखकर कालागढ़ मार्ग अवरुद्ध कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस व प्रशासन के साथ वार्ता जारी थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम चौहड़वाला निवासी रणजीत सिंह व उसकी पत्नी क्रांति देवी पास के ही ग्राम जमुनावाला निवासी किसान बिट्टू सिंह के खेत में गन्ने की जुताई कर रहे थे। खेत में थोड़े फासले पर एक पेड़ के नीचे क्रांति देवी आराम कर रही थी कि घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक क्रांति देवी पर हमला कर गर्दन पर वार कर दिया। गुलदार महिला को खींचकर गन्ने के खेत में ले गया। पास में काम कर रहे हैं किसानों तथा मजदूरों को पता मिलते ही क्रांति देवी की तलाश किया, तो तब तक क्रांति देवी की मृत्यु हो चुकी थी।

घटना को लेकर ग्रामीण में जबरदस्त रोष फैल गया। भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े तथा वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

ग्रामीणों ने परिजनों के साथ शव को मुरली वाला स्थित कालागढ़ मार्ग पर रखकर धरना व प्रदर्शन कर कालागढ़ मार्ग अवरुद्ध कर दिया।







सूचना मिलते ही वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी, तहसीलदार धनराज सिंह, लेखपाल गौरव चौहान तथा थाना अफजलगढ़, थाना रेहड़, थाना शेरकोट की भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया समाचार लिखे जाने तक प्रशासन के लोगों से ग्रामीणों की वार्ता जारी थी।

## एक नजर

### युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**मंडावर/नांगल सोती।** बालावाली पुल पर एक युवक ने गंगा में छलांग लगा दी। युवक अभी तक नहीं मिल सका है। ग्राम तिसोतरा निवासी 22 वर्षीय जतिन पुत्र अरुण ने बालावाली पुल पर अपनी बाइक पर खड़ी की और सीधे गंगा में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मंडावर थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया कि गोताखोरों की टीम को बुलाया गया है, जो युवक की तलाश में जल्द ही पहुंच रही है। परिजन अभी भी बालावाली पुल पर मौजूद हैं और युवक के मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस द्वारा भी तलाश की जा रही है।

### धर्मनगरी का सोहित अरेस्ट

**बिजनौर।** वादिनी ने 26 मार्च को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर ने उसके कान से सोने के कुंडल एवं पांच हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 (ए) में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में सोहित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम धर्मनगरी को गिरफ्तार कर माल व नगदी बरामद कर ली है।

### करंट की चपेट में आकर बंदर घायल



**नजीबाबाद।** शाम करीब छह बजे एक बंदर 11000 वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना एक रिहायशी इलाके के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बंदर एक बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था। छलांग लगाते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह 11000 वोल्ट के विद्युत तार से छू गया। तेज विद्युत प्रवाह के कारण जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियां निकलीं, जिससे बंदर अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पशु चिकित्सक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने घायल बंदर का उपचार किया। स्थानीय लोगों ने बंदर को फल भी खिलाए।

### प्रदीप डेजी की माता का निधन

**नजीबाबाद।** नगर के वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता संजीव माहेश्वरी एड. व साहित्यकार प्रदीप डेजी की माता श्रीमती माया माहेश्वरी का बीमारी के चलते बीती रात निधन हो गया। आज सुबह उन्हें अंतिम संस्कार के लिए कनखल हरिद्वार ले जाया गया। उनके निधन पर नगर के अधिवक्ताओं, साहित्यकारों व गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### बार से शराब चोरी करते पकड़ा



**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर तिराहे स्थित सील केडी बार से बुधवार रात चार पेटी शराब चोरी हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार हैं। चोरों ने आधी रात को बार की छत के रास्ते सेंध लगाई। तीन चोर बार में घुसे और चार पेटी शराब चुराकर फरार हो गए। बार मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। यह केडी बार शराब कारोबारी केशव दूबे का है। दस महीने पहले उनके मकान से एक क्विंटल 80 किलो गांजा बरामद हुआ था, जिसके बाद केशव दूबे समेत चार आरोपी जेल गए थे। आबकारी विभाग ने बार को सील कर उसका लाइसेंस भी रद्द कर दिया था। तब से यह बार चोरों के निशाने पर था और इसमें पहले भी तीन बार चोरी हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी के आधार पर पुलिस ने चोरी के आरोपी शुभम पुत्र वीरेंद्र को झालू रोड स्थित डूंडापुरी से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। शहर कोतवाल रामप्रताप ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शुभम ने अपने साथी आनंद निवासी मौहल्ला चाहशीरी और मुन्ना निवासी नलकूप कॉलोनी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नामित सदस्यों को शपथ दिलाई

## बुके देकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उ.प्र. शासन द्वारा नामित सदस्यों मुकेश शर्मा, भीम सिंह रावत, सलीम अहमद, जयपाल सिंह व श्रीमती माया देवी को जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में सुश्री स्मृति मिश्रा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी धामपुर द्वारा नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ के सभागार में शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में चेयरमैन श्रीमती तब्बसुम जावेद ने स्मृति मिश्रा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी धामपुर को शॉल एवं बुके देकर स्वागत किया। एसपी सिंह अधिशासी अधिकारी द्वारा मोमेन्टो देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी नामित सदस्यों को बुके देकर उनका स्वागत किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जावेद अहमद चेयरमैन पति व स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, कादिर, मुकीब खान सूरी, उमेश कुमार, रिजवान हसन, अ. वाहिद, शाहिद हुसैन, वजीर अहमद, कलवा कुरैशी, मौहम्मद शाहिद, बब्लू सभासद व संजीव कुमार लेखाकार, रोबिन अग्रवाल लिपिक, सनी गुप्ता लिपिक, अमर कुमार, राजवीर सिंह, आदेश पवार, रंजीत पवार, जयराज, सोमराज, कमल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहिताश पवार सफाई नायक द्वारा किया गया।




# रामनवमी पर कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र में रामनवमी के अवसर पर बंगाली समुदाय और रेहड़ थाने में विधि-विधान से कन्या पूजन और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्याओं को भोजन कराया गया और उपहार भी भेंट किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार नवमी के दिन थाना रेहड़ में पुलिसकर्मियों ने हवन-यज्ञ कर कन्या पूजन किया। पंडित अनंत शास्त्री ने हवन संपन्न कराया। कन्याओं को भोजन कराकर पुलिसकर्मियों ने नवरात्रि व्रत पूर्ण किए। पुलिसकर्मियों द्वारा सभी कन्याओं को उपहार भी भेंट किए गए।

वहीं बंगाली कॉलोनी में भी विधिवत हवन पूजन के उपरांत माता के स्वरूप मानी जाने वाली नौ छोटी कन्याओं का श्रद्धाभाव से पूजन किया गया। उन्हें भोजन कराया गया और उपहार दिए गए।

इस मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा, पंकज शर्मा, महेश सिंह, विजय तोमर सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। बंगाली समुदाय से विनोद बाला, माधवचंद व्यापारी और अन्य महिला श्रद्धालु भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जिला बार एसो. चुनाव नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न





## अध्यक्ष पद हेतु राजेंद्र सिंह सहित तीन ने कराई नामजदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव के लिए आज नामांकन कराया गया। जिसमें राजेन्द्र सिंह एड. सहित अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। चुनाव 31 मार्च को होगा।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत के अनुसार अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार, शेर सिंह और अभय सिंह उर्फ हैप्पी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर करतार सिंह, संदीप कुमार, छतर पाल तथा इसरार उर्फ राजा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी तथा विकास नारायण यादव, महासचिब पद पर कोमल सिंह, गुलसिताब, मनोज कुमार शेट्टी, तेज सिंह सैनी, संजीव कुमार, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर शाहबाज अहमद, मोहित कुमार, मौहम्मद शारिक, कोषाध्यक्ष पद पर कविता चौधरी, शबाना तथा प्रीति चौहान, सांस्कृतिक सचिव पद पर वंदना आजाद तथा पूजा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन पद पर अभिषेक अग्रवाल, नितिन कुमार तथा राजीव धीमान, वरिष्ठ गवर्निंग कौंसिल मोहमद आदिल अहमद, अजीत कुमार खन्ना, ईशाक मंसूर, हेमंत राजपूत, शमीम अख्तर, विश्वनाथ शर्मा, सतीश कुमार, अमित कुमार, कनिष्ठ गवर्निंग कौंसिल पद पर नबील अहमद, आदित्य कुमार, मोहम्मद आकाश, संगीता कुमारी, परवेंद्र सिंह, जीशान आलम, हनुमान सिंह चौहान तथा मौहम्मद काशिद ने अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन पत्र दाखिल कराने में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत, नरेंद्र सिंह, ओमेंद्र त्यागी, बलवंत सिंह, धर्मपाल सिंह, वीरेन्द्र पाल सिंह तथा राजीव चौधरी आदि शामिल रहे।

चुनाव 31 मार्च, मंगलवार की प्रातः 8 बजे से जिला जजी परिसर स्थित वीरेन्द्र सिंह बार हॉल में होगा।

ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# प्रेम प्रसंग में युवक की मौत

## युवती पर प्रेम में धोखा देने और उसके नए प्रेमी पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला मुगलुशाह में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 19 वर्षीय युवक समीर ने कथित तौर पर प्रेम प्रसंग के चलते अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां ने युवती पर प्रेम में धोखा देने और उसके नए प्रेमी पर आरोप लगाए हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार यह घटना ग्राम बिल्ली मोरा, जिला बलसाड (गुजरात) की बुधवार शाम करीब छह बजे के आसपास की बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने जब संदिग्ध स्थिति देखी, तो खिड़की तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। अंदर का मंजर देखकर सभी स्तब्ध रह गए। समीर मृत अवस्था में मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का आरोप है कि समीर का उसके प्रेमिका युवती के साथ आठ साल से प्रेम संबंध था। समीर के गुजरात जाने के बाद युवती ने किसी और से बातचीत करनी शुरू कर दी और प्रेमी समीर को धोखा देने लगी। जब समीर को ये बात पता चली, उसने अपनी प्रेमिका के घर रिश्ता भिजवाया। घटना से पहले समीर ने अपनी मां से बात की थी और उसके बाद युवती से भी बातचीत हुई। आरोप है कि युवती ने प्रेम और शादी दोनों से इंकार कर दिया। जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया और उसने यह कदम उठा लिया। परिवार ने प्रेमिका युवती और उसके प्रेमी पर भी आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि समीर गुजरात में रहकर सैलून का काम करता था और परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके बाद दो छोटे भाई और एक बहन हैं। मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा बना समीर अब दुनिया में नहीं रहा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और मामले की जांच शुरू कर दी है। आज सुबह समीर का शव पोस्टमार्टम के बाद नजीबाबाद के मौहल्ला मुगलू शाह पहुंचा। जहां पर यह नजारा देखकर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के दफीने की तैयारी की जा रही है।

# सड़क हादसे में महिला सहित दो घायल, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मंडावर से घर जाते समय दो बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित दो घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। बीती रात करीब दस बजे ग्राम कबूलपुर निवासी अजय पुत्र उदल और ग्राम रतनपुर निवासी मंगल सिंह अपनी पत्नी गीताक्षी दोनों अपनी बाइक से मंडावर से अपने घर की तरफ जा रहे थे। ग्राम रतनपुर रियाया के पास दोनों बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार महिला सहित दो घायल हो गए। आसपास के राहगीरों एवं ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।



मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान अजय पुत्र उदल सिंह निवासी कबूलपुर की मौत हो गई।

## मां की मौत के गम में बेटे की भी मौत

**चांदपुर।** मां की मौत के गम में पुत्र की भी मौत हो गई। मां-बेटे की मौत से मौहल्ले में शोक छा गया तथा घर में कोहराम मच गया। नगर के मौहल्ला कटकूई निवासी श्रीमती नुसरत 60 वर्ष का बीती रात लगभग दो बजे बीमारी के चलते इंतकाल को गया। मां के इंतकाल के गम में तड़के में उनके पुत्र निसार अहमद (30 वर्ष) का भी इंतकाल हो गया। मां-बेटे की मौत से मौहल्ले में शोक छा गया।

# पत्र के 10 दिन बाद व्यापारी की मौत, कार्रवाई पर उठे सवाल

## जुर्माना प्रकरण के बीच बिगड़ी हालत, निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में एक व्यापारी की मृत्यु के बाद विभागीय कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। व्यापारी ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर अपने ऊपर लगाए गए जुर्माने को निरस्त करने की मांग की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद उसकी मृत्यु हो गई। जिससे पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार व्यापारी ने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया था कि वह बीमारी से ग्रसित है और उसका उपचार चल रहा है। इसके बावजूद उसके विरुद्ध कार्रवाई जारी रहने की बात सामने आ रही है। पत्र देने के बाद व्यापारी ने अधिका. रियों से मुलाकात भी की थी। इसके उपरांत 20 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। सूत्रों के अनुसार व्यापारी पर लगभग 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था। व्यापारी ने कार्रवाई में अनियमितताओं के आरोप लगाए थे तथा संबंधित रिपोर्ट पर हस्ताक्षर न होने की बात भी कही थी। चर्चा है कि बीमारी और विभागीय कार्रवाई के बीच व्यापारी की स्थिति बिगड़ती गई। हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

उधर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने हाल ही में हुई घटना को गंभीर बताते हुए शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठन की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि दोषी अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि व्यापारी वर्ग को न्याय मिल सके। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पीड़ित व्यापारी के परिवार को न्याय दिलाना अत्यंत आवश्यक है। संगठन ने सरकार से मृतक के परिजनों को कम से कम 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। फोरम के पदाधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं व्यापारी वर्ग में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं, जिसे दूर करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारी समाज आंदोलन के लिए बाध्य हो सकता है। संगठन ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो

# राम नवमी पर हवन-पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर व क्षेत्र में राम नवमी का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर हवन-पूजन एवं विशाल भंडारों का आयोजन किया गया।

भाजपा नेता अरविंद कुमार पप्पू चेयरमैन द्वारा तहसील के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर राम नवमी के उपलक्ष्य में विधि-विधान से पूजन कराया गया। इस दौरान करीब 500 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराने के साथ उपहार भेंट किए गए। पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ उठाया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा।

इस मौके पर अनिल अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, अनमोल मित्तल, अनिरुद्ध मित्तल, गुप्ता, मधु मित्तल, श्रुति मित्तल, शक्ति अनिरुद्ध, अंबर मित्तल, कपिल चौधरी, मोहित अग्रवाल, सुनील चौधरी, देवेंद्र चौहान, केशव चौधरी,अर्पित गोयल, ओमकार प्रधान, पल्लव अग्रवाल, नितिन,नवीन अग्रवाल, अनिल गुप्ता, वि के राजपूत, अशोक नेता, पुखराज सैनी, प्रशांत, आशु गोयल, रामावतार सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य स्थानों पर भी राम नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन एवं भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह

## पंपों पर भीड़, पूर्ति अधिकारी ने पंपों पर पहुंच कर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर और आसपास के इलाकों में फैली एक अपुष्ट अफवाह के कारण पेट्रोल पंपों पर हड़कंप मच गया। पेट्रोल के दामों में भारी वृद्धि और आगामी दिनों में ईंधन की अनुपलब्धता की भ्रामक खबरों के चलते उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं, जिससे पंप संचालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार की सुबह जैसे ही यह अफवाह फैली, लोग अपनी बाइक और चारपहिया वाहनों के साथ पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। बढ़ापुर नजीबाबाद तिराहे से रामलीला मोड़ तक स्थित कुल छह पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। कुछ देर तक पंपों पर भीड़भाड़ का माहौल बना रहा। भीड़ का मुख्य कारण पेट्रोल-डीजल के दामों में अचानक बढ़ोतरी और भविष्य में आपूर्ति बंद होने की गलत जानकारी थी। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट निकली। पंप संचाल. कों ने स्पष्ट किया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल दोनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और डिपो से आपूर्ति भी पूरी तरह नियमित है।



नगीना फाइलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने बताया, 'ईंधन की कोई कमी नहीं है और न ही हमें कीमतों में किसी बदलाव की आधिकारिक सूचना मिली है। यह केवल एक अफवाह है, जिसके कारण लोगों में डर बैठ गया है।'

इस दौरान पूर्ति निरीक्षक नीरज वर्मा ने अपनी टीम के साथ कई पंपों का निरीक्षण किया और जानकारी देते हुए बताया कि नगर के सभी पंपों पर उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार बिना किसी निर्धारित मात्रा के पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा था। घबराहट में कई लोग बोतलों और कैन में भी पेट्रोल भरवाने का प्रयास करते नजर आए लेकिन पंप संचाल. कों ने शांतिपूर्वक केवल वाहनों की टंकियों में वितरण सुनिश्चित किया।

प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह सोशल मीडिया पर आने वाली अपुष्ट खबरों और भ्रामक संदेशों पर भरोसा न करें। ईंधन की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। अनावश्यक रूप से घबराहट पैदा करने वाले संदेशों को आगे बढ़ाने से बचें।

# इजराइल में एक माह से फंसे सौमिल की सकुशल वापसी

## भारतीय दूतावास की मदद से घर लौटे धामपुर निवासी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर निवासी सौमिल अग्रवाल एक माह तक इसराइल में फंसे रहने के बाद सकुशल घर लौट आए हैं। उनकी वापसी पर परिजनों ने उनका स्वागत किया।

सौमिल अग्रवाल (28 वर्ष) धामपुर निवासी व्यापारी राजीव कुमार अग्रवाल के पुत्र हैं, 24 फरवरी को एक कंपनी के माध्यम से शूटिंग के सिलसिले में इसराइल गए थे। इसी दौरान वहां युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होने के कारण वह तेल अवीव में फंस गए। सुरक्षा कारणों से उन्हें कंपनी द्वारा एक होटल के बंकर में रखा गया था।

लगभग एक माह तक फंसे रहने के बाद भारतीय दूतावास के प्रयासों से उनकी वापसी संभव हो सकी। सौमिल ने बताया कि उन्हें ट्रांजिट वीजा प्राप्त करने में कुछ कठिनाई हुई, लेकिन दूतावास की सहायता से वह 25 मार्च को जॉर्डन सीमा तक पहुंचे। वहां से एक ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से उन्हें ओमान एयरपोर्ट भेजा गया, जहां से उन्होंने मुंबई और फिर दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

दिल्ली पहुंचने पर उनके माता-पिता उन्हें लेने पहुंचे। इसके बाद सौमिल अपने गृह नगर धामपुर पहुंचे, जहां उनसे मिलने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के निवासियों ने भी उनकी सकुशल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

सौमिल के पिता राजीव अग्रवाल ने अपने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए भारतीय दूतावास का आभार व्यक्त किया।

## एम.एम. इंटर कॉलेज में आज गूंजेगी मनोनीत सभासदों की शपथ

**नगीना।** नगर की सरकार में नई ऊर्जा के संचार हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित किए गए सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आज 28 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम एम.एम. इंटर कॉलेज के प्रांगण में दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा। समारोह में शासन द्वारा मनोनीत सभी सभासद पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रति. निधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति ने सभी नगरवासियों और शुभचिंतकों से इस अवसर पर उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाने का सादर अनुरोध किया है।

# चांदपुर में युवक की मौत पर परिजनों का प्रदर्शन

## शव लेकर 5 घंटे जाम लगाया, हत्या का आरोप, पुलिस ने गिरफ्तारी का दिया भरोस





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर में युवक की मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। भीड़ ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए चांदपुर-बास्टा मार्ग पर जाम लगा दिया।

प्रदर्शनकारी करीब पांच घंटे तक सड़क पर डटे रहे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। आला अधिकारियों के देर से पहुंचने पर लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। रात करीब आठ बजे एसपी ग्रामीण के मौके पर पहुंचने के बाद लोगों को समझाकर जाम खुलवाया गया। इस दौरान सीओ चांदपुर समेत कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही।

मामला चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर का है। मृतक के चाचा राकेश ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 24 वर्षीय प्रशांत 22 मार्च को ग्राम मिर्जापुर बैला में रिश्तेदारी में गया था। शाम को लौटते समय हरपुर-मिर्जापुर मोड़ पर उसकी स्कूटी से एक युवती टकरा गई। जिससे वह घायल हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने बिना कुछ समझे प्रशांत के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे अपने साथ ले जाकर लाठी-डंडों से पीटा। बाद में उसे बेहोशी की हालत में गांव में छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर परिजन उसे पहले सीएचसी स्याऊ ले गए, जहां से जिला अस्पताल और फिर मेरठ रेफर किया गया। मेरठ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान प्रशांत की मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने पुलिस को दी नई तहरीर में कई लोगों को नामजद करते हुए सख्त कार्रवाई और धाराएं बढ़ाने की मांग की है। मृतक के चाचा ने निकरान्त उर्फ निक्की, सचिन कुमार, अभिनय, संजीव, पलक, रिफत, शाहनवाज और शोभा समेत अन्य पर आरोप लगाए हैं। देर रात युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। एसपी ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया। परिजनों के अनुसार पुलिस ने सुबह करीब 11 बजे तक आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। मौके पर सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह सहित कई थानों की पुलिस और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# विधायक मनोज पारस के प्रयासों से चमकेगा प्राचीन माता रानी मंदिर

## 3.02 करोड़ से हो रहा कायाकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय विधायक मनोज पारस के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने क्षेत्र की जनता का सपना पूरा कर दिया है। नगर के ऐतिहासिक रामलीला बाग स्थित प्राचीन माता रानी मंदिर के सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों के लिए पर्यटन विभाग द्वारा भारी-भरकम बजट को मंजूरी मिल गई है। विधायक के प्रयासों व प्रदेश सरकार की मंजूरी से अब मंदिर परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास होगा, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक मनोज पारस ने नगीना की जनता की मांग पर पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा था। इस परियोजना के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रथम चरण चार मार्च 2024 को एक करोड़ 52 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। प्रथम चरण का कार्य होने के पश्चात विधायक द्वारा मंदिर में हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान मंदिर की कमेटी द्वारा अतिरिक्त निर्माण कार्य की मांग की गई थी जिसका प्रस्ताव विधायक द्वारा शासन को भेजा गया था जिसे स्वीकृत करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा द्वितीय चरण में 19 मार्च 2026 को पुन: एक करोड़ 50 लाख रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति दी गई है।

ताजा अपडेट के अनुसार परियोजना के लिए दूसरे चरण की भी एक करोड़ 11 लाख रुपये की प्रथम किश्त शासन द्वारा जारी कर दी गई है। कुल तीन करोड़ दो लाख रुपये की इस लागत से मंदिर परिसर का पूरी तरह कायाकल्प किया जाएगा। सौंदर्यीकरण योजना के अंतर्गत दो भव्य और बड़े हॉल, श्रद्धालुओं और पुजारियों के ठहरने हेतु तीन विशेष कमरे, सामग्री के रखरखाव के लिए एक आधुनिक स्टोर रूम का निर्माण किया जाना है साथ ही पूरे परिसर में हाई-क्वालिटी इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जानी हैं। इसके अलावा शौचालय एवं आधुनिक प्रसाधन केंद्र (लैट्रिन-बाथरूम) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जानी हैं।

विधायक मनोज पारस ने कहा कि रामलीला बाग स्थित प्राचीन माता रानी मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि नगीना की ऐतिहासिक धरोहर भी है। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य अपनी विधानसभा के हर धार्मिक और सार्वजनिक स्थल को सर्वसुविधायुक्त बनाना है। बजट जारी हो चुका है और जल्द ही धरातल पर कार्य नजर आएगा।' इस घोषणा के बाद नगरवासियों और मंदिर समिति ने विधायक व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस सौंदर्यीकरण से नगीना में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सड़क हादसे में पति की दर्दनाक मौत

## पत्नी गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बढ़ापुर रोड पर ग्राम इस्लामाबाद और काजीवाला के बीच हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर लगभग 3.45 बजे एक पुरुष और एक महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी नगीना लाया गया। चिकित्सा अधिकारी द्वारा दी गई सूचना के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने से पहले ही पुरुष की मृत्यु हो चुकी थी। मृतक की पहचान शमीम अहमद (उम्र लगभग 56 वर्ष), पुत्र अब्दुल्ला निवासी मौहल्ला काजी सराय नगीना के रूप में हुई है वहीं घायल महिला का नाम वाहिदा (उम्र लगभग 54 वर्ष), पत्नी शमीम अहमद है। हादसे में वाहिदा को गंभीर चोटें आई है। जिसे सीएचसी नगीना में प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टर ने हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया है। मृतक के पुत्र नाजिम अहमद को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना इस्लामाबाद और काजीवाला के बीच हुई, हालांकि दुर्घटना के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# सामूहिक विवाह में गर्भवती महिला का दोबारा निकाह

## दंपति की धनराशि और सामान रोका गया, अधिकारियों ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अनुदान लेने के लिए गर्भवती महिला का दोबारा निकाह कराए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ ब्लॉक में सात माह पहले से विवाहित जोड़े का सामूहिक विवाह कार्यक्रम में फिर से निकाह कराया गया। मामला उजागर होने के बाद दंपति को मिलने वाले सामान और दुल्हन को दी जाने वाली धनरा. शि रोक दी गई है। यह फर्जीवाड़ा तब सामने आया जब विवाह के बाद जोड़ों को शादी का सामान वितरित किया जा रहा था। कर्मचारियों ने शक होने पर दुल्हन के गर्भवती होने का पता लगाया। जांच में पता चला कि इस जोड़े का निकाह सात माह पहले ही हो चुका था। बीडीओ मनवीर सिंह ने बताया कि दंपति को कोई सामान नहीं दिया गया है और मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीडीओ रणविजय सिंह ने बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि पंचायत सचिव और एडीओ समाज कल्याण की भूमिका की भी गहन जांच की जाए। सीडीओ ने कहा कि जांच पूरी होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम 14 फरवरी को ब्लॉक अफजलगढ़ के बादीगढ़-सुआवाला मार्ग स्थित जीविका गार्डन भगतावाला में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कुल 145 हिंदू, 42 मुस्लिम और तीन सिख जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया था। हिंदू जोड़ों के फेरे हुए थे, जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ा गया था।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब प्रति जोड़े को एक लाख रुपये का लाभ दिया जाता है। इसमें दुल्हन को 25 हजार रुपये का सामान दिया जाता है, 65 हजार रुपए सीधे उसके बैंक खाते में भेजे जाते हैं, और 15 हजार रुपए व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं।

इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होता है। पात्रता की जांच पंचायत सचिव और एडीओ स्तर पर की जाती है। जांच में पात्र पाए जाने वाले जोड़ों का ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह कराया जाता है।

## भागूवाला के काली माता मंदिर में भीड़

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में काली माता का अन्य कोई मंदिर न होने के कारण भागूवाला का यह मंदिर आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवमी के दिन यहां विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता काली की विधि-विधान से पूजा की।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट नं. - K8706084 में मेरे पिता का नाम AYOOB ALI लिखा गया हैं, जबकि सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का सही नाम MO AYYUB ANSARI है। मेरे पिता को इसी नाम से जाना व पुकारा जाए।

RAHIS AHMAD s/o MO AYYUB ANSARI
Vill- MIRAPUR MODIWALA
POST- HIDAYATPUR
PS-AFZALGARH
DISTT- BIJNOR
246722

# गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

## एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्थानीय गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर एआरओ आशाराम सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

एआरओ आशाराम सिंह ने भीड़ को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि एजेंसी के पास वर्तमान में 750 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर की कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री सिंह ने कुछ अराजक तत्वों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं और अनावश्यक रूप से भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। भीड़ को कम करने और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एआरओ ने एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 24 तारीख से पहले की सभी लंबित बुकिंग की होम डिलीवरी प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। शहर के लिए हॉकर्स और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए डिलीवरी मैन की पूरी टीम को सक्रिय कर दिया गया है ताकि समय पर सिलेंडर पहुंचाए जा सकें। एआरओ ने लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर घर तक समय पर सिलेंडर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।



# सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसी के कर्मचारी को पीटा

### पुलिस ने दो आरोपियों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** एलपीजी गैस सिलेंडर लेने को लेकर दो युवकों ने एजेंसी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर डाली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवकों को हिरासत में लिया और थाने लाकर चालान कर दिया।

नांगल थाना क्षेत्र के गांव चंदोक में इंडेन की गैस एजेंसी है। शुक्रवार को एजेंसी से गैस का वितरण किया जा रहा था। तभी दो युवकों ने गैस सिलेंडर लेने को लेकर एजेंसी के कर्मचारियों से साथ मारपीट कर दी। एजेंसी के कर्मचारी ने घटना की सूचना नांगल पुलिस को दी। सूचना पर नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मारपीट के आरोपी रुकशीद और आबिद निवासी गांव शहजादपुर थाना नांगल को हिरासत में ले लिया। एजेंसी के कर्मचारी भोलू की तहरीर पर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

## कन्याओं को जिमाकर उपहार दिए

**नजीबाबाद।** दुर्गा अष्टमी के मौके पर नगर में कन्या पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रों के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के मौके पर दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ अपने घरों पर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया।

## एक नजर

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से प्लेज नष्ट



**नांगल सोती।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा खादर क्षेत्र में सब्जी की कई बीघा खेती नष्ट हो गई, जिससे प्लेजिया किसान चिंतित हैं। हाल ही में प्लेज से सब्जी की फसल शुरू हुई थी। गंगा खादर क्षेत्र में नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, गौसपुर, सराय आलम, के किसान प्लेज व सब्जी की खेती करते हैं। हाल ही में प्लेज से लौकी, खीरा, ककड़ी, करेला, टिंडा, की फसल शुरू हुई थी। पिछले कई दिनों से गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। प्लेज में पानी आने से किसानों की कई बीघा सब्जी की फसल नष्ट हो गई। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों शिव कुमार, लाखन, सोनू, नरेश, बाबूराम, मनोज, युसूफ, महबूब, आदि का कहना है कि उन्होंने लागत लगाकर फसल तैयार की थी। अभी फसल की शुरुआत ही हुई थी, लेकिन गंगा का जलस्तर बढ़ने से उनकी फसल नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल के प्रांगण में बनाए गए नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ कर, मंदिर में कई प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान मिल के प्रबंध निदेशक सहित पूरा मिल परिवार मौजूद रहा। मिल प्रांगण में उत्कृष्ट कलाकृति से भव्य मंदिर बनाया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बीते पांच दिनों से विद्वान पंडितों आशीष भारद्वाज, राजीव मिश्रा, हेमेंद्र भारद्वाज आदि द्वारा हवन यज्ञ के साथ सुंदर पाठ और भजन कीर्तन किया जा रहा था। आज विद्वान पंडितों ने मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, भगवान हनुमान, श्री गणेश और शिव लिंग की विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार से स्थापना कराई, जिसके बाद भगवान के जयकारों के बाद प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन के मुख्य यजमान गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर सपत्नी नीलम पुंडीर रहे। इस धार्मिक आयोजन में मिल के प्रबंध निदेशक राजकुमार अदलखा उनकी पत्नी नीलम, संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर उनकी पत्नी ज्योत्सना राठौर, नम्रता पांडे, जेपी त्रिपाठी, विकास ठाकुर, एसएल लांबा, सुखविंदर सिंह, अतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, कुलदीप सिंह, आशीष बंसल, चांदवीर सिंह हरीश ढींगरा आदि मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# वन विभाग ने पकड़ी कीमती खैर की लकड़ी

### कीमती लकड़ी से भरा वाहन छोड़ माफिया फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन क्षेत्र से लाखों रुपए कीमत की खैर की लकड़ी महिंद्रा गाड़ी में ले जा रहा माफिया वन कर्मियों के पीछा करने पर अफजलगढ़ में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग ने गाड़ी सीज कर लकड़ी माफिया की तलाश शुरू कर दी है।

साहूवाला वन रेंज की इनायतपुर वन चौकी पर तैनात वन दरोगा साजिद अंसारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा अभिषेक यादव, शुभम कुमार व वन रक्षक नितिन कुमार बीती देर रात ग्राम मदपुरी के जंगल में पहुंचे, तो वहां पर लकड़ियों से लदी एक महिंद्रा गाड़ी जाती हुई दिखाई दी। रोकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी तेजी से दौड़ा दी। वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी का पीछा करने पर चालक अफजलगढ़ में पेट्रोल पंप के पास गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। टीम लकड़ियों से लदी गाड़ी को रेंज कार्यालय ले आई।

वन दरोगा ने बताया कि गाड़ी में लाखों रुपए की खैर की लकड़ी है। गाड़ी को सीज कर दिया गया है। लकड़ी माफिया की तलाश की जा रही है। लकड़ी कहां से काटकर लाई गई है, इसकी भी जांच की जा रही है।

# गायत्री शक्तिपीठ में राम नवमी मनाई

## भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला, श्रद्धालु रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम नवमी का पर्व उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

डा. दीपक कुमार ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारत के प्राण, सनातन जगत की आस्था के केंद्र और आराध्य हैं। उनका चरित्र मर्यादा की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि मर्यादाओं का पालन, कर्त्तव्य पर निष्ठा, व्यवहार में सौजन्य और अनीति के विरुद्ध प्रबल संघर्ष जैसे आदर्श रामचरित्र के हर प्रसंग में पाए जाते हैं। उन्होंने भगवान राम के जीवन से जुड़े कई उदाहरण दिए। बचपन में गेंद खेलते समय राम ने छोटे भाई भरत को प्रसन्न करने के लिए हारने का अभिनय किया। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए असुरों से संघर्ष किया। डा. कुमार ने भगवान राम के साथियों और सहयोगियों के आदर्श चरित्र का भी उल्लेख किया। लक्ष्मण ने एक सेवक की तरह भाई का साथ दिया, जबकि भरत ने राजगद्दी न लेकर राम की पादुका को सिंहासन पर रखा। केवट ने उन्हें गंगा पार उतारा और निषाद राज ने उनसे मित्रता की।

उन्होंने जटायु के बलिदान का भी जिक्र किया, जिसने रावण से जूझते हुए अपने प्राण गंवा दिए। रीछ और वानर सेना का त्याग और बलिदान भी अद्वितीय रहा। भक्तराज हनुमान ने प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ श्री राम के कार्यों को पूरा किया।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम दरबार का चित्र स्थापित किया गया और राम आरती उतारी गई।

इस मौके पर एचपी गुप्ता, राज भटनागर, पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा, रेखा चौहान, महिपाल सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### माता रानी का भजनों से गुणगान



**धामपुर।** चैत्र नवरात्र की दशमी के शुभ अवसर पर अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर माता रानी का पूजन कीर्तन भजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान यतेन्द्र चौहान अर्चना सिंह रहे। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज संस्थापक गौरी गौशाला आश्रम के सान्निध्य में पूरी नवरात्र भर मातारानी के कीर्तन भजन का आयोजन रहा। प्रतिदिन अलग-अगल परिवार ने अपने संकल्प पूजन सम्पन्न कराया। गौ सेवा भण्डारा लगवाया। आचार्य श्री ने माता रानी की महिमा के बारे में बताया कि माता के नौ रूप विशेष कर नवरात्र में पूजे जाते हैं। मां सभी का कल्याण करने वाली है। इस अवसर पर कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी, अर्चना रानी, संदीपा चौहान, कविता अग्रवाल, मनु चौहान, अनीता वर्मा, भूमिका भारद्वाज, ललित बाला, पारुल चौहान, सोनम शर्मा, सीमा चौहान, निशि रस्तोगी, नीतू चौहान, प्रीति शर्मा, निर्मल चौहान, तुलसी जोशी, उर्मिला भारद्वाज, प्रियंका, संगीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# दिशा के विद्यार्थियों की इंडस्ट्रियल विजट

## पंतजलि इंडस्ट्री में उत्पादन प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पंतजलि इंडस्ट्री, हरिद्वार का दौरा किया। इस इंडस्ट्रियल विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योगों में होने वाली उत्पादन प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

इस दौरान छात्रों को इंडस्ट्री की यूनिट्स का भ्रमण कराया गया, जिनमें सेंट्रल लैब, पैकेजिंग यूनिट, प्रिंटिंग यूनिट, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, वेयरहाउस तथा दंतकांति यूनिट शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने इन सभी यूनिट्स में कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा।

छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने भी छात्रों को उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ।

संस्थान के अध्यापक डॉ. समीर अहमद, नाजिश, प्रभात कुमार एवं रश्मि शर्मा आदि इस भ्रमण में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें औद्योगिक क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया।

संस्थान प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ती है और वे अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



## महिला को जिंदा जलाने की साजिश

### कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। विवाहिता ने ससुराल वालों पर उसे ज़िंदा जलाने की साजिश रचने और पति द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुनीता कुमारी की शादी 21 फरवरी, 2025 को ग्राम सदुल्लाखानपुर निवासी जोगेंद्र सिंह से हुई थी। सुनीता के अनुसार उसके भाई ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था, जिसके लिए उसने बैंक और सोसाइटी से लोन भी लिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने दो लाख रुपए नकद की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी और उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सुनीता ने बताया कि उसके पति जोगेंद्र सिंह, ससुर अमर सिंह, सास उर्मिला और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसे ज़िंदा जलाकर मारने की योजना बनाई थी। इसकी भनक लगने पर सुनीता ने पूरी रात घर के बाहर बैठकर जान बचाई। आरोप है कि पति जोगेंद्र सिंह ने सुनीता को धमकी दी है कि उसने उनके निजी पलों का अश्लील वीडियो बना लिया है और यदि मांग पूरी नहीं हुई, तो वह वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता का आरोप है कि दबंग ससुराल पक्ष पुलिस प्रशासन को अपनी कठपुतली समझता है और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले भी 10 जनवरी को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ससुराल पक्ष का कहना है कि वे ज़मीन बेचकर प्रशासन को अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। सुनीता ने चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह आत्महत्या कर लेगी। जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### रैंक होल्डर विद्यार्थी सम्मानित




**धामपुर।** परी स्कूल एवं धामपुर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मां दुर्गा स्तुति पर भी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न वर्गों के रैंक होल्डर विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। पंकज, पुलकित, मोहित तथा शिक्षिकाओं में कंचन, इशा, रविता, जैनब, वंदना, खनक, अमित, नसरीन, सुरभि, रीना, अनीता, प्रियंका, आंचल, प्रिया, प्रतिभा, तरन्नुम, फरिया एवं आदिल का सहयोग प्रदान रहा।

# घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नूरपुर।** घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टंडेरा निवासी अक्शा पत्नी आफताब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक हफ्ते पहले उसका देवर अरमान ग्राम के ही निवासी युवक की बारात में नन्हेड़ा गया था। जहां पर ग्राम के ही निवासी मोनिश पुत्र अलाउद्दीन से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। महिला का आरोप है कि बारात से घर वापस लौटने पर मोनिश, मुकीम, साजिद व सोनी पुत्रगण अलाउद्दीन ने अपनी मां परवीन के साथ उसके घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से उसकी ननद अर्शी परवीन पर हमला कर दिया। हमले में अर्शी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला का आरोप है कि मोनिश ने उसकी ननद अर्शी परवीन के साथ गाली-गलौच के साथ अश्लील हरकतें की है। उसकी फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरोध कार्रवाई करने की गुहार की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत एक ही परिवार के पांच लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# 700 मीटर विद्युत केबिल गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** मरम्मत के लिए उतारी गई 11 केवी विद्युत केबिल गायब हो गई है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अवर अभियंता की लिखित शिकायत के आधार पर की गई है।

33/11 केवी उपकेंद्र बढ़ापुर पर तैनात अवर अभियंता शाजिम हसन ने अपनी तहरीर में बताया कि कस्बे के मौहल्ला नौमी स्थित कल्लर वाली मस्जिद से मौहल्ला इकबाल. पुरा तक लगे 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों को जोड़ने वाली लगभग 700 मीटर लंबी 11 केवी केबिल को मरम्मत के लिए उतारा गया था। यह कार्य ठेकेदार अमरीक सिंह करा रहे थे।

मरम्मत के बाद केबिल को कार्य कर रही लेबर द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ग्राम बासोवाला स्थित एक मकान में रखा गया था, जहां लेबर निवास कर रही थी। 24 मार्च को जब ठेकेदार अमरीक सिंह सामग्री लेने मौके पर पहुंचे, तो केबिल गायब मिली और लेबर के सदस्य भी वहां मौजूद नहीं थे।

आसपास के लोगों और मकान मालिक से मिली जानकारी के अनुसार, लेबर सदस्य 24 मार्च की सुबह लगभग 4 बजे उक्त सामग्री वाहन में भरकर ले गए। तहरीर में अमरोहा जनपद के ग्राम तसिया मिलक निवासी सोनू, शिवम और राहुल को नामजद किया गया है। इसमें कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के भी शामिल होने की बात कही गई है।

इस संबंध में बढ़ापुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



### तीन नामजद समेत अन्य की जांच शुरू

## युवकों के साथ मारपीट के मामले में छः आरोपियों को जेल भेजा

**नांगल सोती।** गांव कमराजपुर में दो युवकों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने छः आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुमित कुमार के साथ गांव के ही मौहम्मद नईम के साथ कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। सुमित कुमार अपने ताऊ के लड़के शिवम के साथ गांव तिसोतरा जा रहा था। इसी दौरान नईम ने अपने साथियों के साथ सुमित और शिवम के साथ मारपीट कर डाली। सुमित के भाई अमित कुमार की तहरीर पर नांगल पुलिस ने छः नामजद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मौहम्मद नईम अहमद, मौहम्मद आमिर, साजिद, मौहम्मद अमजद, वाजिद और अरशद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया, जहां से कोर्ट ने इन्हें जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है। किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है।

# मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

### हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम झाड़पुरा में मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह और आरक्षी अंजू ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया।

अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर जागरूक किया। उन्हें मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली परेशानियां, अश्लील मैसेज भेजने और छेड़छाड़ जैसी शिकायतों से निपटने के तरीके बताए गए।

इस अवसर पर साइबर अपराधों से बचाव और उनके घटित होने के बाद की कानूनी कार्यवाही के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को भी सुना गया।



### पालकी का फूलों से स्वागत



**बिजनौर।** श्री शिरडी साईं साधना संस्थान शंभा बाजार में राम मंदिर का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रात: बाबा का स्नान कर पालकी निकाली गई। विभिन्न स्थानों पर पालकी का स्वागत फूलों से किया गया। नई बस्ती दुष्यंत कुमार शर्मा के यहां आरती कर पालकी का स्वागत किया गया। इस दौरान कढ़ी-चावल का प्रसाद भी वितरण कर किया गया। पालकी यात्रा में अरुण कुमार खन्ना, नीरज तुली, राजेंद्र, गौतम, उमा, कुसुम लता, ऊषा, योगिता शर्मा आदि ने पालकी उठाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचकर बाबा की आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया।

# गुन्नौर में सिविल जज की तैनाती शीघ्र: न्यायमूर्ति अरूण देशवाल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पर्व पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर के नवीन न्यायालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

रामनवमी के अवसर पर सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय गुन्नौर के नवीन भवन का उद्घाटन करने पहुंचे। वहां न्यायमूर्ति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सम्भल के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल एवं जिला जज डा. विदुषी सिंह पहुंची। इससे पूर्व दीपक कुमार जायसवाल सीजेएम, प्रदीप कुमार एम ए सिटी , आरती फौजदार एडीजे फर्स्ट, रागिनी एडीजे सेकंड, अवधेश कुमार सिंह एडीजे थर्ड, दिव्या चंडालिया ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, दिव्या गर्ग सिविल जज जूनियर डिवीजन, पराग यादव सिविल जज सीनियर डिवीजन, आदित्य सिंह सीनियर डिवीजन, नावेद अख्तर एसीजेएम, ललित कुमार सिविल जज जूनियर डिवीजन ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल एवं जिलाजज डा. विदुषी सिंह का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान वैदिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ पंडित श्याम विहारी ने शंख बजाया और उसी समय प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने फीता काटा। इस दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने नवीन न्यायालय भवन को देखकर कार्य की प्रशंसा की। इसके साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गुन्नौर अमरेश तिवारी को धन्यवाद दिया। जबकि उन्होंने गुन्नौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और महासचिव सुरेश यादव के अलावा नगर पंचायत कर्मियों का भी सहयोग भरपूर दिए जाने की बात कही। वही न्यायमूर्ति श्री देशवाल ने कहा कि शीघ्र ही गुन्नौर में सिविल जज जूनियर डिवीजन की तैनाती हो जाएगी। जन मानस और अधिवक्तागणों के हित को ध्यान रखते हुए उनके सहयोग की हमें आवश्यकता है। वह न्याय की मुख्य धुरी हैं। इस मौके पर अब्दुल सलीम, नाजिम अली, श्रीकृष्ण भारद्वाज, भगवान सिंह, मोहित यादव, वीरेश यादव,दीपक दीक्षित, निखिल यादव, चंद्रभान सिंह पाल, योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



बबराला- गुन्नौर में सिविल जज जू. डि. भवन का फीता काटकर उद्घाटन करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति।

## कैसा रहेगा परीक्षा का परिणाम

# परीक्षार्थियों को अब भविष्य की चिंता

मुजफ्फर हुसैन

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इन्टर मीडिएट की परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों को भविष्य की चिंता सताने लगी है। पूरे वर्ष हाड तोड़ मेहनत करने के बाद अब परीक्षाफल की चिंता को लेकर छात्र भयभीत हैं, लेकिन कुछ छात्र कतई चिंतित नही है। क्योंकि परीक्षा में उन्होने शत-प्रतिशत योगदान दिया है।

पहले एग्ज़ाम फोबिया ने बच्चों की नींद हराम कर दी थी, परीक्षा को लेकर तैयारियों में जुटे छात्रों को चिंताओं ने घेर लिया था। दिन रात कड़ी मेहनत कर उत्कृष्ट अंक पाने के लिए जी जान एक कर दी। समय आया परीक्षा देने का तो बेहतर परीक्षा अंक को लेकर चिंताओं ने घेर लिया। कुछ विषयों के परीक्षा अंक तो ठीकठाक रहे, लेकिन कई विषय ऐसे थे जिसको लेकर छात्र-छात्राओं को काफी माथा पच्ची करनी पड़ी। किसी तरह एग्ज़ाम फोबिया से बच्चों को निजात मिली। अब बेहतर परीक्षा अंक आने को लेकर छात्र दुविधा में है। जैसे-जैसे परीक्षाफल घोषित होने का समय नज़दीक आ रहा है,वैसे-वैसे उनकी घबराहट और बढ़ती जा रही है। बच्चे चिंतित हैं कि उन्हें पूरे अंक मिल सकते हैं अथवा नही क्योंकि कॉपियों का मूल्यांकन कर रहे शिक्षक भीष्ण इस गर्मी में आनन-फानन में कॉपियां जांच रहे होंगे। लेकिन शुरू से ही मेधावी छात्र-छात्रायें इसको लेकर बिल्कुल र्भी चिंतित नही है। उनका कहना है कि उन्होने अपनी ओर से काफी मेहनत की है और ऊपर वाले पर पूरा भरोसा है। उनके साथ नाइंसाफी नही होगी। बहरहाल जब तक परीक्षाफल घोषित नही हो जाता छात्रों को चिंताएं सताती रहेगी। फिलहाल छात्र-छात्राओं को अब इंतेज़ार है तो बस परीक्षाफल घोषित होने का।

**○कोई मांग रहा दुआओं तो किसी ने बोली मन्नत**

## अभिभावकों को ज़िम्मेदार ठहराने के कानून पर नहीं कोई अमल, किसी को रौंदकर हो जाते हैं फरार

# नाबालिग छीन रहे जिन्दगियाँ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सड़क पर चलने वाले लोगों की ज़िन्दगियां नाबालिगों के हाथो में हो गई है। धनाढ़य घरों के नाबालिग बाइक से स्टंट दिखाकर किसी ने किसी को रौंदकर फरार हो जाते है। पुलिस एवं परिवहन विभाग की और से बाइक दौड़ते फिर रहे नाबालिगों और उनके अभिभावकों के खिलाफ कोई कार्रवाइ नही कर रहे हैं।

सड़क पर अक्सर नाबालिग तेज़ गति में बाइक चलाते दिखायी दे जाते है। धनवान परिवारों के नाबालिग बच्चों के हाथो में बाइक की गति इतनी अधिक होती है कि हवा की तरह आते हैं और झोंखों की तरह गुम हो जाते हैं। अत्याधिक तेज़ गति के साथ बाइक चलाकर गुज़रने वाले बिगड़ेल रईस परिवारों के यह नाबालिगों से सड़क पर चलने वाले लोग खुद ही सुरक्षित रहने के लिए रास्ता छोड़ देते हैं अन्यथा उन्हे गम्भीर रूप से घायल होने का दंड भुगतना पड़ता है। केन्द्र सरकार की और से नाबालिग के बाइक चलाने पर अभिभावक को ज़िम्मेदार ठहराने का कानून बना दिया गया है,लेकिन इसके तहत कोई कार्रवाई नही की गइ। जिससे नाबालिगों के हाथो से स्टेयरिंग नही लिया जा रहा हैं सड़कों पर स्टंट दिखाते बाइक चला रहे नाबालिग हाथों से कोई न कोई राहगीर शिकार होकर ज़िन्दगी और मौत से जूझ रहा है,परन्तु पुलिस और परिवहन विभाग तेज़ी में बाइक चलाकर ज़िन्दगियों से खेल रहे नाबालिग और उनके अभिभावकों पर कोई अंकुश नही लगा रहे हैं।

## परिवहन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्टंट कर लोगों की ज़िन्दगियों के लिए खतरा बन रहे नाबालिगों पर परिवहन विभाग का भी कोई शिकंजा नहीं है। परिवहन विभाग की उदासीनता ओर उपेक्षा से ही नाबालिग स्टंट कर कोई ने कोई र्दुघटना को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं।

# सम्भल प्रशासन को लगा उच्च न्यायालय से बड़ा झटका

**○ शाही जामा मस्जिद के निकट कब्रिस्तान की भूमि को लेकर नोटिस कार्रवाई पर लगाई रोक यथा स्थिति बनाने के दिए आदेश, मामले की सुनवाई को 06 मई की तिथि नियत, हाईकोर्ट का आदेश अत्यंत महत्वपूर्ण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राजस्व प्रशासन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शाही जामा मस्जिद के निकट स्थित कब्रिस्तान की नॉन जेड ए की भूमि को लेकर नोटिस कार्रवाई पर रोक लगाकर यथा स्थिति बनाये रखने का आदेश दिया है।

बता दें कि 24 नवम्बर हिंसा के बाद जिले में ग्राम समाज की भूमि को खाली कराने अथवा उस पर बने मजार और मदरसों व मस्जिदों को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने को लेकर भूचाल सा आया हुआ है। इसी कृम में जिला प्रशासन की नजर शाही जामा मस्जिद के निकट स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर पड़ी थी। जिस पर समुदाय विशेष के आवास बने हुए है। जिन्हे बिना किसी आदेश के आबादी के रूप में दर्ज कर दिया गया जबकि राजस्व अभिलेखो में सम्बंधित भूमि खातेदार के रूप में कब्रिस्तान दर्ज है। लेकिन तहसीलदार ने याची अली अशरफ समेत कई को 01.01.2026 को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर विवादित भूमि पर उसके कब्ज़े के सम्बंध में कारण बताओ और अपने मामले के सर्मथन में सबूत दाखिल करने के निर्देश देकर उसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई गयी थी। तहसीलदार के नोटिस को इलाहाबद उच्च न्यायालय में चुनौति दी गई। मामले में उच्च न्यायालय की एकल पीठ में न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम के समक्ष सुनवायी की गई। जिस पर याचिका कर्ता के अधिवक्ता ने अपना तर्क रखते हुए नोटिस का विरोध किया और तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि विवाितद भूमि नॉन जैड ए श्रेणी की है। जिस पर उत्तर प्रदेश टेनेंसी अधिनियम 19391939 लागू नहीं होते है। जबकि प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत की जा रही है जो इस भूमि पर लागू नहीं होते हैं। इसके अलावा नोटिस की वैद्यता को इस आधार पर भी चुनौति दी गई थी कि यह न्यायालय के आदेश दिनांक 31 दिसम्बर 2025 के आदेश का उल्लंघन है,क्योंकि उस आदेश में निर्देश दिया गया था कि किसी प्रकार का सर्वेक्षण कार्यवाही सम्बंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद ही की जाये, मग उक्त आदेश की अवहेलना करते हुए अगले ही दिन विवादित नोटिस जारी कर दिया गया गिा। याचिका कर्ता और उसके समुदाय के अन्य 17 लोगों ने उक्त भूमि पर दीघकालीन, शांतिपूर्ण एवं स्थापित कब्ज़ा है जहां आवासीय निर्माण भी मौजूद हैं इन हालातों में विधिक प्रक्रिया का पालन किए बिना केवल प्रशासनिक आदेश के आधार पर बेदखली की कार्यवाही नहीं की जा सकती है। मामले में जामा मस्लिद के निकट स्थित कब्रिस्तान से सम्बंधित कल्कि सेना द्वारा की गई शिकायत के आधार पर प्रशासन की ओर से भूमि के सीमांकन ओर जांच कार्यवाही प्रारम्भ करने का आरोप लगाया गया। मामले में सुनवायी करते हुए एकल पीठ ने प्रकरण को विचारणीय मानते हुए राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर प्रत्युत्तर शपथपत्र पेश कर विवादित नोटिस किस विधिक प्रावधान के अर्न्तगत जारी किया गया है स्पष्ट करने के निर्देश दिए है। जबकि तहसीलदार के एक जनवरी 2026 को दिये गए नोटिस पर रोक लगाकर दोनों पक्षों को यथा स्थितत बनाये रखने के आदेश भी दिए गए है। मामले की सुनवायी के लिए 06 मई 2026 की तिथि नियत की गयी है।

## बाजार में जगह-जगह खड़ी बाइकों से निकलना दूभर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्य बाज़ार मे दुकानों के आगे बाइकों खड़ी कर देने से रास्ता संकुचित हो जाता है। जबकि इन मार्गो से आवागमन भी दूभर हो जाता है। यह हाल कोतवाली के निकट स्थित दुकानों के आमने-सामने है। जिसके चलते जाम की स्थिति भी बनती है और अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार दुकानदारों को चेताया गया लेकिन असर नहीं होता।

# यज्ञ साधना से प्रसन्न होकर नवनिधि प्रदान करती है मां सिद्धिधात्री: श्रीमाली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं राधोश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित
श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत माँदुर्गा स्तवन की 92 बीं कडी के नवें दिन एक सौ आठ साधक साधिकाओ द्वारा माँदुर्गा के नवें स्वरुप माता सिद्विधात्री को नौ वर्ष की कन्या का पूजन कर दो लाख इक्यावन हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय होने की प्रार्थना की। पंजु सराय स्थित दुर्गा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की नवरात्रि महापर्व मे नौ दिन रात उपवास. जाप आरती वंदना यज्ञ महायज्ञ भोग प्रसाद ज्योति जागरण कलश स्थापना कन्या पूजन बालभोग आदि सत्कर्मो के तत्काल फल प्रदान करती हैं माँ सिद्वधात्री उन्होंने कहा माता सिद्विधात्री कमलासन में शेरो के रथ पर सवार होकर भक्तजनो को दर्शन देती है। माता सिद्विधात्री आदि शक्ति माता दुर्गा का नवम स्वरुप व बृह्म की नौवी महा विध्या है। इस दौरान रितिक मोहन श्रीमाली डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन नरेश सैनी ज्वालेश श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किसन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता के अलावा महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी राजकपूर आदि मौजूद रहे।

## बूंदा-बांदी और हवा चलने से तापमान में गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।**बूंदा-बांदी और हवा से धूप की तपिश कम हुई वहीं तापमान भी गिरा है। शुक्रवार को बूंदा-बांदी हुई इसी के साथ हवा भी चली। हवा और बारिश से जहां धूप की तपिश काफी कम हो गई। वहीं तापमान में भी काफी गिरावट हुई।

## एक नज़र इधर भी

### रामनवमी पर बच्चों को मिले गिफ्ट

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** समय के साथ बदलाव प्रकृति का नियम है, पिछले कुछ वर्षो से नवरात्र के अवसर कन्या भोज पर दान-दक्षिणा का स्वरूप बदला है, कन्या पूजन के बाद बच्चों को चॉकलेट व चिप्स के गिफ्ट पैक दिए गए। बाजारों में कन्फेक्शनरी दुकानों पर चिप्स, बिस्किट और अन्य सामान की पोटली बनाई गयी थी। जो कन्याओं को भोज के बाद उपहार में दी गयीं। दुकान संचालक सतीश ने बताया कि लोग अपने बजट और पसंद के अनुसार गिफ्ट पैक तैयार कराये थे। इसमें चिप्स, बिस्किट, टॉफी, कोल्ड ड्रिंक और अन्य सामान की पोटली बनवा रहे थे।लोगों ने पहले आड़र दिए थे उन्होंने बताया कि यह पैकेट 50 से 200 रुपये तक में तैयार होते हैं। नवमी पर कन्या पूजन करने वाले लोग इस तरह के पैकेट के ऑर्डर दे रहे थे। इसके अलावा ग्राहक अपनी पसंद से सामान रखवा कर अपने अपने बजट के अनुसार गिफ्ट पैक करा रहे हैं। ग्राहक सुरेश शर्मा, दुर्गेश, प्रियंका शर्मा, संगीता ने बताया कि पहले नकदी दी जाती थी अब स्वरूप में बदलाव करते हुए गिफ्ट पैक देना यह एक अच्छा अवसर है। जब वह अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं और कन्याओं को खुश कर सकते हैं।

### भगवान श्रीराम का जन्मदिन है रामनवमी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** हिंदू धर्म में राम नवमी का पर्व बेहद ही पारंपरिक तरीके और धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीराम का पूजा-अर्चना होती है। इस साल यह पर्व 2 दिन मनाई। पण्डित सत्यम मिश्रा ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन भगवान श्री राम का इस पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इस दिन भगवान राम के भक्त भजन-कीर्तन, स्नान और दान-पुण्य करते हैं। साथ ही अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाता है। इस दिन यदि आम लोग भी घर में सही तरीके से पूजा और कुछ खास कार्य करते हैं, तो इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि का संचार होता है। इतना ही नहीं राम नवमी का दिन बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस पावन अवसर पर यदि कोई नए कार्य की शुरुआत करेंगे, तो खूब तरक्की होती है। इसके पीछे धार्मिक और ज्योतिष दोनों वजहें हैं। पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने कहा कि राम नवमी, भगवान राम के जन्म का दिन है। भगवान राम को धर्म, सत्य और संतुलन का प्रतीक माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन कोई नया काम शुरू करने से व्यक्ति को भगवान श्री राम के गुणों की ऊर्जा मिलती है, जिससे वह किसी भी कार्य को ईमानदारी और सही उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाता है। धार्मिक महत्व के अलावा ज्योतिष गणना के मुताबिक भी किसी भी कार्य को शुरू करने के लिए राम नवमी का दिन बेहद शुभ माना गया है।

### मां चामुण्डा देवी के विशाल जागरण का भव्य आयोजन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** थाना हयातनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत वरबाली मढिया में मां चामुण्डा देवी के विशाल जागरण का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें दूर-दराज के गांवों से श्रृद्वालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरी रात श्रृद्वालु भक्ति रस में डूबे रहे और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जागरण स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया,जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं विधायक डीपी यादव तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमला यादव मौजूद रहीं। उन्होंने मां चामुण्डा देवी के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्वि और शांति की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और संस्कृति एकता को बढ़ावा मिलता है। जागरण में आए प्रसिद्व भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए,जिन पर श्रृद्वालु देर रात तक झूमते रहे। आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं आबादी के बीच टावर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शहर के करीब आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें घनी आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भी ऐसे क्षेत्रों में विभिन्न प्राईवेट कम्पनियों के टावर खड़े हैं। जो कभी भी जान लेवा साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इनसे निकलने वाली अदृश्य किरणे भी स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं।

आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर अलग-अलग मोबाइल कम्पनियों के हैं। सम्बंधित विभाग भले ही चाहे भूमि स्वामी की रज़ामंदी और टावर आने की फीस जमा करने का हवाला देकर अपना दामन छुड़ाना चाहें, लेकिन वह इस बात को कतई नज़र अंदाज़ नही कर सकते कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। जहां तक शासनादेश की बात है तो कम्पनियां टावर लगाने के सभी मानक पूरे करने के बाद ही टावर लगाने में कामयाब हुई होगी, लेकिन इस सच्चाई को फिर भी नही झुठलाया जा सकता कि भूकम्प आदि आने से जब बड़े-बड़े पहाड़ धराशायी हो जाते हैं, तो ऐसे में इन टावरों का क्या वुजूद। इसके साथ ही इन टावरों से निकलने वाली किरणे भी हानिकारक बताई जाती हैं। जिनका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

### ऑटो चालक की मौत के मामले में केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई ऑटो चालक की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। करीब छह महीने पहले अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मारी थी। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से इटावा निवासीस नेहा ने बताया कि वह अपने पति बालिस्टर के साथ चोटपुर कॉलोनी में रहती थी। लखनावली मोड़ पर अज्ञात वाहन ने 15 सितंबर की रात बालिस्टर के ऑटो में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल ऑटो चालक को पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद इटावा के एक अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर इटावा से सैफई ले जाते समय रास्ते में 18 सितंबर को ऑटो चालक बालिस्टर की मौत हो गई थी। पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के बाद वह आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंची थी।

# छत से गिरकर बालक का पांव टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पतंग उड़ाते समय बच्चा छत से गिर गया। जिससे उसके पैर फ्रैक्चर हो गया।परिजन आनन फानन में उसको लेकर गुन्नौर अस्पताल पहुंचे।

गुरुवार को नगर गुन्नौर के आस मोहम्मद (6) पुत्र शरीफ निवासी गुन्नौर मोहल्ला फजल पतंग उड़ाते समय छत से नीचे गिर गया। जिससे बच्चे के पैर में फ्रैक्चर हो गया। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए। जहां डाक्टर ने पैर में फ्रैक्चर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पतंग उड़ाने का शौक बच्चों व उनके परिजनों को महंगा पड़ रहा है। बच्चे इस समय पतंगबाजी कर रहे हैं। परिजनों की निगाह बचते ही अपनी छत या अपने किसी दोस्त की छत पर जाकर पतंग उड़ाते हैं।पतंग उड़ाने के चक्कर में उनको यह धयान नहीं रहता कब उनका पर छठ से नीचे आ गया और वह घायल हो जाते हैं। परिजनों का कहना है कि बच्चों को काफी नजर रखकर देखा जा रहा है लेकिन नजर बचते ही वह पतंग उड़ाने या पतंग काटने पर उसे लूटने के चक्कर में ऊपर से गिर जाते हैं। जिससे ऐसी हादसे हो रही हैं।

**○पतंग उड़ाते हुआ हादसा,हायर सेंटर किया गया रैफर**

## जमकर दौड़ रहे गैस किट लगे वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गैस किट लगे वाहन मासूम बच्चों के लिए खतरा-ए-जान बनने की संभावना बनी हुई है,लेकिन प्रशासन की इन वाहनों के खिलाफ नज़र तनिक भी टेंढ़ी नही है। भीषण गर्मी के प्रकोप चलते अग्निकांड की घटनाएं आम होती जा रही हैं। क्षेत्र में अब तक लाखों गेंहू और ईख की लाखों की फसल स्वाहा होने के मामले सामने आ चुके हैं, अब जबकि गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है तो अग्निकांड भी बढ़ने की पूरी सम्भावना है,लेकिन अग्निशमन विभाग ओर प्रशासन का आग लगने के मुख्य कारणों की और कोई ध्यान नही दे रहे हैं। विद्यालयों को ही लिया जाये तो सस्ते वाहनों का सहारा लेकर गैस किट से संचालित वाहनों द्वारा बच्चों को लाने ले जाने के लिए अनुबंध कर लिया जाता है, जो मासूमों के लिए खतरा-ए-जान बने सकते हैं।

# शेरवुड में मेधावियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

**○श्रीशिव पुराण कथा में भक्तों को कराया कथा के महत्व का श्रवण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर ने विद्यालय की प्रगति और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। जबकि मेधावियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया साथ ही शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

आर्य समाज स्टेट बैंक के निकट स्थित स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। प्ले से लेकर यूकेजी वर्ग में मोहम्मद रैयान (एलकेजी) 'लिटिल स्टार टॉपर' बने। वहीं कक्षा 1 से 8 तक में जैनब मुख्तार (कक्षा 1) 'सीनियर टॉपर' रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों और छात्रें की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इसी के साथ शिक्षिकाओं को भी उनके उत्कृष्ट प्रर्दशन और कार्य के लिए विद्यालय की टॉपर शिक्षिका फरहा खान, प्रथम अरीबा और द्वितीय बागीशा रस्तोगी और तृतीय रेहनुमा सिददीकी रही। इस मौके पर सकूल की मेनेजर अर्शी खानम ने भी बच्चों को पुरस्कार देकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।



सम्भल- शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल में पुरस्कृत मेधावी छात्र।

# मेनहत अनुशासन और निरंतर प्रयास सफलता की कुंजी: कलीम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षाफल समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं और बाल दिवस पर खेलकूद में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में विद्यालय के शैक्षिक सत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि बाल दिवस पर हुए खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विजयी हासिल करने वाले छात्र-छात्राओ को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक कलीम अशरफ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मेनहत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है जबकि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान समारोह में अभिभावकों की मौजूदगी ने जहां कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बनाया वहीं शिक्षकों और अन्य वक्ताओं के सम्बोधन से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का संचालन नाजिश शाह,फरहत जहां, फेहमीना बुशरा ने यादगार संचालन किया वहीं कोआर्डिनेटर मो. तारिक व मुगीस अशरफ ने सभी का आभार जताया।



सम्भल-सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल के सम्मानित मेधावी छात्र-छात्रायें

# विश्व कल्याण की कामना के साथ आहूतियाँ अर्पित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गायत्री शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन हो गया। इस कार्यक्रम में 24 हजार गायत्री मंत्रों के महापुरश्चरण के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ की पूर्णाहुति और विधि-विधान से कन्या पूजन किया गया। समापन समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विश्वकल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। बड़ी संख्या में श्रृद्वालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। परिव्राजक अखिलेश विश्वकर्मा ने बताया कि नवरात्रि के दौरान साधकों ने अनुशासन और श्रृद्वा के साथ अखंड जप में भाग लिया। नौ दिनों तक चले इस अनुष्ठान में साधकों ने प्रतिदिन 30 माला जप कर कुल 24 हजार गायत्री मंत्रों का महापुरश्चरण पूर्ण किया उन्होंने आगे बताया कि यह साधना केवल जप तक सीमित नहीं रही बल्कि साधकों ने संयम सात्विकता और अनुशासित जीवनशैली को भी अपनाया अनुष्ठान के दौरान साधाकों ने उपवास भूमिशयन और इंद्रिय संयम का पालन करते हुए सात्विक जीवनचर्या अपनाई पूरे शक्तिपीठ परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्ति भाव ने वातावरण को आध्यात्मिक बनाए रखा समापन पर विधिपूर्वक कन्या पूजन कर कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरित किया गया इसके बाद साधकों ने विधिवत व्रत का पारण किया कार्यक्रम के दौरान कई श्रृद्वालुओं का दीक्षा संस्कार भी संपन्न हुआ जिसमें उन्हें आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया इस अवसर पर रवेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष हर्षवधन वार्ष्णेय नरेंद्र राघव पप्पू यादव राजा गुप्ता राकेश गुप्ता विजय यादव अतुल वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रृद्वालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

**○24 हज़ार गायत्री मंत्रों के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ में दी गई पूर्णाहूति**

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# पोस्ट ऑफिस/पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी, बम स्क्वायड टीम ने चप्पा-चप्पा खंगाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब हेड पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल सामने आया। यह धमकी डाक विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजे गए मेल के जरिए मिली, जिसके बाद पूरे प्रशास. निक महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड में आ गया। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे पोस्ट ऑफिस परिसर और आसपास के क्षेत्रों को घेरकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। कई घंटों तक चली इस जांच में हर कोने को बारीकी



से खंगाला गया ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री का पता लगाया जा सके। हालांकि, लंबी तलाशी और जांच के बाद मौके से कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। इस बीच, इसी तरह की धमकी बरेली के पोस्ट ऑफिस और पासपोर्ट कार्यालय को भी मिलने की सूचना है। वहां भी स्थानीय प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, हालांकि वहां भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।पुलिस और साइबर सेल की टीमें अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुट गई हैं। ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति या समूह की पहचान करने के लिए तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है और मेल के सोर्स को ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि यह शरारती तत्वों की करतूत भी हो सकती है, लेकिन किसी भी तरह की लाप. रवाही नहीं बरती जा रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

## जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगूपुरा में जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। मामला 24 जनवरी का है क्षेत्र के गांव मंगूपुरा निवासी धनपाल पुत्र सुरेश ने गांव के ही चरण सिंह, कृष्णा, समाथल गांव के वीरेश और मंगूपुरा के सोनू, बबलू, राकेश, राजपाल आदि पर मुकदमा दर्ज कराया था कि उन्होंने उनके भाई जितेंद्र व रिश्ते के भतीजे मानसिंह, सुनील की बाइक रोककर आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला किया और जान से मारने की नियत से लोहे के सरिया से वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले की जांच की तो एक अन्य आरोपी भी प्रकाश में आया। पुलिस ने मंगूपुरा निवासी बिजनेश पुत्र अतर सिंह को भी गिरफ्तार करके इस मामले में जेल भेज दिया।

# राम गंगा तट पर मनाया गया श्री जन्म महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राम गंगा तट लालबाग स्थित स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में अजि पूर्वान्ह में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म (चैत्र शुक्ल नवमी) महोत्सव भव्यता के साथ मनया गया। आश्रम के मार्ग दर्शक मुन्ना गुरु जी एवं संयोजक आरए शर्मा नारद जी के सान्निध्य में सर्व प्रथम आश्रम में विराजित भगवान श्री राम का विधिवत दुग्ध दही घृत मधु एवं शकर निर्मित पंचामृत से अभिषेक कर नमन पूजन किया गया। नवीन वस्त्र अलंकार ग्रहण कराये गये तथा पुष्प माल्यार्पण से आच्छादित कर मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान का भाव पूर्ण स्तवन कर समूचे वातावरण को भक्तिमय हो कर रह गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे भक्तों ने आरती में प्रतिभाग कर पुण्यार्जन किया पं पुरुषोत्तम द्वारा सम्पन्न कराया गया - 103 वाँ विश्व शांति दैवीय यज्ञ (हवन) किया गया सम्पन्न। इसी पर्व श्रंखला में अपरान्ह में परपरागत दैवीय शक्ति पूजन के रूप में याज्ञिक पुरोहित द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य सहस्त आहुतियाँ दे कर दैवीय कृपा की प्रार्थना की गई। तथा पर्यावरण की शुद्धता सहित विश्व शांति हेतु प्रार्थना की गई। तत्पश्चात देवी स्वरूप कन्या पूजन के साथ भक्तों द्वारा आशीर्वाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रशाद ग्रहण किया गया अंत में आश्रम संयोजक आर०ए० शर्मा नारद द्वारा सबकी आभार अभिव्यक्त किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से मुन्ना गुरु जी, आर०ए० शर्मा नारद, नत्थु राम कश्यप, डा० संजीव आकांक्षी बाबा, कुलदीप गुप्ता, अमित शर्मा (राजू), राधव शर्मा, संजय चत्रा, प्रमोद रस्तोगी, आसुतोष शर्मा, मूल चंद कश्यप, पं० पुरुषोत्तम शर्मा, राम शर्मा, अजय त्रिवेदी, धन सिंह कश्यप, शुभ गुप्ता, राम प्रसाद कश्यप, तथा अन्य गण मान्य रहे।

## एक नजर

### एक दिवसीय मेला लरजिही शादी समारोह का आयोजन आज

**मुरादाबाद।** एक दिवसीय मेला लरजिही शादी समारोह 2025-26 का आयोजन म0प्र0 शादी और खेलकूद बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के गठन के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तहसील मजरकंदन में किया जाएगा। मेला लरजिही शादी समारोह 2025-26 में योग्य पीएचडी को शादी से जोड़ने, शादी पर ओवरेज और दहेजखोरी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की जाएगी। शादी पर चर्चा के लिए फुंट्रा, खाकफोर के विशेषज्ञ और शादी संस्थाओं के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। साथ ही तहसील की शादी संस्थाओं द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री भी की जाएगी। तहसील के सभी तु-इजाफरफुकों और नगर/क्षेत्र वासियों से अनुरोध है कि मेला लरजिही शादी समारोह 2025-26 में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हर्षोल्लाद शादी समारोह के आयोजन का हिस्सा बनें।

### ग्राम सरथल मेला ड्यूटी: उप निरीक्षक छाया बालियान ने सुनी महिलाओं की समस्याएं, हेल्पलाइन नंबरों से किया जागरूक

**बिलारी (मुरादाबाद)।** ग्राम सरथल में आयोजित मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।



इसी क्रम में ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक छाया बालियान ने मेला परिसर में पहुंचकर महिलाओं से वार्ता की, उनकी समस्याएँ सुनीं तथा समाधान का आश्वा. सन दिया। ड्यूटी के दौरान उप निरीक्षक छाया बालियान ने महिलाओं को 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में तैनात पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी। पुलिस की सक्रियता और संवेदनशीलता के कारण मेले में पहुंचे लोगों, विशेषकर महिलाओं, में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। उप निरीक्षक छाया बालियान ने बताया कि ऐसे आयोजनों में भीड़ के बीच महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अतिरिक्त सतर्क रहती है और हर संभव सहायता के लिए सदैव तैयार है।

### चौधरी ऋषिपाल के आवास पर पहुंचे राकेश टिकैत ने क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा



**कांठ (शाह टाइम्स)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत संभल से वापस आते हुए कुचावली में किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास पर पहुंचे और किसानो की समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए उनके समाधान पर बात की उन्होंने किसानो की बिजली पानी गन्ना आदि समस्याओं के बारे में जानकारी करते हुए समय-समय से किसानों से संपर्क कर उनके समाधान कराने का पदाधिकारी से आबाहन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन नोबहार सिंह दीपक चौधरी नकुल यादव अजय कुमार शक्ति सिंह रवि चौधरी कुलवंत सिंह सतीश सिंह निर्भय चौधरी आदि मौजूद रहे।

### कुंदरकी में भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ चैत्र नवरात्र, हवन-भंडारे के साथ हुआ समापन

**कुंदरकी।** शुक्रवार को नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चौत्र नवरात्र का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने मां चामुंडा मंदिर सहित अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवी के प्रति आस्था व्यक्त की। नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से कन्या पूजन किया। भक्तों ने नौ कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें भोजन कराया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही विधि-विधान से व्रत का पारण किया गया। इस अवसर पर चामुंडा देवी स्थल पर हवन एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी पुलिस ने कई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी असलम का कहना था की कुछ समय पहले उसकी गांव के सैफ अली पुत्र हनीफ से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी जिसे दोनों पक्षों के लोगों ने समझा बूझकर शांत कर दिया था। लेकिन सैफ तभी से उनसे रंजिश रखने लगा और 24 मार्च की रात्रि 9:00 बजे सैफ अली असिफ सरताज हाथों में लाठी डंडे सरिया लेकर उसके घर में घुस गए और गालियां देनी शुरू कर दी वह कमरे से बाहर आया तो उपरोक्त लोगों ने उसके भाई को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया जिससे उसके काफी चोट आई चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आते देखकर यह लोग मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## क्रिकेट मैच में बेंच की टीम ने बार को 9 रनों से हराकर जीत की हासिल, मैन ऑफ द मैच का अवार्ड हिमांशु खरे के नाम

**कांठ (शाह टाइम्स)।** बार और बेंच के बीच आज क्रिकेट का मैत्रीपूर्ण मैच डीएसएम डिग्री कॉलेज के मैदान में खेला गया जिसमें बार की टीम ने टॉस जीत कर बेंच की टीम को पहले खेलने का मौका दिया। इससे पहले मैच का फीता काटकर मुख्य अतिथि कुंबर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई ने शुभारंभ कराया। बेंच की टीम के कप्तान ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंबर सूर्य सेन सिंह रहे जबकि बार की कप्तानी तहसील बार के सचिव दीपक बिश्नोई को मिली। बेंच की टीम ने बल्लेबाजी शुरू करते हुए 8 विकेट खोकर 125 रनों का लक्ष्य बार की टीम के समक्ष रखा थोड़े विश्राम के बाद बेंच की टीम ने बल्लेबाजी शुरू की जिसमें जीशान ने 29 गेंद में 56 बनाकर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर कर दिया उन्होंने इस बीच 6 छक्के लगाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। लेकिन बेंच की टीम की फील्डिंग के सामने बार के बल्लेबाज इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और अंत में 9 विकेट खोकर टीम 116 रनों पर सिमट गई जिससे बेंच की टीम को 9 रनों से विजयी घोषित कर दिया गया। ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंबर सूर्य सेन सिंह की कप्तानी में उनके सहयोगी रोहित सुरजीत अमन विकास राहुल हिमांशु हरि हिमांशु तोमर दिनेश कुमार अंकित और गिरीश कुमार ने अच्छा प्रदर्शन किया। जबकि बार की टीम के कप्तान दीपक बिश्नोई की टीम में प्रदीप कुमार संजीव कुमार सुशील कुमार शुभम बिश्नोई भानु वैभव बिश्नोई इमरान खान जीशान खान मोहम्मद अजहरुद्दीन महबूब खान और बशारत ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह जीत के करीब पहुंचते पहुंचते रह गए। बेंच की टीम के हिमांशु खरे ने 36 रन बनाए और बोलिंग करते हुए चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट प्राप्त किए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड जीशान को दिया गया उन्होंने 29 गेंद में 56 रन बनाए जिसमें आठ छक्के



शामिल थे। शुभम बिश्नोई उर्फ मानु बेस्ट फील्डर रहे मैच की विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कमेंट्री की जिम्मेदारी सुधीर कुमार बिश्नोई द्वारा उठाई गई उनके सहयोग में डॉक्टर विनीत नैन विजयवीर सिंह और अमन प्रजापति ने अहम रोल अदा किया। अंपायर की जिम्मेदारी नवदीप शर्मा शेखर वर्मा गौरव बिश्नोई और मोहन ने उठाई। अतिथि के रूप में राजन बिश्नोई सचिन चौहान महेश गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि कुंबर सुरेंद्र सिंह द्वारा पुरस्कारों का वितरण कराया गया रनर टीम का पुरस्कार दीपक बिश्नोई को दिया गया जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर का पुरस्कार सुधीर बिश्नोई को मिला आयोजको ने पत्रकारों को भी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मैच के उपरांत न्यायाधीश कुंबर सूर्य सेन सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन बार-बार होते रहने चाहिए इससे आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है।

## गन्ना समिति में एजीएम की बैठक संपन्न किसानों ने रखे अपने-अपने सुझाव

कांठ (शाह टाइम्स) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज गन्ना समिति कांठ के परिसर में अध्यक्ष कुंबर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में





एजीएम की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में एजेंडा के अनुसार गन्ना समिति कांठ के वर्ष 2026-27 के बजट के प्रस्ताव तथा फार्म मशीनरी बैंक के अंतर्गत मिनी केन हार्वेस्टर एवं कृषि ड्रोन खरीदने पर प्रस्ताव पारित किए गए। साधारण सभा में उपस्थित संचालक संजय कुमार उधम सिंह तथा गौरव कुमार द्वारा डेलीगेट का ग्रुप बनाकर विकास कार्यों की गतिविधियों की जानकारी देने का सुझाव दिया गया तथा गोदाम पर गोदाम प्रभारी को निर्धारित दिवस पर उपस्थित रहकर खाद उर्वरक कीटनाशक वितरण करने तथा गोदाम पर उपलब्ध स्टाक की सूचना ग्रुप के माध्यम से देने का सुझाव रखा गया। अध्यक्ष द्वारा बकाया अंशदान का भुगतान करने तथा बैठक में प्रस्ताव पर अमल करने के निर्देश दिए गए चीनी मिल अगवानपुर स्योहारा तथा रानी नांगल द्वारा गन्ना बीज की उपलब्धता खाद उर्वरक तथा कृषि यंत्रों पर देय अनुदान की जानकारी दी गई। अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के आए सुझावों पर पूरी तरह से अमल होना चाहिए और इन प्रस्ताव को तैयार करके पास करा कर इनके द्वारा दिए गए सुझावों पर काम होना चाहिए। गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में डायरेक्टर डेलीगेट तथा किसान उपस्थित रहे।

# नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई द्वारा मुरादाबाद के सिद्ध स्थल माता मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन पावन नवरात्रि के उपलक्ष्य में श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद की माननीय सांसद रूचि वीरा जी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, आनंद मोहन गुप्ता, संजीव आकांक्षी, विशेष गुप्ता और कविता गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्था के अध्यक्ष/संस्थापक पुष्प यादव ने अपने संदेश में कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें सेवा, समर्पण और मानवता की भावना को और सशक्त करने की प्रेरणा देता है। पार्वती रसोई का उद्देश्य केवल भोजन वितरण ही नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार करना है।

कार्यक्रम में आदेश श्रीवास्तव, एस.एस. यादव, डॉ. बृजपाल सिंह यादव, राकेश जोहरी, अतुल सोती, आशुतोष त्यागी, संजय यादव, सुमित टंडन, राहुल शर्मा, आशीष यादव, विवेक शुक्ला, सुनीता अग्रवाल, योगेश भारती, अर्जुन सिंह, वरुण चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला सदस्यों में राजेश कुमार यादव, उषा यादव, निधि गुप्ता, सुषमा सिरोही, ज्योति त्यागी, सुनीता



सिंह, प्रीति गुप्ता आदि की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय वातावरण, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## 31 मार्च तक लगातार खुलेगा रजिस्ट्री कार्यालय

**चन्दौसी।** मार्च माह में उपनि. बंधक कार्यालय निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्त करने में पीछे चल रहा है। 26 मार्च 2026 तक कार्यालय मात्र 52 प्रतिशत लक्ष्य ही हासिल कर पाया है। 31 मार्च तक कार्यालय लगातार खुला रहेगा और रजिस्ट्री का कार्य जारी रहेगा। इसके तहत रजिस्ट्री ऑफिस प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा।

# गृहकलह से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव रामनगर कैथल में गृहकलह के चलते एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में शोक और सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका गौरी निवासी रायसत्ती चन्दौसी की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व पान सिंह निवासी रामनगर कैथल से हुई थी। बताया जाता है कि उसका पति शराब पीने का आदी था और आए दिन उसे परेशान करता था। पारिवारिक विवाद के चलते महिला मानसिक रूप से काफी तनाव में रहती थी। घटना के दिन भी विवाद के बाद गौरी ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। मृतका की एक बेटी भी है, जो अब मां के साए से वंचित हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पति पान सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# एलाइड एंड अप्लाइड साइंस में वरदान साबित होगी एआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तराखंड सरकार में मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. अजय आर्या ने उम्मीद जताई, एलाइड एंड अप्लाइड साइंस में एआई वरदान साबित होगी। परफेक्शन और एक्सीलेंस में इजाफा होगा। हालांकि मेडिकल साइंस और एलाइड साइंस एक-दूसरे के पूरक हैं, इसीलिए दोनों के डवलपमेंट में एक-दूसरे की भूमिका को नकारा भी नहीं जा सकता है। साथ ही उन्होंने आगाह किया, हमें एआई का प्रयोग सीमित मात्रा और सही तरीके से करना चाहिए। डॉ. आर्या ने स्टुडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा, कभी भी अपने आप को कमतर नहीं आंके। आपको यह जनाना है कि आप कौन है? आप क्या कर सकते हैं? आप अपने ज्ञान को कैसे व्यावहारिक रूप में प्रयोग कर सकते हैं। डॉ. आर्या तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थकेयर साइंसेज की ओर से फ्यूचर ऑफ इन्नोवेशन एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी- एफआईएसटी थीम पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फॉरेंसिक-2026 के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फॉरेंसिक का ऑडी में शंखनाद हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अजय आर्या के संग-संग एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, ग्लोबल रिसर्च एंड साइंटिफिक कोलाबोरेशन यूआईएच शंघाई के सीनियर डायरेक्टर डॉ. दिलीप कुमार, पायोनियर सेंटर ऑफ बायोसाइंसेज फॉर एडवांस ट्रेनिंग एंड रिसर्च- गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. मनीष कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थ केयर साइंसेज के प्रिंसिपल एंड कॉन्फ्रेंस चेयरपर्सन प्रो. नवनीत कुमार, एचओडीज- डॉ. रूचि कांत, श्री रवि कुमार, श्री अमित बिष्ट आदि



की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया, जबकि स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस सोवेनियर का विमा. चन भी किया। कॉन्फ्रेंस के चार टेक्निकल सत्रों में 80 ओरल रिसर्च पेपर्स, 34 पोस्टर्स प्रेजेंट किए गए। फॉरेंसिक विभाग के स्टुडेंट्स् की 06 टीमों- द ऐविडेंस इनिग. मास, फॉरेंसिक फैल्कॉन्स, द क्राइम सीन स्लूथस, ट्रेस टाइटंस, द साइलेंट विटनेस और द एनालिटिकल ऐसेस ने क्राइम सीन इंवेटिगेशन भी किया। समापन राष्ट्रगान के संग हुआ। एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर बोले, अपराध नियंत्रण के लिए हमें कन्विक्शन रेट को बढ़ाना होगा, ताकि जनता के बीच में न्याय प्रणाली पर भरोसा और मजबूत हो सके। उन्होंने साइबर क्राइम को वर्चुअल ड्रग बताते हुए कहा, इसे रोकने के लिए क्रिमिनल केसेज की इन्वेशटिगेशन में फॉरेंसिक एक्सपर्ट विजिट को अनिवार्य करना होगा। उन्होंने स्टुडेंट्स को अपने इनोवेटिव रिसर्च आइडियाज पर कार्य करते हुए उन्हें व्यावहारिक बनाने पर जोर दिया। साथ ही बोले, एलाइड हैल्थ एंड फॉरेंसिक के रिसर्चर्स और साइंटिस्ट के लिए इस तरह की कॉन्फ्रेंस वरदान हैं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोली, एआई और आधुनिक तकनीक के समन्वय से फॉरेंसिक साइंस को नए पंख दिए जा सकते हैं। साथ ही कन्विक्शन रेट को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने फॉरेंसिक साइंस में पीजी कोर्स के शुभारम्भ को टीएमयू के शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प की प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने टीएमयू के इन्क्यूबेशन सेंटर के बारे में भी विस्तार से चर्चा करते हुए युवा उद्यमियों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने त्वरित न्याय की वकालत करते हुए कहा, फॉरेंसिक की कानून व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रो. दीक्षित बोले, 1950 में कन्विक्शन रेट जहां केवल 35 प्रतिशत होता था, आज बढ़कर 90 प्रतिशत से ऊपर तक जा चुका है। यह सब फॉरेंसिक साइंस की ही देन है। प्रो. नवनीत कुमार बोले, एलाइड हैल्थसाइंस मेडिकल सेक्टर की बैकबॉन है। कॉन्फ्रेंस में ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, एसोसिएट डीन अकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. नीशीथ मिश्रा, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. पीके जैन, चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रो. एसके जैन, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, फिजियोथैरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, टीएमकॉन की प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह, फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव के संग-संग कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थकेयर साइंसेज की ओर से डॉ. अर्चना जैन, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. शिवसरन सिंह, आभा तिवारी, डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. रेनू चौधरी, श्रीमती प्रियंका सिंह, श्री बैजनाथ दास, सुश्री विवेचना, श्रीमती साक्षी बिष्ट, सुश्री अदिति त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन श्रीमती सौम्या त्रिपाठी ने किया।

# रोटरी क्लब की पहल: 'फेस्टिव फिएस्टा' में महिलाओं के हुनर को मिला मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी रॉयल्स द्वारा शुक्रवार को फेस्टिव फिएस्टा नाम से एक भव्य एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस आकर्षक प्रदर्शनी में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और हजारों की संख्या में पहुंचकर खरीदारी का आनंद लिया। इस एग्जीबिशन में ज्वेलरी, ट्रेंडिंग



क्लॉथ्स, पार्टी वियर आइटम, मसाले, ड्राई फ्रूट्स, होम डेकोर, किचन एसेसरीज, लेडीज सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अनेक प्रकार के स्टॉल लगाए गए। खास बात यह रही कि इन सभी स्टॉल्स का संचालन महिलाओं द्वारा किया गया, जो अपने घरों से कार्य करती हैं। इस पहल के माध्यम से उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और व्यापक पहचान बनाने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ। इस प्रदर्शनी में चंदौसी के अलावा बरेली, हल्द्वानी, रुद्रपुर, मेरठ एवं मुरादाबाद जैसे विभिन्न शहरों से भी प्रतिभागियों ने आकर अपने स्टॉल लगाए, जिससे कार्यक्रम का दायरा और भी विस्तृत हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, चंदौसी नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3100 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन अग्रवाल, आगामी गवर्नर काव्य सौरभ रस्तोगी ने फीता काटकर किया। इस अवसर क्लब सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन वन्दना अग्रवाल, क्लब सचिव रोटेरियन शिल्पी अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अपूर्व अग्रवाल एवं नैना अग्रवाल, पब्लिक इमेज चेयर रो. राहुल अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर निखिल अग्रवाल सहित क्लब के अनेक सदस्यों रो. सौरभ अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, विक्रम वार्ष्णेय, मोहित गुप्ता, निमित वार्ष्णेय, शोभित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, पराग अग्रवाल, सुनीत, आकांशा भार्गव, तनीषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, प्रियंका वार्ष्णेय, रितु वार्ष्णेय, ज्योति गुप्ता, महिमा अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, नैन्सी अग्रवाल, निष्ठा अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, वाणी अग्रवाल की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मो. शाबेद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मो. शाबेद के द्वारा गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शाहिद हुसैन पुत्र इवले हसन निवासी धर्मपुर आंगा कस्बा भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र सचिन अरोड़ा व पुत्रवधू श्रीमती मंजू अरोड़ा व पोता देवांश अरोड़ा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**सत्य प्रकाश अरोड़ा उर्फ ठाकुरदास पुत्र स्वर्गीय कालूराम निवासी J7 नवीन नगर एमडीए कॉलोनी तह. व जिला मुरादाबाद, हाल निवासी D81, टीडीआई सिटी सिविल लाइंस मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**

उत्तराधिकार वाद सं0 44 सन् 2026

**तारीख पेशी:** 15.04.2026

**मौ० सालिम बनाम शाईन आदि।**

मौ0 सालिम आयु लगभग 27 वर्ष पुत्र स्व. श्री कमरूद्दीन निवासी वारसी नगर, गली नं.-7, जामा मस्जिद, थाना मुगलपुरा, तह. व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. शाईन आयु लगभग 25 वर्ष, 2. कु. शाहनाज़ आयु लगभग 22 वर्ष पुत्रीगण स्व. श्री कमरूद्दीन निवासीगण वारसी नगर गली नम्बर-7, जामा मस्जिद, थाना मुगलपुरा, तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. **जनता आम-विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा मौ0 सालिम हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा मौ0 सालिम मुसबफा श्रीमती मुन्नी बेगम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.1,07,394/- हरगाह मुसम्मा मौ0 सालिम ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 15 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

## नवमी पर मनोकामना मंदिर में हुआ भव्य हवन, भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**मुरादाबाद।** शहर के रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में चौत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने मां दुर्गा के जयकारों के साथ आहुति अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति और परिवार के कल्याण की कामना की। "जय माता दी" के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।हवन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते नजर आए। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई भक्त परिवार सहित मंदिर पहुंचे और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर को फूलों और रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। सुरक्षा के लिहाज से भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। नवमी के इस पावन अवसर पर मनोकामना मंदिर में आयोजित हवन ने श्रद्धालुओं के मन में विशेष आस्था और उत्साह का संचार किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।



## छात्र परीक्षा विवाद में सहयोग के लिए कुलपति का जताया आभार

कांठ(शाह टाइम्स) बीए की परीक्षा के दौरान कृपाण को लेकर छात्र को परीक्षा से वंचित किए जाने के मामले में न्याय प्रिय कार्रवाई होने पर आज सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के कुलपति से मिला और उनका आभार व्यक्त किया। बतादे की कृपाण लेकर कॉलेज के स्टाफ ने छात्र को अंदर नहीं जाने दिया था जिसकी वजह से उसकी परीक्षा छूट गई थी सिख समाज ने इस बात के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू की और आखिर में कुलपति से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। कुलपति ने जांच टीम गठित करके कॉलेज में भेजी जहां सिख समाज के लोगों ने अपनी बात भी रखी बाद में कुल पति ने छात्र की परीक्षा कराए जाने के निर्देश जारी किए इसके बाद छात्र की छूटी परीक्षा भी संपन्न कराई गई और छात्र ने सुचारू रूप से अपनी परीक्षा दी सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल आज गुरुद्वारा सिंह साहब के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह के नेतृत्व में कुलपति से जाकर मिला और उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह सरदार मंजीत सिंह सरदार ताजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती



**बिलारी।** शुक्रवार को सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर श्रद्धापूर्वक उनका स्मरण करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि कलिंग युद्ध के बाद अशोक ने हिंसा का त्याग कर शांति, अहिंसा और मानवता का मार्ग अपनाया, जो आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता बनाए रखना ही सम्राट अशोक को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, रवि मौर्य, मनोज मौर्य, किशन लाल मौर्य, जद्दन, अरविंद सिंह, सुक्खी, नीरज मौर्य समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## साहसी महिला की सूझबूझ से पकड़ा गया बदमाश

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई गांव में मंगलवार रात डकैती की वारदात के दौरान महिला की सूझबूझ से बदमाशों की योजना आंशिक रूप से विफल हो गई। पशु खोलने की नीयत से पांच बदमाश घर में घुसे और गृहस्वामी हरपाल, उनकी पत्नी आशा व तीनों बच्चों को तमंचे की नोक पर बंधक बना लिया।

इस दौरान महिला आशा ने सूझबूझ दिखाते हुए टॉयलेट जाने का बहाना बनाया और अपनी चुनरी में मोबाइल छिपाकर बाहर निकली। बाहर आते ही उसने जोर-जोर से शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग जाग गए। शोर सुनते ही बदमाशों में भगदड़ मच गई। आशा ने बताया कि जिसने उसे कवर कर रखा था, वह भागने लगा। निडर महिला ने उसे डंडे से भी वार किया। भागने के दौरान चार बदमाश दीवार कूदकर फरार हो गए, जबकि एक बदमाश दीवार से खूंटे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश घर से सोने-चांदी के जेवर और करीब 60 हजार रुपये नकद लूट ले गए। पीडिघ्त परिवार के अनुसार कुल नुकसान करीब पांच लाख रुपये से अधिक है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# घर में घुसकर हमला, युवक गंभीर घायल, चार नामजद पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के बहेड़ा वाला वार्ड नंबर-7 में घर में घुसकर मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद आसिम पुत्र कदीर अहमद निवासी बहेड़ा वाला वार्ड नंबर-7 ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मार्च 2026 को शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर घरेलू कार्य कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के सलीम पुत्र मुनीम अहमद, मुनीम अहमद, परवीन पत्नी सलीम और शफीकन पत्नी मुनीम अहमद गाली-गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए।

आरोप है कि मना करने पर सभी आरोपी एकजुट होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान आरो. पियों ने उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही लाठी-डंडों से भी उसे बुरी तरह पीटा गया। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह उसे आरोपियों से बचाया। इसके बाद स्थानीय लोग उसे लेकर थाने पहुंचे।

घायल की हालत गंभीर देखते हुए पुलिस ने उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा में मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी।

## पिकअप-बाइक की जोरदार टक्कर, तीन घायल, दो हायर सेंटर रेफर

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और एम्बुलेंस108 ने मौके पर पहुँच कर नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद बिजनौर निवासी जीशान अहमद (22) पुत्र इलियास अहमद अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा खालसा में आए हुए थे। दवा लेने के लिए बाइक से शरीफ नगर जा रहे थे। उनके साथ उनकी सास हबीबन (45) पत्नी शरीफ अहमद और महक (16) पुत्री शरीफ अहमद भी सवार थीं। हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है। बताया जाता है कि शरीफनगर की ओर से आ रही एक पिकअप से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के ईएमटी विजय प्रकाश और पायलट हर्षित ने मौके पर प्राथमिक उपचार दिया और सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल (सीएचसी) में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जीशान अहमद और महक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन दोनों को इलाज के लिए काशीपुर स्थित अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। बाकी घायलों का इलाज सीएचसी में जारी है।

## वैश्य एकता समिति ने रामबाग ट्रस्ट चुनाव के लिए प्रत्याशियों को दिया समर्थन

**चन्दौसी।** वैश्य एकता समिति की एक सभा बारहसैनी धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के आगामी चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सभा में सर्वसम्मति से रामबाग धाम के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की गई। समिति ने प्रधान पद के लिए मौसम गुप्ता, कोठारी पद के लिए अंकित गुप्ता, ऑडिटर पद के लिए गौरव वार्ष्णेय तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए रितिक वार्ष्णेय को समर्थन देने का निर्णय लिया। सभा की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने की, जबकि संचालन महामंत्री आकाश वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान समिति के संरक्षक एवं कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए चयनित प्रत्याशियों के समर्थन का आश्वासन दिया और रामबाग धाम के विकास हेतु सहयोग का संकल्प लिया।

## विधायक ने समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा



**कांठ(शाह टाइम्स)** विधायक कमाल अख्तर ने कांठ आकर पार्टी कार्यालय पर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान करने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव अब निकट है ऐसे में सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी पार्टी से जुड़े लोग पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण के साथ चुनावी तैयारी में जुट जाए पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने का काम तेज किया जाए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा गरीब किसान व्यापारी और समाज के हर वर्ग की आवाज को बुलंद किया है आज जरूरत है कि सभी एकजुट होकर जनता के बीच जाकर उनके सुख-दुख में सहभागी बने उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाने का आवाहन किया। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव अमजद अली डॉक्टर दानिश अंजार चौधरी सकलेन चौधरी मुजीब चौधरी अब्दुल हकीम सैफी रशीद सैफी मुजाहिद चौधरी मोहम्मद आरिफ प्रवेश यादव बृजेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## माता सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कन्याओ और वरूओं का भोजन कराकर खोले व्रत

**ठाकुरद्वारा।** नवरात्र की नवमी पर माता सिद्धिदात्री के पूजन को लेकर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और घरों में माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और माता सिद्धिदात्री से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों को फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता से ओतप्रोत नजर आया। विशेष रूप से नवमी के दिन कन्या पूजन का महत्व देखते हुए घर-घर में धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याओं (बालिकाओं) और बटुकों को आमंत्रित कर उनका पूजन किया और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। परंपरा के अनुसार कन्याओं के चरण धोकर उन्हें आसन पर बैठाया गया, तिलक कर उनका सम्मान किया गया और प्रसाद स्वरूप भोजन एवं उपहार भेंट किए गए। क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी एकता एकेडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्होंने अपने घर में नौ कन्याओं और एक बटुक को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन कर भोजन कराया। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल के बीच लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। नवरात्र की नवमी का यह पावन पर्व श्रद्धालुओं के लिए आस्था, विश्वास और समर्पण का अद्भुत संगम बनकर उभरा।



# भाकियू महापंचायत में गरजे राकेश टिकैत किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरा

**चन्दौसी।** शुक्रवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में संभल के साथ-साथ रामपुर, मुरादाबाद और बदायूं जनपदों से भारी संख्या में किसान पहुंचे। दोपहर करीब दो बजे राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत एवं राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन के पहुंचते ही माहौल जोश से भर गया और पूरा परिसर किसान एकता के नारों से गूंज उठा। महापंचायत को संबोधित करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने केंद्र व प्रदेश सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकारें उद्योगपतियों के हित में काम कर रही हैं और ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं जिससे किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो जाए। उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापारिक समझौते को किसानों के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि भारतीय किसान छोटे स्तर पर खेती करता है, जबकि अमेरिका में बड़े किसान हैं और उन्हें भारी सब्सिडी मिलती है। इसके विप. रीत भारत में किसानों पर जीएसटी और डीजल के रूप में भारी कर का बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने किसानों से संगठन को मजबूत रखने की अपील करते हुए कहा कि एकजुटता ही किसानों के हक की रक्षा कर सकती है। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने कहा कि सरकार लगातार किसान विरोधी नीतियां अपना रही है। उन्होंने आलू किसानों की समस्या उठाते हुए कहा कि न तो निर्यात खोला जा रहा है और न ही सरकारी खरीद हो रही है, जिससे किसान



बर्बादी के कगार पर हैं। उन्होंने किसानों से एकजुट रहने का आह्वान किया। महाप. ंचायत में किसानों ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे विक. सित हो रहे औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण पर किसानों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि सौंधन पट्टी समेत कई गांवों का सर्किल रेट वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है, जिससे बाजार मूल्य से कम मुआवजा मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि पहले सर्किल रेट बढ़ाया जाए, उसके बाद ही भूमि अधिग्रहण किया जाए। इसके अलावा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए कहा गया कि मीटर उपभोक्ता की सहमति से ही लगाए जाएं। अंश निर्धारण में त्रुटियों को गांव-गांव कैंप लगाकर दूर करने, शाम 6 से 8 बजे तक की विद्युत कटौती बंद करने, कृषि ऋण पर ब्याज सब्सिडी का लाभ देने और सरकारी बैंकों में पूर्व की भांति सब्सिडी काटकर ऋण जमा करने की मांग उठाई गई। साथ ही बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित कर उसके विकास व सौंदर्यकरण के लिए धन आवंटित करने की मांग भी की गई।महापंचायत के दौरान राष्ट्रपति के नाम आठ सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को तथा जनपद की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम नीतू रानी को सौंपा गया। भीड़ को देखते हुए राकेश टिकैत ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव की सराहना की। उनके संयोजन में आयोजित पंचायत में रामवीर सिंह यादव व महावीर सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रामव. ीर उपाध्याय यादव को मंडल उपाध्यक्ष से पदोन्नत कर प्रदेश उपाध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) घोषित किया गया। महाप. ंचायत की अध्यक्षता महावीर सिंह ने की तथा संचालन प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद मनोज चौधरी, जिलाध्यक्ष संभल मानपाल सिंह यादव, जगजीत सिंह गिल, रामाशंकर शंखधार, उदयवीर सिंह यादव, चौधरी सोमवीर सिंह, दिनेश यादव, आनंद सिंह, रणवीर सिंह यादव, महेश यादव, मुकेश यादव, डॉ. पुरेंद्र सिंह, अमर सिंह राजपूत, हाजी अजीम सिद्दीकी, राहत जहां, चंद्रपाल सिंह यादव, राजपाल सिंह, शिवनारायण सिंह यादव, बाबूराम तोमर, ऋषिपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाशंकर शर्मा, हनुमान, गायत्री यादव, देशराज सिंह यादव, रंजीत सिंह, सुनील चौधरी, राजेश मौर्य, चौधरी शिशुपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार एक की मौत दूसरा गंभीर घायल



**कांठ (शाह टाइम्स)** अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक के रिश्तेदार ने थाना छजलैट में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। थाना छजलैट के गांव पचोकरा निवासी राजीव शर्मा पुत्र राजेश शर्मा का रिश्तेदार पुनीत पुत्र पवन निवासी सलेमपुर हरिद्वार उनके घर आया हुआ था 26 मार्च की रात को करीब 7:00 बजे पुनीत और गौतम बाइक से पचोकरा खानपुर जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक रूद्र दावे के सामने पहुंची अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर आई डायल 112 व एंबुलेंस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां पर पुनीत की देर रात मौत हो गई मौत का समाचार मिलते ही कोहराम मच गया पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया जहां से परिजन उसे अंतिम संस्कार के लिए ले गए जबकि गौतम की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है।

### व्यापारी नेता ने अपने आवास पर कन्या पूजन किया

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के महामन्त्री विपिन गुप्ता ने दिनदारपुरा स्थित अपने आवास पर आज नवमी पर विधि विधान से कन्या पूजन किया और माता रानी से परिवार, प्रदेश और देश की खघ्ुशहाली और समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर उन्होंने सभी कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके चरण स्पर्श किए। प्रदेश महामन्त्री विपिन गुप्ता ने बताया कि आज हमारा समाज अपने बच्चों को शिक्षा देता है कि हम सभी अपने बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त करें और उनका सम्मान करें।विपिन गुप्ता ने कहा कि कन्या पूजन एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जिसमें हम कन्याओं को माता दुर्गा का रूप मानकर उनका पूजन करते हैं। यह परंपरा हमें महिलाओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा का भाव सिखाती है।उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी को अपने समाज और देश की खघ्ुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। विपिन गुप्ता ने सभी से अपील की कि वे अपने घरों में कन्या पूजन करें और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।



### जनसेवा दल की वंचित अधिकार रैली को लेकर प्रेसवार्ता सम्पन्न

**मुरादाबाद।** जनसेवा दल द्वारा 29 मार्च को गांधी मैदान, बुद्धि विहार में आयोजित होने जा रही 'वंचित अधिकार रैली' के संबंध में एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रैली के उद्देश्य, रूपरेखा एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।राष्ट्रीय प्रवक्ता मंजेश ठाकुर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की



राजनीति में 29 मार्च की तिथि एक अहम मोड़ साबित होगी। उन्होंने बताया कि जनसेवा दल, युवा सत्ता पार्टी एवं पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के तत्वावधान में आयोजित इस रैली को 'वंचित अधिकार की हुंकार' नाम दिया गया है, जिसमें भारी जनसमूह के जुटने की संभावना है।राष्ट्रीय सचिव नेम सिंह बौद्ध ने कहा कि मुरादाबाद की यह रैली संगठन के विस्तार का प्रतीक है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ठाकुर ने बताया कि रैली की तैयारियों को लेकर मुरादाबाद मंडल की सभी 26 विधानसभा क्षेत्रों में पिछले एक माह से लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजौल सैन, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शशि सेन, मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह एवं जिलाध्यक्ष मुरादाबाद देवेन्द्र सैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से 29 मार्च को गांधी मैदान पहुंचकर रैली को सफल बनाने की अपील की।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दो अलग-अलग मारपीट और जानलेवा हमले के मामलों में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बिलारी (मुरादाबाद)।** थाना बिलारी पुलिस ने दो अलग-अलग गंभीर मारपीट और जान से मारने की धमकी से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों घटनाओं में कई लोगों द्वारा लाठी-डंडों से हमला, गाली-गलौज और जानलेवा वार किए जाने की शिकायतें दर्ज थीं। ग्राम चंगेरी में 30 दिसंबर 2025 को हुए विवाद में वादी के पिता और भाई पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था, जिससे वादी के पिता को गंभीर चोटें आईं। इस मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 27 मार्च 2026 को एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। दूसरी घटना ग्राम मंगूपुरा की है, जहाँ 24 जनवरी 2026 को सात लोगों ने प्रार्थी के भाई और दो अन्य युवकों की मोटरसाइकिल रोककर मारपीट की तथा लोहे की सरिया से जानलेवा हमला किया। इस मामले में भी गंभीर धाराएँ दर्ज की गईं। पुलिस ने जांच के बाद 27 मार्च 2026 को एक अभियुक्त को पकड़ लिया। उसके आपराधिक इतिहास की पुष्टि प्रक्रिया में है। दोनों कार्रवाइयों में किसी भी आरोपी से बरामदगी नहीं हुई है।

### रामनवमी का उत्सव इस्कॉन मुरादाबाद में मनाया गया

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा आज आशियाना केंद्र पर रामनवमी का उत्सव बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया सभी भक्तों ने भगवान श्री राम लक्ष्मण और हनुमान जी के श्री विग्रह पर पंचामृत से अभिषेक किया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि राजू कालरा रहे जिन्होंने भगवान का सबसे पहले अभिषेक किया उसके बाद फूलों की होली की गई उसके बाद यूथ प्रचारक अरुण उदय दास जी ने श्री राम की कथा का वर्णन किया उन्होंने कहा कि हमें भगवान की कथा को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुनना चाहिए तभी हम भक्ति मार्ग पर अग्रसर हो सकते है जिससे कथा का श्रवण करे वह परंपरा से जुड़ा होना चाहिए तभी जल्दी कृपा, आर्शीवाद प्राप्त होगा आज के कार्यक्रम में सभी भक्तों ने एक एक करके अभिषेक किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बारिश के बीच नगरपालिका का निरीक्षण, हाईवे की खराब स्ट्रीट लाइटें जल्द होंगी दुरुस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादलों के बीच हल्की बूंदाबांदी होने लगी, जिससे लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ। इसी बीच नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम अपनी टीम के साथ शहर के निरीक्षण पर निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान मुरादाबाद-बदायूं चुंगी से लेकर पथरा मोड़ तक हाईवे किनारे लगी स्ट्रीट लाइटों की स्थिति का जायजा लिया गया। यह लाइटें राज्यमंत्री गुलाब देवी की निधि से शहर को रोशन और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से लगाई गई थीं, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और चन्दौसी 'मिनी वृंदावन' की तरह जगमगाता नजर आए। हालांकि, निरीक्षण में पाया गया कि कई लाइटें खराब हो चुकी हैं, कुछ पोल गिर गए हैं, जबकि कुछ स्थानों से पोल गायब भी हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी लाइटें न जलने की शिकायत दर्ज कराई थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि संचारी रोग अभियान के तहत नगर के 25 वार्डों का भी निरीक्षण किया जा रहा है और समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। साथ ही, खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा 50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे हाईवे की रोशनी फिर से बहाल की जाएगी।



## नवदुर्गा समापन पर घर-घर कन्या भोज, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चन्दौसी।** शुक्रवार को चौत्र नवरात्र के समापन के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। सुबह करीब 06 बजे से ही घरों में तैयारियां शुरू हो गईं और कन्याओं की टोलियां विभिन्न मोहल्लों में पहुंचने लगीं। दोपहर 01 बजे तक अधिकांश घरों में कन्या पूजन एवं भोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर विधि-विधान से पूजन किया और स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। भोज के उपरांत कन्याओं को दान-दक्षिणा, उपहार और आशीर्वाद देकर विदा किया गया। वहीं, शहर के प्रमुख मंदिरों में भी देवी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा और भक्तिमय माहौल में नवरात्र का समापन हुआ।

## चिकित्साधीक्षक ने किया कन्या पूजन

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने नवमी महापर्व पर श्रद्धा के साथ कन्या पूजन किया तथा गौ माता को रोटी खिलाई। कन्याओं के चरण धोकर तिलक लगाया उन्हें भोजन कराकर उपहार दिए। इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 342-DRM-MB-25-26 dt. 27.03.2026 |
| Name of work | Improvement of various service buildings, road surface in colonies and development of parks in colonies along with other works in the section of SSE/W/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date / Time | 20.04.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 4,07,71,714.27/- |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 8,15,500.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 06.04.2026 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 27.03.2026 1040/2026


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएल की पहली भिड़ंत RBC VS SRH

## ● आरसीबी और एसआरएच के मुकाबले के लिए बेंगलुरु में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई 2 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती

**बेंगलुरु, वार्ता।** एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 के उद्घाटन मैच के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेडियम और आसपास के इलाकों में लगभग 2,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए, विशेष रूप से स्टेडियम के बाहर, सात विशेष दस्ते बनाए गए हैं। ए कड़े सुरक्षा उपाय पिछले साल शहर में हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर अपनाए गए हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए और भी सख्त तरीके अपनाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि दर्शकों की आवाजाही को आसान बनाने और भीड़ के जमावड़े से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों की संख्या लगभग दोगुनी करके 45 कर दी गई है। इसके अलावा, स्टेडियम में अतिरिक्त एम्बुलेंस, दमकल गाड़ियां और मेडिकल सहायता केंद्र भी तैनात किए गए हैं। निगरानी को और मजबूत करने के लिए, स्टेडियम के अंदर और आसपास लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पुलिस की टीमें भीड़ की आवाजाही पर रियल-टाइम (सीधे) निगरानी रखेंगी। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश की अनुमति मिले, इसके लिए स्टेडियम के बाहर बिना टिकट वाले प्रशंसकों के जमावड़े को रोकने के लिए विशेष दस्ते तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली और कई स्तरों वाली सुरक्षा जांच सहित कई उन्नत प्रोटोकॉल लागू किए हैं। इसके साथ ही, यातायात प्रतिबंध और यात्रियों को उतारने-चढ़ाने के लिए विशेष क्षेत्र भी निर्धारित किए गए हैं। आईपीएल 2026



का सीजन शनिवार को बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसके चलते शहर की पुलिस और नागरिक एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। कहते हैं कि क्रिकेट एक 'जेंटलमैन' (भले लोगों) का खेल है। दूसरी ओर, आईपीएल एक ऐसा उत्सव है जहां ए 'जेंटलमैन' कभी-कभी बच्चों जैसा बर्ताव करने लगते हैं, और शनिवार की रात, चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह तमाशा फिर से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुक. ाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी ने नई मालिकी के तहत एक नए अध्याय की शुरुआत की है। यह फेंचाइजी, जिसे विजय माल्या ने 2008 में 450 करोड़ रुपये में खरीदा था, पिछले कुछ सालों में जबरदस्त तरीके से आगे बढ़ी है और अब इसकी कीमत 16,500 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गई है। अभी इसकी मालिकी आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास है, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन भी पार्टनर हैं। यह अधिग्रहण आईपीएल के बढ़ते कमर्शियल महत्व को दिखाता है और टीम से मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह बहुत ज्यादा उम्मीदें जगाता है। फिर भी, पैसा और खिताब पुरानी यादों को मिटा नहीं सकते।

पिछले साल, जब आरसीबी ने आखिरकार अपना पुराना 'मनहूस सिल. सिला' तोड़ा और आईपीएल की ट्रॉफी जीती, तो जीत का जश्न एक दुखद घटना में बदल गया। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ ने जीत की खुशी को फीका कर दिया, इस घटना में ग्यारह फैंस की जान चली गई और अधिकारियों को सवालों के जवाब ढूंढने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। तब से लेकर अब तक, स्टेडियम के दरवाजों को नए सिरे से बनाया गया है, भीड़ को काबू करने के इंतजाम और भी ज्यादा सख्त कर दिए गए हैं, और इमर. जेंसी के लिए बनाए गए नियमों में भी सुधार किया गया है।

## परमेश्वर ने विधायकों की आईपीएल टिकटों की मांग का बचाव किया

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने शुक्रवार को विधायकों द्वारा मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टिकटों की मांग का बचाव किया। उन्होंने खेलों के प्रति उनके उत्साह को विवाद का कारण मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत बताया।

परमेश्वर ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मुझे यह अच्छा लगा क्योंकि वे खेलों में इतनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। यह एक अच्छा बदलाव है। उन्होंने इस मांग को जनप्रतिनिधियों के बीच खेलों से बढ़ते जुड़ाव का संकेत बताया। खास बात यह है कि मंत्री ने इस मुद्दे को 'हक' के बजाय 'संस्थागत प्रक्रिया' से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि टिकटों के बंटवारे पर कोई भी फैसला स्पीकर के दफ्तर और आयोजक. ों-जैसे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और फेंचाइजी अधिकारियों-द्वारा ही लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीकर इस मामले में क्या कदम उठाएंगे, यह पूरी तरह उन पर निर्भर करता है, क्योंकि सभी विधायक स्पीकर के ही अधीन आते हैं। इस बयान से संकेत मिलता है कि इस मामले को प्रशासनिक स्तर पर ही सुलझाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब टिकटों की इस मांग ने 'वीआईपी संस्कृति' को लेकर एक सार्वजनिक बहस छेड़ दी है। इस बहस की शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस विधायक विजयानंद काशप्पनवर ने सुझाव दिया कि विधायकों को एक से ज्यादा टिकट दिए जाने चाहिए, और तर्क दिया कि चुने हुए प्रतिनिधियों को टिकट के लिए आम लोगों की तरह कतार में खड़ा नहीं होना चाहिए।

### खेल विशेष

#### तुषारा फिटनेस टेस्ट में विफल, नहीं खेल पाएंगे शुरुआती मैच

**बेंगलुरु।** फिटनेस टेस्ट में विफल रहने पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाज नुवान तुषारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआत दो मैच नहीं खेल पायेंगे। आरस. ीबी और श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा फिटनेस टेस्ट में फेल होने होने के कारण उन्हें अभी आईपीएल 2026 में खेलने के लिए एनओसी नहीं मिला है। जिससे वह कम से कम शुरुआती दो मैचों के लिए बाहर हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि श्रीलंका बोर्ड के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट में तुषारा पास नहीं हो पाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट के चीफ एग्जीक्यूटिव एश्ले डी सिल्वा ने बताया कि तुषारा फिटनेस टेस्ट के दौरान 29 में से 17 पास स्कोर हासिल नहीं कर पाए।


#### नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को 'प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया के 8वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में पिछले एक साल में भारतीय हॉकी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और योगदान देने वालों को सम्मानित किया। इसी क्रम में नवनीत कौर और हार्दिक सिंह 'प्लेयर ऑफ द ईयर' तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया। आज यहां आयोजित समारोह में डॉ- मांडविया ने नवनीत कौर और हार्दिक सिंह को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2025' (प्रत्येक को 20 लाख रुपये) तथा जफर इकबाल को 'मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' (25 लाख रुपये) से सम्मानित किया। इससे पहले दिन में, रघु प्रसाद आर-वी- को 2025 के लिए 'एफआईएच अंपायर ऑफ़ द ईयर' चुने जाने पर सम्मानित किया गया।

## जवेरेव सेमीफाइनल में सिनर का सामना करेंगे

**मियामी, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मियामी ओपन में जानिक सिनर के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली, जब उन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ 6-1, 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत पहली बार है जब 27 वर्षीय खिलाड़ी एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी दोनों में अंतिम चार में पहुंचे हैं। अपने 25वें एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद ज्वेरेव ने कहा, ष्कल सबसे कठिन परीक्षा होगी। मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, और उम्मीद है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। ज्वेरेव ने एक घंटे, पांच मिनट तक चले इस मैच के दौरान कभी भी अपना नियंत्रण नहीं खोया। दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन ने अपनी पहली सर्विस में से 76 प्रतिशत (32/46) सही जगह पर डालीं और उन पॉइंट्स में से 84 प्रतिशत (27/32) जीते। उन्होंने अपने द्वारा अर्जित सात ब्रेक पॉइंट्स में से चार भी जीते। क्वार्टर-फाइनल की इस जीत के साथ, जर्मन खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के



खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की, जिससे उनकी हेड 2 हेड सीरीज में 4-3 की बढ़त हो गई। ज्वेरेव को इस सीजन में सेरुंडोलो के खिलाफ बढ़त मिली है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और फिर मियामी में उन्हें सीधे सेटों में हराया है। अर्जेंटीना का यह खिलाड़ी इन सेटों में से किसी में भी चार से ज्यादा गेम नहीं जीत पाया है। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब अपना ध्यान सिनर के साथ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर केंद्रित करेंगे। वे इस महीने की शुरुआत में इंडियन वेल्स में इस इतालवी खिलाड़ी के हाथों सीधे सेटों में मिली हार का जवाब देने की कोशिश करेंगे। इन दोनों के बीच हुई प्रतिद्वंद्विता में सिनर 7-4 से आगे हैं( उन्होंने इन दोनों के बीच हुए पिछले छह मुकाबलों में से हर एक में जीत हासिल की है। हालांकि, ज्वेरेव दक्षिण फ्लोरिडा में काफी मजबूत और लगातार अच्छी फॉर्म में रहे हैं।

इस टूर्नामेंट के चार में से तीन मैचों में उन्हें एक भी 'ब्रेक पॉइंट' का सामना नहीं करना पड़ा है। वे सिनर के खिलाफ भी इसी स्तर को बनाए रखने की कोशिश करेंगे, सिनर ने अब एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 30 सेट जीते हैं। ज्वेरेव ने अपनी नई और ज्यादा आक्रामक खेल शैली के बारे में कहा, ष्अगर इसका फायदा जल्दी मिल जाता है, तो यह और भी बेहतर है।मैं थोड़ी मुश्किलों का सामना करने के लिए तैयार था, लेकिन कोर्ट पर मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। सेरुंडोलो-जो 2022 में अपने पहले ही प्रयास में मियामी के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

## लवलीना और निखत करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**उलानबटोर ( मलेशिया ),** वार्ता। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन शनिवार से शुरु होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। एएसए एरिना में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विज. ेता सहित लगभग 250 मुक्केबाजों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

यह चैंपियनशिप 28 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगी। भारत ने इस चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यों वाली मुक्केबाजी टीम भेजी है।

जो भारतीय मुक्केबाज मंजूर वजन कैटेगरी में फाइनल में पहुं. चेंगे, उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिल जाएगा। निखत जरीन 51 भार वर्ग में लड़ेंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबो. रिया के साथ-साथ ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की महिला टीम का हिस्सा हैं। एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- महिला वर्ग: मीनाक्षी हुड्डा (48किग्रा), निखत जरीन (51किग्रा), प्रीति पंवार (54किग्रा), जैस्मीन लंबोरिया (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा), अंकुशिता बोरो (65किग्रा), अरुंधति चौधरी (70किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा), पूजा रानी (80किग्रा), अल्फिया पठान (80 प्लस किग्रा)। भारत की पुरुष टीम की अगुवाई सचिन सिवाच करेंगे। वह 60 किग्रा भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। पटियाला में एक महीने तक चले मूल्यांकन के बाद, ओलंपियन अमित पंघाल, दो बार के राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन, मौजूदा सीडब्ल्यूजी चैंपियन नीतू घनघस और पूर्व एशियाई चैंपियन परवीन हुड्डा का चयन नहीं हो पाया। पुरुष वर्ग: विश्वनाथ सुरेश (50किग्रा), जदुमणि सिंह (55किग्रा), सचिन सिवाच (60किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65किग्रा), दीपक (70किग्रा), आकाश (75किग्रा), अंकुश (80किग्रा), लोकेश (85किग्रा), हर्ष चौधरी (90किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 प्लस किग्रा)।

## संजू सैमसन को धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे: इरफान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टाटा आईपीएल और भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गज- एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा-कल से शुरू हो रहे 19वें सीजन में एक बार फिर यह दिखाने के लिए बेताब होंगे कि वे क्या कर सकते हैं। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा और इरफान पठान ने एमएस धोनी के बैटिंग पोजशिन और घटते प्रदर्शन, विराट कोहली की फटिनेस, और इन तीनों में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहने की संभावना है, इस पर अपने विचार साझा किए। इरफान पठान ने कहा कि सीएसके टीम में संजू सैमसन का शामिल होना इस बात का संकेत हो सकता है कि टाटा आईपीएल 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा।

इरघन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा। इसके संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि अगर आप चेन्नई की टीम को देखें, तो उन्होंने एक ऐसे विकेटकीपर-बल्लेबाज को टीम में शामिल किया है जो अगले कुछ सालों तक खेल सकता है। आप उसके इर्द-गिर्द अपनी टीम बना सकते हैं और वह फेंचाइजी का चेहरा बन सकता है - वह खिलाड़ी है संजू सैमसन। उसने इंटरनेशनल






क्रिकेट में अपनी फॉर्म को भी बेहतर बनाया है। उसने हाल ही में एक वर्ल्ड कप जीता है और बहुत शानदार बैटिंग कर रहा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे एमएस धोनी अपनी कमान सौंपना चाहेंगे - कोई ऐसा जिसमें यह सब करने की काबिलियत हो और जिससे फैन्स भी जुड़ सकें और अपनापन महसूस कर सकें। संजू के आने से, मुझे लगता है कि धोनी अब यह कह सकते हैं कि शायद अब समय आ गया है कि वह अपनी कमान किसी और को सौंप दें। लेकिन क्या यह पहले हो जाना चाहिए था? क्योंकि मुझे लगता है कि एमएस धोनी जैसा खिलाड़ी सिर्फ दो ओवर खेलने वाला खिलाड़ी बनकर नहीं रह सकता। आप अपनी विरासत ऐसे नहीं बनाते। तो हां, मुझे लगता है कि अब सही समय आ गया है। आईपीएल में एमएस धोनी की मैच खत्म करने की काबिलियत पर उन्होंने कहा, ष्जब सीएसके ने अहमदाबाद में अपनी पिछली ट्रॉफी जीती थी, तो उस समय भी यह चर्चा चल रही थी कि वह बैटिंग ऑर्डर में बहुत नीचे आ रहे हैं-और यह चर्चा तब शुरू हुई थी, जब इन बातों ने जोर भी नहीं पकड़ा था।

लेकिन जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी, उन्हें घुटने की समस्या भी होने लगी। इसलिए, उनके मन में अपनी भूमिका को लेकर पूरी स्पष्टता थी कि वह आखिरी दो ओवरों में बैटिंग करने आएंगे और मैच को खत्म करेंगे। लेकिन हुआ क्या? वह उन मैचों को खत्म नहीं कर पाए। कुछ साल पहले, जब संदीप शर्मा आखिरी ओवर में उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे, तो एमएस धोनी ने उस मैच को रोमांचक तो बना दिया, लेकिन उसे खत्म नहीं कर पाए। हमने एमएस धोनी से पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। अब ऐसा ज्यादा बार हो रहा है। इसलिए, अगर आप खेल रहे हैं, तो आपको अपनी टीम के लिए ज्यादा जम्मिेदारी लेनी होगी और कम से कम चार या पांच ओवर तक बैटिंग करनी होगी। यह टीम के लिए फायदेमंद होगा। आकाश चोपड़ा ने इस बारे में बात की कि धोनी, कोहली या रोहित में से किसका सीजन सबसे अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, ष्एक बार फिर सारा ध्यान विराट कोहली पर होगा, क्योंकि वह बहुत ज्यादा फिट हैं। हां, सीरीज के बीच में कुछ गैप होते हैं और ऑस्ट्रेलिया में उन्हें उन गैप्स की वजह से थोड़ी मुश्किल हुई थी, लेकिन एक बार जब उन्होंने रन बनाना शुरू किया, तो उन्हें महीनों तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का तरीका मिल गया।

इसलिए, समय के साथ उन्होंने जिस तरह की फिटनेस हासिल की है, वह उन्हें इस काम के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त बनाती है-खासकर इसलिए भी, क्योंकि वह एक ओप. नर हैं। ऐसे में, उन्हें अपनी फॉर्म में वापस आने के लिए ज्यादा समय मिलता है। रोहित शर्मा के साथ भी यही बात लागू होती है, लेकिन इन दोनों में से, मुझे अब भी लगता है कि विराट कोहली के लिए यह थोड़ा ज्यादा आसान है-और इसकी वजह सिर्फ वह खुद हैं। उन्होंने जिस तरह की फिटनेस और विरासत बनाई है, यह उसी की कीमत है जो उन्हें चुकानी पड़ती है। धोनी के लिए भी यह थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि वह 40 साल की उम्र पार कर चुके हैं। उनके लिए, 10 महीने तक कुछ भी न खेलना, फिर आईपीएल के लिए आना, तुरंत लय में आ जाना, और फिर ऐसे नंबर पर बैटिंग करना जहां उन्हें सिर्फ 10-12 गेंदें ही खेलने को मिलती हैं-यह सबसे मुश्किल काम है। इसके अलावा, उन्हें 20 ओवर तक कीपिंग भी करनी होती है, इसलिए शायद उनका काम सबसे ज्यादा मुश्किल है। रोहित शर्मा के अपने आक्रामक अंदाज में खेलते रहने के बारे में आकाश ने कहा कि जब आप मुंबई इंडियंस के बैटिंग ऑर्डर का हिस्सा होते हैं, तो रोहित शर्मा के लिए लय तय करना जरूरी हो जाता है। रोहित एक खास तरीके से बैटिंग करना चाहते हैं।

## महिला क्रिकेटरों का केशव मौर्य ने बढ़ाया हौसला

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोमतीनगर स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आज बेटियां खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के



आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बोलीविया वर्ल्ड कप प्लेऑफ फाइनल में पहुंचा

**मेक्सिको सिटी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने मैच के आखिरी मिनटों में गोल किए, जिससे बोलीविया गुरुवार को हुए इंटर-कॉन्फेडरेशन प्लेऑफ सेमीफाइनल में सूरीनाम को 2-1 से हराकर 32 साल बाद अपने पहले वर्ल्ड कप में जगह बनाने के और करीब पहुंच गया। बीबीवीए स्टेडियम में हाफटाइम के ठीक बाद लियाम वैन गेल्डरेन ने सूरीनाम को बढ़त दिलाई थी, उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हुई एक गहमागहमी के बीच गेंद को पैर के अगले हिस्से से मारकर गोल में पहुंचा दिया। बोलीविया ने 72वें मिनट में पानिगुआ के गोल की बदौलत बराबरी की, पानिग. ुआ ने एक ढीली गेंद पर तेजी से झपट्टा मारा और उसे बड़ी सफाई से गोल के निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सात मिनट बाद टेरसेरोस ने पेनल्टी स्पॉट से गोल करके मैच का पासा ही पलट दिया।

## उदय ने प्रथमेश को हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**बैंकॉक ( थाईलैंड ), वार्ता।** भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज वन टूर्नामेंट के पुरुषों के व्यक्तिगत स्पर्धा में पोडियम पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। उदय कंबोज ने एशियाई खेलों के पदक विजेता प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। दूसरे एंड के बाद प्रथमेश जवकर से 59.57 से पीछे चल रहे उदय कंबोज ने तीसरे एंड में एकदम सही 30 का स्कोर किया और चौथे एंड में बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड कांस्य पदक मैच में रजत चौहान ने थाईलैंड के पीरावत रत्नापोंगकियात को 145.144 से हराकर भारत के लिए पोडियम पर पूरी तरह कब्जा सुनिश्चित किया। महिला वर्ग के व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत की तेजल साल्वे ने मारिया डिमिडियुक को 144.135 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने 15 तीरों में केवल छह अंक गंवाए। इस बीच, भारत के कंपाउंड तीरंदाजो ने टीम स्पर्धा में भी अपना दबदबा बनाए रखा और मिश्रित व महिला टीम इवेंट्स में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने एक कड़े स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया की फातित नुरफतेहा मत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी को 158.156 से हराया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर के साथ भारत को एक बेहतरीन शुरुआत दी और बीच के चरण में कुछ छोटी-मोटी चूकों के बावजूद अपनी लय बनाए रखी। तीन एंड के बाद, वे 118-117 की मामूली बढ़त पर थे। मलेशियाई जोड़ी ने तीसरे एंड में कुछ समय के लिए फिर से बढ़त बना ली थी, जब उन्होंने एकदम सही 40 का स्कोर किया, जबकि भारत 39 ही बना पाया। हालांकि, आखिरी एंड में चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने लगातार चार 10 के स्कोर किए, जबकि मलेशिया 39 ही बना पाया, जिससे भारत दो अंकों से जीत गया। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान ने टूर्नामेंट में पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1409 अंकों के साथ टॉप किया था, फिर एलिमिनेशन राउंड में चीनी ताइपे और कजाकिस्तान को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। दूसरी ओर, चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की भारतीय महिला कंपाउंड टीम को फाइनल में कजाकिस्तान की विक्टोरिया ल्यान, डायना यूनुसोवा और रोक्साना यूनुसोवा से 229-227 से हारने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारत ने मजबूत शुरुआत की और आधे समय तक 115-113 से बढ़त बनाए रखी। हालांकि, तीसरे एंड में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और उन्होंने 54 अंक बनाए, जबकि कजाकिस्तान ने 58 अंक बनाकर पिछड़ी हुई स्थिति को पलट दिया और 171.169 की बढ़त बना ली। भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने भी इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 2080 अंकों के साथ टॉप किया था, जिसके बाद उन्होंने हांगकांग चीन और मेजबान थाईलैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

# प्रतिस्पर्धात्मक व तनावपूर्ण जीवन में कर्म सिद्धांत प्रासंगिक

## भारतीय दार्शनिक परिषद की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र- आईकेएस के संयुक्त तत्वावधान में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे जैनोलॉजी के नामचीन मनीषी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सम्पूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी, वाराणसी के मुख्य अतिथि डॉ. फूलचंद प्रेमी जैन ने जैन दर्शन को जीवन प्रबंधन की प्रभावी और वैज्ञानिक प्रणाली बताते हुए कहा, इसके मूल सिद्धांत- सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र व्यक्ति को संतुलित, अनुशासित एवम् जिम्मेदार जीवन जीने की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक एवम् तनावपूर्ण जीवन में कर्म सिद्धांत की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा, यह व्यक्ति को अपने प्रत्येक विचार, वाणी और कर्म के प्रति सजग बनाता है। साथ ही अहिंसा, अपरिग्रह और अनेक. ांतवाद सरीखे सिद्धांत न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और सहिष्णुता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को प्रेरित करते हुए कहा, यदि वे इन सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें, तो वे न केवल सफल पेशेवर बन सकते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार और नैतिक नागरिक के रूप में समाज में सकारात्मक परिवर्तन भी ला सकते हैं। डॉ. प्रेमी केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय दार्शनिक परिषद





की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र- आईकेएस के संयुक्त तत्वावधान में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. फूलचंद प्रेमी जैन, जेएनयू के प्रो. रामनाथ झा और एनएमसी, दिल्ली की मेंबर डॉ. इंदु जैन बतौर विशिष्ट अतिथि, इसरो के पूर्व साइंटिस्ट डॉ. राजमल जैन, एलवीएसएसयू नई दिल्ली से प्रो. अनेकांत जैन, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, जैन स्टडीज के डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और मंलगाचरण के संग नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। दूसरी ओर द्वितीय सत्र में मगध यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. नलिन के. शास्त्री के संग-संग जैनोलॉजी के विद्वान डॉ. श्रेयांस जैन, डॉ. मेधावी जैन, डॉ. वीके जैन आदि ने कर्म सिद्धांत के आध्यात्मिक, सामाजिक एवं व्यावहा. रिक आयामों पर विस्तार से चर्चा की। कॉन्फ्रेंस में तीन पुस्तकों- कर्मा थ्योरी इन जैन ट्रेडिशन, इंडियन नॉलेज सिस्टम: एक बहुविषयक दृष्टिकोण और जैन धर्म और सतत विकास लक्ष्य- एसडीजीएस: आधुनिक विश्व के लिए प्राचीन ज्ञान का विमोचन भी हुआ। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संचालन भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस सेंटर की कोर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने किया। जेएनयू के प्रो. रामनाथ झा ने बतौर विशिष्ट अतिथि कर्म सिद्धांत को सामाजिक समरसता से जोड़ते हुए कहा, यह सिद्धांत केवल व्यक्तिगत आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में संत. ुलन, सहयोग और सद्भाव स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण आधार भी है। वर्तमान समय में बढ़ती असहिष्णुता और नैतिक मूल्यों के ह्रास के बीच कर्म सिद्धांत व्यक्ति को आत्मनियंत्रण, सहिष्णुता और नैतिक आचरण की दिशा में प्रेरित करता है, जिससे न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन आता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है। नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटीज, नई दिल्ली की डॉ. इंदु जैन ने कहा, जैन दर्शन का कर्म सिद्धांत आज के आधुनिक और जटिल जीवन में अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि यह व्यक्ति को अपने प्रत्येक विचार, वाणी और कर्म के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। वर्तमान समय में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, तनाव और नैतिक मूल्यों के ह्रास के बीच कर्म सिद्धांत एक संतुलित, अनुशासित और जिम्मेदार जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है। जैन स्टडीज के डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए अंत में आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में प्रो. एमपी सिंह, प्रो. नीशीथ मिश्रा, डॉ. अंकिता जैन, डॉ. अमित कंसल, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. करुणा जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, डॉ. आशीष जैन, डॉ. विपिन जैन, डॉ. कल्पना जैन, डॉ. विनोद जैन के संग-संग संयोजक डॉ. रत्नेश जैन और सह-संयोजकों में डॉ. नम्रता जैन, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. विभोर जैन, जैनोलॉजी के विद्वान, रिसर्च स्कॉलर्स आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

## एक नजर

### सिद्ध बाबा के स्थान पर वार्षिक उत्सव का आयोजन लोगों ने हवन में आहुति देकर कि ईश्वर से प्रार्थना



**कांठ( शाह टाइम्स )** मुंडा खेड़ी गांव के पास सिद्ध बाबा के स्थान पर आज वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हवन उपरांत भंडारा दिया। भंडारे में बड़ी संख्या में आए क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया है। सिद्ध बाबा स्थल के महंत सुशील चाहल ने बताया कि बाबा रामशरण दास 2005 में इस स्थान पर आए थे और 2013 में उनका स्वर्गवास हो गया उनको यहीं पर समाधि दी गई और लोग समाधि पर मत्था टेकने आने लगे जिससे उनकी मनोकामना पूरी होने के साथ-साथ बीमारियों का इलाज भी होने लगा धीरे-धीरे इस स्थान के बारे में मुरादाबाद जनपद के साथ-साथ संभल जेपी नगर आदि क्षेत्र में भी लोगों को जानकारी मिली तो श्रद्धालुओं की भीड़ यहां बढ़ने लगी। उन्होंने बताया कि हर शुक्रवार को सिद्ध बाबा के स्थान पर दरबार लगाया जाता है जहां लोग प्रसाद चढाकर अपनी मन्नतें मांगने के लिए आते हैं और साल में एक बार शुक्रवार के दिन यहां हवन और भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसका अनुसरण आज भी किया गया इस पावन अवसर पर क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# उ.प्र. कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुराना बस स्टेशन स्थित संघ कार्यालय पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, क्षेत्रीय कार्यशाला मुरादाबाद की वर्ष 2026-2027 हेतु नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव पर्यवेक्षक तेजपाल सिंह एवं चन्द्रकेश की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुआ। निर्वाचित पदाधिकारी:- अध्यक्ष: लक्की चौहान, उपाध्यक्ष: जितेंद्र सिंह एवं योगेश शर्मा, मंत्री: रामविलास, संगठन मंत्री: रामप्रकाश, संयुक्त मंत्री: निशांत चौहान एवं सगीर अहमद, कोषाध्यक्ष: नरेंद्र सिंह, नवनिर्वाचित शाखा अध्यक्ष लक्की चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि वे संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा, कार्यस्थल की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।



# सिद्धपीठ माता काली मंदिर पर वार्डन्स की ड्यूटी

**मुरादाबाद।** सिद्धपीठ माता काली मंदिर लालबाग पर चौत्रीय नवरात्रि नवमी पर कैम्प के दूसरे दिन वार्डन्स पीली जैकेट पहनकर ड्यूटी कर रहे हैं। वार्डन्स की ड्यूटी के दौरान खोये पाये बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाया जा रहा है, साथ ही कैम्प में दर्शनार्थियों के पीने के लिये शुद्ध शीतल जल की व्यवस्था है। वार्डन्स की ड्यूटी में डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, आई0 सी0ओ0 सुभाष जैन, आकाश अग्रवाल, अंकुश भटनागर, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजा. पति, पोस्ट वार्डन सूरज प्रकाश, पोस्ट वार्डन संजय कुमार गुप्ता, अनिल रस्तौगी, आकाश गुप्ता, सुखदेव यादव, कविता रस्तोगी, थोमस अरविंद कुमार, विजेश शर्मा, नीतू सक्सेना, चेतन मेहता, अनामिका गुप्ता, बबीता, निहाल रस्तोगी, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शाकिम, हर ज्ञान सिंह, आकाश गुप्ता, निमित जायसवाल, अरुण गुप्ता, राम सेवक गुप्ता राहुल प्रजा. पति, अतुल कुमार, श्रद्धा कुमारी, सरजीत आदि सहयोग दे रहे हैं। आज अबतक 7 बिछड़े हए बच्चों को उनके माता-पिता सौंपा गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने निरीक्षण किया और समस्त वार्डेनो की हौसला अफजाई की।




### सड़क निर्माण के दौरान गिरा पेड़ बाल-बाल बचे लोग

**कांठ( शाह टाइम्स )** साफ मौसम में हो रहे सड़क निर्माण के दौरान अचानक पेड़ सड़क की ओर गिर गया जिससे काम करने वाले लोग बाल बाल बच गए और पास में ही लगा ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त होने से रह गया। सुबह को पेड़ को मुख्य मार्ग से हटवा कर आवागमन सुचारू कराया गया है। बतादें कि सड़क चौड़ी करण के चलते सड़क निर्माण चल रहा है जैसे ही निर्माण करने वाले स्टेशन रोड के मोड पर पहुंचे तभी साइड में खड़ा पिलखन का पेड़ अचानक बीच सड़क में आकर गिर गया पेड़ गिरने से काम कर रहे मजदूर बाल बाल बच गए पेड़ के पास ही निकट में बिजली का ट्रांसफार्मर लगा था यदि पेड़ थोड़ा सा उस और गिर जाता तो बहुत बड़ा नुकसान भी हो सकता था लेकिन गनीमत रही के पेड़ सीधा ही गिरा और किसी को कोई चोट नहीं आई मगर पेड़ गिरने से आवागमन वाधित हो गया सुबह को संबंधित विभाग के लोगों ने पेड़ को सड़क से हटवा कर आवागमन सुचारू कराया है।



# नवमी पर काली माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घर-घर हुआ कन्या पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। लालबाग स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर परिसर में "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और माता को चुनरी, नारियल और प्रसाद अर्पित किया।वहीं, नवमी के अवसर पर शहर के अधिकांश घरों में कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया। लोगों ने छोटी बच्चियों को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके पैर धोए, तिलक लगाया और भोजन कराकर उपहार भेंट किए। इस दौरान घरों में धार्मिक उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक साफ देखने को मिली।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सुरक्षा कर्मी लगातार निगरानी करते रहे।प्रशासन की सतर्कता और श्रद्धालुओं के सहयोग से पूरे दिन व्यवस्था सुचारू बनी रही।

नवमी के इस पावन अवसर पर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे शहर में धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा।

# धूमधाम से 64वीं महाकाली शोभायात्रा और मेला रामनवमी का हुआ आयोजन, मां काली के खेलते 32 स्वरूप रहे आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में 64 वीं महाकाली शोभा यात्रा और मेल रामनवमी बैंड बाजे और डीजे के साथ भारी धूमधाम और जयकारों के साथ निकाला गया। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में प्रभु राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मेला रामनवमी लगना शुरू हो गया था जो दोपहर तक परवान चढ़ गया। छोटे झूले, मिक्की माउस, चाट पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन, खेल खिलौने आदि की दुकानों से मंदिर परिसर खचाखच भर गया इधर शाम 4:00 बजे नगर के प्राचीन मंदिर गमादेवत पर सभी झांकियां और कमेटी के पदाधिकारी एकत्र हुए। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव और कमेटी पदाधिकारियों ने बैंड कलाकारों को अंग वस्त्र पहनाकर मालाएँ पहनाईं। इसी के साथ कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने महाकाली के स्वरूप का तिलक करके शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत डीजे और बैंड बाजों के साथ धूम धड़ाके के साथ भव्य और दिव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।



शोभा यात्रा में महाकाली के 32 खेलते हुए अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे इनके साथ तलवार लिए हुए लांगुर वीरों की टोली प्रदर्शन करती चल रही थी अनेक श्रद्धालुओं ने अपने सीने पर नारियल रखकर माता के स्वरूप से कटवाए और प्रसाद के रूप में वितरण किया। इन अखाड़ों में महंत गौरव चौहान के निर्देशन में औघड़ अखाड़ा एवं बेड़ा, कामाख्या काली अखाड़ा महंत आकाश बंसल, जय माता काली अखाड़ा, महंत बंटी, श्री गंगा मां काली अखाड़ा महंत दीपक गुप्ता, जयकारा भैंरो काली अखाड़ा महंत प्रिंस कुमार, श्री कालिका जय अखाड़ा विवेक कश्यप, कोरी झलकारी बाई विजय काली अखाड़ा महंत विजय कोहली, महाकाल रात्रि महाकाली अखाड़ा महंत शिव शर्मा, न्यू कोमल माधवी काली महाकाली अखाड़ा महंत राहुल, भद्रकाली अखाड़ा महंत पप्पू, मां चामुंडा महाकाली अखाड़ा महंत हिमांशु नागर, शोभा यात्रा में सबसे आगे महाकाली के खेलने अखाड़े, डीजे, महाकालेश्वर की झांकी, इस्लामनगर की दुर्गा मां की झांकी, स्वरूप बाहुबली की झांकी, भारत बैंड, स्वरूप की बाहुबली झांकी, बग्गी, एटा की स्वचालित झांकी, इस्लामनगर की राधा कृष्ण झांकी, डीजे बॉबी डांसर, इस्लामनगर की झांकी गणेश जी की, काली के अखाड़े, खाटू श्याम झांकी, डीजे, इस्लामनगर की झांकी,एटा की स्वचालित झांकी, बाहुबली बग्गी का स्वरूप, डीजे, बॉबी डांसर, टिपलर, एटा की झांकी, स्वचालित इस्लामनगर की काली मां की झांकी, एटा की स्वचालित झांकी, फिर इस्लामनगर की झांकी उसके पीछे मेला कमेटी का दुर्गा मां का सिंहासन चल रहा था। मेन बाजार में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग के प्रतिष्ठान पर, नेहरू चौक पर अमित सिन्हा द्वारा, हाईवे पर, अग्रवाल पतंजलि आरोग्य केंद्र, रामबा. बू मिष्ठान भंडार, आनंद स्वीटस, बॉबी प्रजापति समेत अनेक श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा के स्वरूपों और श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जलपान कराया फूल बरसाकर स्वागत किया।

शोभा यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस रही। विशेष प्रकाश व्यवस्था भी आकर्षण रही। नगर पालिका द्वारा सवेरे ही पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर रास्ते के दोनों और चूना रेखांकन कराया गया था। रूपों की सज्जा अखिलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में रवि सिंह और मानवी सिंह ने की। शोभा यात्रा के संचालन में कमेटी अध्यक्ष संजय जैन, पंकज चौहान, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, अभिषेक शर्मा एडवोकेट, नीरज रोहिल्ला, अरिहंत जैन, शशांक जैन, नितिन डुडेजा, दिनेश प्रजापति, विक्की सक्सेना, अभिषेक पांडे, आशीष शंकर पांडे, कार्तिक पांडे, अजय अग्रवाल एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, के के गुप्ता, मनोज ठाकुर, विकास गुप्ता एडवोकेट, सुमित गुप्ता, अलंकार शर्मा एडवोकेट, प्रशांत चौहान, विशाल गुप्ता, सनी सिंह, अभिषेक जैन महेश कश्यप, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, बिशन सिंह यादव, जितेंद्र अग्रवाल, निखिल पांडे, अमित मौर्य, शरद गुप्ता, राजेश प्रजा. पति, विनीत शर्मा, सुनील आर्य, ध्रुव शर्मा, घनश्याम गुप्ता, विजेंद्र चंद्रवंशी, विजेंद्र चौहान प्रधानाचार्य, अंशुल अग्रवाल, सचिन चंद्रा, निहाल सिंह लाठर, विद्युत लाइनमैन शहंशाह अली, दीपक कुमार, विनोद कुमार आदि बहुत से लोग शामिल रहे।

### नगर चामुंडा देवी स्थल मे नवरात्रि के नौवां दिन महानवमी के रूप में मनाया गया और इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा

**कुंदरकी।** शुक्रवार को चामुंडा देवी स्थल कुंदरकी जनपद मुरादाबाद मे नवरात्रि के नौवां दिन महानवमी के रूप में मनाया गया और इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई माँ का इस दिन विशेष महत्व होता है। मां सिद्धिदात्री को सभी सिद्धियों की दाता माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां सिद्धिदात्री की कृपा से भक्तों को ज्ञान, सफलता और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। नवरात्रि का यह अंतिम दिन साधना की पूर्णता और देवी कृपा का प्रतीक है। वहीं आज कन्या पूजन विधि विधान से किया। इसे कंजक पूजन के नाम से भी जाना जाता है। मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा की गई। एवं यज्ञ का आयोजन किया गया यज्ञ मे आहुतियाँ दी गई भंडारे का आयोजन हुआ, कन्या पूजन के बाद आज समापन किया गया श्योराज सिंह, सूरजपाल सिंह, अजय बाल्मीकि, रवि, मुकेश कुमार आर्य, अरुन कुमार, राजीव अग्रवाल, विनोद पुजारी, देव सिंह, जय गोपाल आर्य, टीनू सागर, अंशु सागर, जगत, धर्मपाल, क्रांति देवी, काजल दिवाकर, सरिता सागर आदि ने यज्ञ मे आहुतियाँ दीं।



# टैक्सी चालक को जहर देने का पत्नी पर लगाया आरोप, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा कट्टई में एक टैक्सी चालक को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी चांद बाबू, जो पेशे से टैक्सी चालक है, को शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे उसकी पत्नी द्वारा चाय में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि चाय पीने के कुछ ही देर बाद चांद बाबू की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। यह देख घर में अफरा-तफरी मच गई।आनन-फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है और लगातार निगरानी में रखा गया है।बताया गया है कि चांद बाबू की शादी करीब ढाई साल पहले बरवाला निवासी युवती से मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद शुरू हो गए थे। अक्सर घरेलू बातों को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था, जिससे पारिवा. रिक माहौल तनावपूर्ण बना रहता था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को ही घटना की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।फिलहाल, पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



वहीं, इस घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

# पेड़ से पत्ते तोड़ने चढ़ी महिला की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई मौत

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव सोतीपुरा में एक महिला संतोष (29) पत्नी बृजेश शुक्रवार को दोपहर जंगल में गूलर के पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ने के दौरान गुजर रही बिजली की हाईवोल्टेज लाइन से टच होकर मौत हो गई।

महिला संतोष निवासी मोहल्ला टंकी, कस्बा गुन्नौर यहां सोतीपुरा में अपनी बहन रामबेटी पत्नी शेर सिंह के यहां रह रही थी। शुक्रवार की दोपहर अपनी बहन रामबेटी व गांव की एक अन्य महिला शांति पत्नी लीलाधर के साथ जंगल में घास लेने गई थी। जंगल में रामबेटी व शांति घास काटने के दौरान थोड़ी आगे निकल गई और संतोष पीछे रह गई जिसने रास्ते में पड़े गूलर के पेड़ से बकरियों को पत्ते तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ गई और पत्ते तोड़ने के दौरान पत्तों में होकर गुजर रही विद्युत हाईवोल्टेज लाइन महिला को दिखाई नहीं दी और महिला लाइन से टच होकर विधुत करन्ट से महिला की मौत हो गई। करंट लगने से बिजली के तारों से निकली चिंगारी एवं महिला की चीख सुनकर साथ में गई दोनों महिलाओं ने शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े आए और महिला को पेड़ के ऊपर बिजली के तारों व डालियों में फंसा देख बिजली घर को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 एवं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को नीचे उतारा। शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला संतोष अपनी बहन रामबेटी के घर गांव सोतीपुरा में रह गई थी। मृतक महिला की तीन बेटी कामिनी, अनुष्का व प्राची हैं।



### आवारा कुत्तों ने 9 वर्षीय मासूम बच्चे पर किया हमला गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरासवा गौड़ में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना में घर के बाहर खेल रहे 9 वर्षीय हसनैन अली पुत्र फुरकान पर अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में मासूम बुरी तरह घायल हो गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि हसनैन अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक कई आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला बोल दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। परिजनों ने बिना देर किए घायल बालक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे को कई जगह गंभीर चोटें आई हैं।घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान किया जाए और गांव में सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएं। वहीं, स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कब्रिस्तान में पेड़ कटान का मामला शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

**चन्दौसी।** 35बी रेलवे फाटक के पास स्थित कब्रिस्तान में हरे-भरे पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामले में कब्रिस्तान कमेटी के सदस्यों ने कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर से शिकायत की है। कमेटी सदस्य बदरे आलम के अनुसार, कुछ लोगों ने कब्रिस्तान के अंदर लगे पेड़ों को काट लिया। जब इसका विरोध किया गया तो मौके पर मौजूद एक दूध कारोबारी के साथ मारपीट भी की गई। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य के दौरान पेड़ों को काटकर ठेकेदार को बेच दिया गया। घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या जिन पेड़ों को काटा गया, उनके लिए आवश्यक अनुम. ति ली गई थी या नहीं। क्योंकि कुछ पेड़ों की कटाई के लिए प्रशासनिक अनुमति जरूरी होती है। फिलहाल, कोतवाली पुलिस ने प्रार्थनापत्र प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता और बमबारी!

ईरान का इस्राईल-अमेरिका के साथ युद्ध छिड़े 28 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन जंग है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है, लेकिन इस तरह की खबरें अमेरिका की तरफ से ज्यादा आ रही हैं। ईरान से इस संबंध में बेहद ठंडी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शुक्रवार की ही बात करें, तो अमेरिका की तरफ से दस दिन तक ईरान के पेट्रोलियम ठिकानों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि जो बातचीत चल रही है, उसको पूरा मौका मिले, लेकिन जिस तरह इस्राईल ने ईरान के स्टील के दो बड़े प्लांट जो इस्फाहान और खुजेस्तान में स्थित हैं, उन पर बड़ा हमला किया, तो वहीं ईरान ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन टू प्रोमिस 4 के तहत 83वां चरण युद्ध का शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बार ईरान ने इस्राईल को बड़ी चोट पहुंचाई है। उसने इस्राईल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान ने बेलेस्टिक मिसाइल और सुसाइडल ड्रोन्स के जरिये इस्राईल के अश्दोद में तेल डिपो को निशाना बनाया। वहां आग लगने की बात कही जा रही है। कुवैत, बहरीन, अलधाफरा में भी ईरानी ड्रोन्स ने अमेरिका के सैन्य बेस को निशाना बनाया है। ईरान की तरफ से कुछ चेताया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि खाड़ी देशों ने ज्यादातर अमेरिका के सैन्य बेस तबाह हो चुके हैं और उसके सैनिक वहां के होटलों में शरण ले रहे हैं। ईरान तो यहां तक कह रहा है कि होटल स्वामी भगौड़े सैनिकों को शरण न दें। वह लोगों से भी अपील करता दिखाई दे रहा है कि अगर उन्हें ऐसे भगौड़े सैनिकों के छिपने की जानकारी हो तो उन्हें दें। जाहिर है इस तरह का रवैया बेहद आक्रामक तो है ही, साथ ही यह भी बताता है कि ईरान इस युद्ध में अमेरिका-इस्राईल के साथ किसी भी सीमा तक जाने का इरादा रखता है और उसके हौसलें बुलंद हैं। जाहिर है वार्ता और हमले एकसाथ नहीं चल सकते। इससे तो यही पता चलता है कि दोनों ही पक्ष केवल वार्ता करने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वह जंग को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। कोई भी समझ सकता है कि किसी भी समस्या का हल वार्ता से तभी निकल सकता है, जब पहले से ही दोनों ही पक्षों की ओर से कुछ ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे जो अविश्वास की खाई जोकि बहुत बड़ी है, उसको पाटा जा सके। जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर भरोसा ही नहीं होगा, तो नतीजे क्या खाक आएंगे। इतना ही नहीं अमेरिका की वार्ता की बात भी कर रहा है। साथ ही वह ईरान को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा है। यूं भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने अटपटे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वह अभी भी युद्ध रोकने को गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## उत्पाद शुल्क कटौती, वसूली का खेल



ईंधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है, सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है, वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमशः लगभग 32.98 रुपये और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है,सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं, अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

-प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सदस्य कांग्रेस

# नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज ने समुद्री जैव-विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जीवों एम्फिपोड्स की 24 नई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें एक पूरी तरह नई सुपरफैमिली का भी पता चला है। यह खोज केवल नई प्रजातियों की सूची में वृद्धि भर नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि पृथ्वी के महासागरों में जीवन की विविधता अभी भी काफी हद तक अनजानी है और वैज्ञानिकों के सामने अनगिनत रहस्य अब भी छिपे हुए हैं।

एम्फिपोड्स छोटे, झींगे जैसे क्रस्टेशियन जीव होते हैं, जो समुद्र के विभिन्न स्तरों पर पाए जाते हैं, लेकिन गहरे समुद्र में उनकी विशेष भूमिका होती है। ये जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं, क्योंकि वे मृत जीवों और जैविक अवशेषों को खाकर पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एम्फिपोड्स की विविधता बहुत अधिक है और वे समुद्री तल के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक माने जाते हैं, फिर भी उनकी अधिकांश प्रजातियां अभी तक वैज्ञानिक रूप से दर्ज नहीं की गई हैं।

यह नई खोज प्रशांत महासागर के क्लैरियन-क्लिपरटन जोन नामक क्षेत्र में की गई, जो लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र समुद्र की गहराइयों में स्थित है और खनिज संसाधनों, विशेष रूप से पॉलिमेटालिक नोड्यूल्स, के लिए प्रसिद्ध है। इन नोड्यूल्स में कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसे धातु पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 10 अलग-अलग एम्फिपोड परिवारों से संबंधित 24 नई प्रजातियों की पहचान की। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गहरे समुद्र में नई प्रजातियों की खोज करना अत्यंत कठिन और समय लेने वाला कार्य होता है। लेकिन इस खोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक नई सुपरफैमिली की पहचान भी हुई है, जिसे मिराबेस्टियोइडिया नाम दिया गया है। टैक्सोनॉमी यानी वर्गीकरण विज्ञान में एक नई सुपरफैमिली की खोज अत्यंत दुर्लभ होती है, क्योंकि यह जीवों के विकासक्रम में एक पूरी तरह नई शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। नई सुपरफैमिली के अंतर्गत एक नया परिवार और दो नए जीनस भी शामिल किए गए हैं। यह दर्शाता है कि इन जीवों का विकास अन्य ज्ञात एम्फिपोड समूहों से काफी अलग तरीके से हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की खोज यह संकेत देती है कि गहरे समुद्र में जीवन का विकास बहुत जटिल और विविध रहा है और हम अभी तक उसका केवल एक छोटा हिस्सा ही समझ पाए हैं।



गहरे समुद्र के पर्यावरण की बात करें तो यह पृथ्वी के सबसे कठिन और चरम वातावरणों में से एक है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और दबाव बहुत अधिक होता है। इन परिस्थितियों में जीवों का जीवित रहना अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। एम्फिपोड्स ने इन कठिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। कुछ प्रजातियां मृत जीवों को खाकर जीवित रहती हैं, जबकि कुछ शिकारी भी होती हैं।

इस खोज में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने न केवल पारंपरिक रूपात्मक अध्ययन (मॉर्फोलॉजी) का उपयोग किया, बल्कि डीएनए बारकोडिंग जैसी उन्नत तकनीकों का भी सहारा लिया। इससे उन्हें प्रजातियों के बीच सूक्ष्म अंतर समझने और उनके विकास संबंधों को स्पष्ट करने में मदद मिली। आज के समय में डीएनए विश्लेषण समुद्री जीवों के अध्ययन में एक क्रांतिकारी उपकरण बन चुका है, जिससे नई प्रजातियों की पहचान अधिक सटीक और तेजी से संभव हो पाई है।

यह खोज एक बड़े वैश्विक प्रयास का हिस्सा भी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र की जैव-विविधता को समझना और दस्तावेज करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्लैरियन-क्लिपरटन जोन में मौजूद 90 प्रतिशत से अधिक प्रजातियां अभी तक अनजान हैं। इसका मतलब यह है कि समुद्र की गहराइयों में जीवन की अपार विविधता छिपी हुई है, जिसे समझने के लिए अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।

इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह क्षेत्र खनन गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यहां की जैव-विविधता को समझना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि खनन कार्य बिना पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी के शुरू कर दिए जाते हैं, तो कई ऐसी प्रजातियां नष्ट हो सकती हैं, जिनके बारे में हमें अभी तक पता भी नहीं है।

वैज्ञानिकों ने इस संदर्भ में चेतावनी दी है कि गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहुत संवेदनशील होते हैं और इनमें होने वाले परिवर्तन का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी औद्योगिक गतिविधि से पहले व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया जाए। इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि समुद्री जीवन के अध्ययन में अभी बहुत संभावनाएं हैं। हर नई खोज न केवल हमारी जानकारी को बढ़ाती है, बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी विविधता और जटिलता से भरा हुआ है। एम्फिपोड्स जैसे छोटे जीव भी पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बिना समुद्री जीवन की संतुलन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। गहरे समुद्र की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, विशेष उपकरण और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके बावजूद, वैज्ञानिक लगातार नई खोजें कर रहे हैं, जो यह दर्शाती हैं कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक प्रयासों की कोई सीमा नहीं है।

अंततः, 24 नई एम्फिपोड प्रजातियों और एक नई सुपरफैमिली की पहचान न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि हमें अपने महासागरों को समझने और संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। यह खोज हमें यह याद दिलाती है कि पृथ्वी का अधिकांश भाग अभी भी अनदेखा और अनजाना है, और उसमें छिपे रहस्यों को उजागर करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस प्रकार, यह अध्ययन समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होता है और भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि केवल एक क्षेत्र में इतनी नई प्रजातियां मिल सकती हैं, तो पूरे महासागर में कितनी अज्ञात प्रजातियां अभी भी खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही होंगी।

-एम. इमरान

# राष्ट्रवाद की चाशमी में लिपटी धुरंधर 2 पर उठते सवाल

**फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। सवाल उठ रहे हैं कि आदित्य धर को मोदी सरकार का गुणगान करने के लिए यह फिल्म बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि अब सिनेमा कहानी नहीं, एजेंडा बेच रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि इस फिल्म में कई बातें ऐसी हैं जो इस सरकार की गलतियों पर परदा डालने के लिए कही गई हैं।**



रोहित कौशिक

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' चर्चा में है। फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस .श्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?

भाजपा की सरकारों ने अब तक इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह है कि क्या इस फिल्म में कई जगह अतिवाद का सहारा क्यों लिया गया है? एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधे तौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं का रहस्यमयी उपांग जो हमेशा अन्देखा रहा!

कोशिकाओं के एक ऐसे रहस्यमय और लंबे समय तक अनदेखे रहे उपांग को अब वैज्ञानिकों ने एक नए काम में लगा दिया है, जिसके बारे में पहले बहुत कम जानकारी थी। सामान्य तौर पर जब हम कोशिकाओं की संरचना के बारे में पढ़ते हैं तो हमें बताया जाता है कि उनमें एक कोशिका झिल्ली होती है, पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति भी होती है, एक केंद्रक मौजूद रहता है, ऊर्जा उत्पादन के लिए माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं और पदार्थों के भंडारण के लिए रिक्तिकाएं होती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कोशिकाओं में हजारों की संख्या में एक ऐसा घटक मौजूद होता है, जिसके बारे में लंबे समय तक वैज्ञानिकों के पास सीमित जानकारी ही थी।

इन रहस्यमई संरचनाओं को वॉल्ट कहा जाता है। इनकी खोज 1986 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के वैज्ञानिक लियोनार्ड रोम और नैन्सी केडेर्शा ने की थी। तब से लेकर अब तक वैज्ञानिक इनकी संरचना और कार्य को समझने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि अभी भी इनके कई पहलू रहस्य बने हुए हैं, लेकिन हाल के शोध में इनके एक महत्वपूर्ण उपयोग को सामने लाया गया है, जो जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। वॉल्ट वास्तव में खोखले और बैरल जैसे आकार के राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन कण होते हैं, जो मनुष्यों सहित लगभग सभी यूकेरियोटिक यानी केंद्रक-युक्त कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 70 नैनोमीटर होता है, जिससे यह कोशिका के सबसे बड़े कणों में गिने जाते हैं। इनकी बाहरी संरचना मुख्यतः मेजर वॉल्ट प्रोटीन यानी MVP से बनी होती है, जबकि इनके अंदर छोटे वॉल्ट आरएनए और तीन प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं। एक सामान्य मानव कोशिका में इनकी संख्या लगभग 10,000 से लेकर 1,00,000 तक हो सकती है, खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं जैसे मैक्रोफेज में इनकी अधिकता देखी जाती है। यह कण मुख्य रूप से कोशिका द्रव्य में उपस्थित रहते हैं और कोशिका कंकाल से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी-कभी नाभिकीय छिद्रों के पास भी पाए जा सकते हैं। वैज्ञानिक जब यह समझना चाहते हैं कि किसी कोशिका के भीतर किस प्रकार की जैव-रासायनिक गतिविधियां हो रही हैं, तो वे सामान्यतः दो तरीकों का उपयोग करते हैं। पहला तरीका है प्रोटियोम का अध्ययन, जिसमें किसी विशेष समय पर कोशिका में मौजूद सभी प्रोटीन्स का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि प्रोटीन ही कोशिका की गतिविधियों के प्रमुख परिणाम होते हैं, इसलिए इनके अध्ययन से यह समझा जा सकता है कि उस समय कोशिका में कौन-कौन सी प्रक्रियाएं सक्रिय थीं। दूसरा तरीका है ट्रांसक्रिप्टोम का अध्ययन, जिसमें कोशिका में मौजूद सभी आरएनए अणुओं का विश्लेषण किया जाता है। आरएनए वह अणु होता है, जो डीएनए में निहित सूचनाओं के आधार पर प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। डीएनए के भीतर मौजूद जीन यह तय करते हैं कि कौन-कौन से प्रोटीन बनाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन जीनों की प्रतिलिपि आरएनए के रूप में तैयार होती है, जिसे मैसेंजर आरएनए या m RNA कहा जाता है। यही mRNA कोशिका द्रव्य में जाकर प्रोटीन निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करता है। इस प्रकार यदि किसी कोशिका में उपस्थित सभी आरएनए का अध्ययन किया जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-कौन से प्रोटीन बन रहे हैं या हाल ही में बने हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण कहा जाता है। हालांकि इस पद्धति की एक बड़ी सीमा यह है कि आरएनए अणु बहुत अस्थिर होते हैं। वे अपना कार्य पूरा करने के कुछ ही मिनटों के भीतर नष्ट हो जाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण केवल बहुत हाल की गतिविधियों की ही जानकारी दे सकता है, उससे पहले की नहीं। यही वह जगह है जहां वॉल्ट्स ने वैज्ञानिकों को एक नया समाधान प्रदान किया। ब्रॉड इंस्टीटूट के जैव-चिकित्सा इंजीनियर फाइ चेन ने यह जानने की कोशिश की कि किसी कोशिका में पिछले कुछ दिनों के दौरान कौन-कौन से जीन सक्रिय रहे हैं। उनका विचार यह था कि यदि mRNA अणुओं को किसी तरह सुरक्षित रखा जा सके, तो बाद में उनका विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि वे किन जीनों से बने थे और किन जीनों की गतिविधि पहले हुई थी। शुरुआत में उन्होंने पोली A बाइंडिंग प्रोटीन यानी PABP का सहारा लेने की सोची। यह प्रोटीन स्वाभाविक रूप से mRNA के एक सिरे से जुड़ता है और उसकी रक्षा करता है। योजना यह थी कि इस प्रोटीन को किसी स्थाई संरचना के साथ जोड़ दिया जाए, ताकि जब यह mRNA से जुड़े, तो उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। इस उद्देश्य से उन्होंने चाठच को एक बैक्टीरिया के प्रोटीन के साथ जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने वॉल्ट्स का सहारा लेने का विचार किया, क्योंकि यह संरचनाएं अंदर से खोखली होती हैं और अणुओं को अपने भीतर समाहित कर सकती हैं। m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाने के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति अपनाई, जिसमें चाठच के जीन को वॉल्ट के अंदर मौजूद प्रोटीन से जुड़ने वाले जीन के साथ मिला दिया गया। वॉल्ट की संरचना तीन परतों से बनी होती है। इसकी सबसे बाहरी परत मेजर वॉल्ट प्रोटीन की होती है, जबकि अंदर की ओर छोटे प्रोटीन की परतें होती हैं। इसका बाहरी आवरण स्थिर नहीं होता, बल्कि समय-समय पर इसमें छोटे छिद्र बनते रहते हैं, जिनके माध्यम से छोटे अणु अंदर प्रवेश कर सकते हैं। वॉल्ट के अंदर प्रवेश करने के लिए किसी भी अणु को एक विशेष प्रोटीन, जिसे वॉल्ट पॉली (एडीपी राइबोस) पॉलीमरेज या VPARP कहा जाता है, से जुड़ना होता है। यह एक तरह का संकेत तंत्र होता है। जब कोई अणु इससे जुड़ता है, तो उसे वॉल्ट के भीतर जाने की अनुमति मिल जाती है। इसी तंत्र का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों ने m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाया। उन्होंने कोशिका में संशोधित PABP जीन को प्रविष्ट कराया और साथ ही MVP जीन की अतिरिक्त प्रतियां भी डालीं। इसके परिणामस्वरूप संशोधित PABP ने m-RNA को पकड़कर उसे वॉल्ट के अंदर पहुंचा दिया। बाद में वैज्ञानिकों ने इन वॉल्ट्स को रासायनिक रूप से खोलकर उनके अंदर मौजूद m-RNA का विश्लेषण किया और उसके न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम को पढ़ा। इससे यह पता चल गया कि यह m-RNA किन जीनों से उत्पन्न हुए थे। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें m-RNA को वॉल्ट के भीतर कैद कर लिया जाता है, जहां वह लगभग सात दिनों तक सुरक्षित रह सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिक अब कोशिका की पिछली गतिविधियों का भी अध्ययन कर सकते हैं, जो पहले संभव नहीं था। इस विधि को परखने के लिए कोशिकाओं को गर्मी और कम ऑक्सीजन जैसी परिस्थितियों में रखा गया और उनकी आनुवंशिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया।



-स्रोत फीचर्स

# अमेरिका और नाटो में बढ़ रही कलह

## ट्रम्प की धमकी के चलते जी-7 की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो की होगी अग्निपरीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो फ्रांस में आयोजित हो रहे जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अमेरिका से रवाना हो गए हैं। मार्को रूबियो को इस जी-7 सम्मेलन में ईरान युद्ध के लिए जी7 देशों का समर्थन जुटाने की मुश्किल चुनौती है, खासकर तब जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाटो पर तीखा हमला कर रहे हैं।



■ पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं

वहीं पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं। नाटो के सदस्य देश ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और इटली, जी-7 का भी हिस्सा हैं, जबकि जापान इस सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं है। रूबियो जब फ्रांस के लिए के लिए वाशिंगटन से रवाना हुए, ठीक उससे कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का साथ न देने के लिए नाटो देशों की आलोचना की। ट्रम्प ने कहा, श्हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि नाटो ने बिल्कुल कुछ नहीं किया। ट्रम्प ने ये भी कहा कि हम नाटो की रक्षा के लिए हैं, लेकिन वे हमारी रक्षा के लिए नहीं हैं। ऐसे में रूबियो का फ्रांस दौरा, यूरोपीय सहयोगियों के साथ रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में भी अहम होगा। नाटो और अमेरिका के बीच बीते कुछ समय से तनाव बना हुआ है। दरअसल ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के रुख और रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को लेकर भी यूरोप परेशान है। अब पश्चिम एशिया का मौजूदा संघर्ष इस तनाव को और बढ़ा रहा है। फ्रांस रवाना होने से पहले रूबियो ने कहा कि वह जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ अच्छी बैठकों की उम्मीद कर रहे हैं। बाद में उन्होंने एक्स पर लिखा कि वह वैश्विक सुरक्षा चिंताओं, पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। इससे पहले नाटो महासचिव मार्क रुते ने कहा कि नाटो के सदस्य रक्षा खर्च बढ़ा रहे हैं और अब अमेरिका की सैन्य शक्ति पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की दिशा में बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जा सकते। जी-7 बैठक की मेजबानी कर रहा फ्रांस, ईरान युद्ध को लेकर चिंतित है। फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले सहयोगियों को जानकारी नहीं दी, जिससे उनकी सुरक्षा और हित प्रभावित हुए।

## रैपर, मेयर, पीएमः नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक बालेन्द्र शाह का सफर

**काठमांडू।** रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह ने चार साल में नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक का सफर पूरा कर लिया है। राजनीति में शून्य से अपनी शुरुआत करने वाले शाह शुक्रवार को शपथ लेने के बाद नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गए। काठमांडू में 27 अप्रैल 1990 को जन्मे शाह इससे पहले 2022 से 2026 तक काठमांडू के मेयर रह चुके हैं और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। शाह का जन्म एक नेवार बौद्ध परिवार में हुआ। उनके पिता आयुर्वेद के चिकित्सक थे। उन्होंने काठमांडू के हिमालयन व्हाइटहाउस इंटरनेशनल कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हासिल किया। इसके बाद भारत आकर 2018 में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की।



बेरूत। ईरान के दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान खिलौने वाली बंदूक पकड़े एक लड़की।

## स्पेनः ईरान संघर्ष के परिणामों को कम करने के उपायों के पैकेज मंजूर

**मैड्रिड।** स्पेन की संसद के निचले सदन, कांग्रेस ऑफ डेप्युटीज ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए पांच अरब यूरो (5.8 अरब डॉलर) के संकट-रोधी पैकेज को मंजूरी दे दी है। सदन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस ने ईरान में युद्ध से स्पेनिश परिवारों और व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा लागू किए जा रहे उपायों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रॉयल डिक्री-लॉ के रूप में तैयार इस दस्तावेज में ईंधन, गैस और बिजली पर कर में कटौती सहित कई प्रावधान शामिल हैं।

## ईरान ने 10 तेल टैंकर गिफ्ट किएः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है।

# स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अराघची

## ईरानी विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी को भेजे गए वीडियो संदेश में अमेरिका-इजरायल को ठहराया जिम्मेदार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को अमेरिका और इजरायल की में आलोचना की। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को वीडियो संदेश में बताया कि मिनाब शहर के एक विद्यालय पर 'सुनियोजित हमला' किया गया था।

उन्होंने इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' करार दिया। अराघची ने बताया कि शजराह तैय्येबह प्राथमिक स्कूल पर किए गए इस हमले में 175 से अधिक छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई थी। अराघची ने कहा अमेरिका और इजरायल अपने पास अत्याधुनिक तकनीक होने का दावा करते हैं, इसलिए कोई यह नहीं मान सकता कि विद्यालय पर हमला जानबूझकर और इरादतन नहीं किया गया था। उन्होंने इसे युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के कृत्य की पूरी दुनिया में निंदा होनी चाहिए और दोषियों को इसकी सजा भुगतनी होगी। उन्होंने कहा, इस अत्याचार को न तो उचित ठहराया जा सकता है, न ही इसे छिपाया जा सकता है और न ही इस पर चुप्पी और उदासीनता बरती जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा यह हमला केवल एक



■ ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का कानूनी अधिकार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से बोले अराघची

'घटना' या 'गलती' नहीं थी। उन्होंने आगे कहा अमेरिका के विरोधाभासी बयान उनके अपराध को सही ठहराने के लिए दिए गए हैं। इस तरह के बयान से वे किसी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, मिनाब के विद्यालय पर हमला 28 फरवरी को हुआ था। यह युद्ध का पहला दिन था। अराघची की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब शुक्रवार 27 मार्च को युद्ध का एक महीना पूरा हो गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को ईरान-अमेरिका युद्ध के पहले दिन हुआ था, जब कथित तौर पर एक अमेरिकी टोमहाक क्रूज मिसाइल ने दक्षिण ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर छात्र और शिक्षक थे और कई घायल हुए थे। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से फोन पर बातचीत की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान का कानूनी अधिकार है। यह जानकारी प्रेस टीवी ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से दी। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे बहुत नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की है जो फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है।

## ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा संयंत्र पर हमले को 10 दिनों के लिए किया स्थगित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की प्रक्रिया को 10 दिनों के लिए रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस प्रक्रिया को छह अप्रैल को पूर्वी समयानुसार रात आठ बजे तक के लिए स्थगित कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर, मैं ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की अवधि को 10 दिनों के लिए सोमवार, छह अप्रैल को रात आठ बजे (पूर्वी समय) तक रोक रहा हूं। उन्होंने दोहराया कि बातचीत जारी है और फर्जी मीडिया और अन्य लोगों द्वारा इसके विपरीत दिए गए गलत बयानों के बावजूद, यह बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

## स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद बेटी को मिली इच्छामृत्यू

**बार्सिलोना।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए अपना जीवन खत्म कर लिया। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हुई और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गई। नोएलिया ने कहा था कि वह अपनी मौत के समय अकेली रहना चाहती हैं और नहीं चाहती थीं कि कोई उन्हें अंतिम समय में देखे। इच्छामृत्यु की प्रक्रिया में तीन इंजेक्शन दिए गए। पहले दो से गहरी बेहोशी लाई गई और तीसरे इंजेक्शन से दिल की धड़कन रुक गई। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी। लेकिन आखिरी समय में उसके पिता ने अदालत में आपत्ति दर्ज कराई और प्रक्रिया रुकवा दी। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है और देश को उसकी जान की रक्षा करनी चाहिए। यह मामला करीब डेढ़ साल तक अदालत में चला। अंत में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने नोएलिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे इच्छामृत्यु का रास्ता साफ हुआ।

# अमेरिकी मुद्रा पर होंगे ट्रम्प के हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की करेंसी डॉलर में बड़ा बदलाव होने वाला है। जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर अमेरिकी नोटों पर दिखाई देंगे। साल 1861 में डॉलर बिल की शुरुआत होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर देश की मुद्रा पर होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा लिया गया यह फैसला, इस साल अमेरिकी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के मौके पर लिया गया है।

अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प के हस्ताक्षर ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ अमेरिकी मुद्रा पर नजर आएंगे। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है, जिसका देश पर लंबे समय तक प्रभाव रहेगा। बीच ने आगे कहा इतिहास में राष्ट्रपति की पहचान अमेरिका के 'स्वर्ण युग' के आर्थिक सुधारों के निर्माता के रूप में है। अमेरिकी मुद्रा पर उनके हस्ताक्षर होना न केवल सही है, बल्कि वह इसके हकदार भी हैं। इससे पहले इसी महीने एक संघीय कला आयोग ने 24 कैरेट सोने के एक खास सिक्के के डिजाइन को



■ पद पर रहते हुए ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले राष्ट्रपति

मंजूरी दी थी। इस सिक्के पर राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर है और इसे भी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है। ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में देश आर्थिक विकास, डॉलर के दबदबे और वित्तीय मजबूती के रास्ते पर है। उन्होंने कहा देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों और राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प को सम्मान देने के लिए अमेरिकी डॉलर पर उनके नाम से बेहतर कोई और तरीका नहीं हो सकता। आजादी की 250वीं सालगिरह पर इस ऐतिहासिक मुद्रा को जारी करना बिल्कुल सही है।

# मेक्सिको की खाड़ी में तेल का रिसाव

## 600 किलोमीटर तक फैला प्रदूषण, सात प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में तेल का भारी रिसाव हुआ। अब इसका प्रदूषण 600 किलोमीटर से ज्यादा बड़े इलाके में फैल गया है। मेक्सिकन अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

इसमें दो प्राकृतिक स्रोत भी शामिल हैं। इस घटना ने सात प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। नौसेना सचिव एडमिरल रायमुंडो मोरालेस ने मीडिया वार्ता में बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों और जांच से रिसाव के तीन मुख्य ठिकानों का पता चला है। पहला स्रोत वेराक्रूज राज्य के कोत्जाकोआल्कोस बंदरगाह के पास खड़ा एक जहाज है। इस जहाज की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उस समय वहां 13 जहाज मौजूद थे। दूसरा स्रोत इसी बंदरगाह से 8 किलोमीटर दूर एक ऐसी जगह है जहां से कच्चा तेल प्राकृतिक रूप से निकलता है। तीसरा स्रोत कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित एक और प्राकृतिक रिसाव वाली जगह है। मोरालेस ने स्वीकार किया कि तेल का रिसाव अब भी जारी है। कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित कंटारेल से सबसे ज्यादा रिसाव हो रहा है। यहां से प्राकृतिक रूप से तेल निकलता रहता है। हालांकि, पिछले महीने में प्रदूषकों का बहाव काफी ज्यादा रहा है। इस रिसाव ने वेराक्रूज और टबैस्को राज्यों के 200 किलोमीटर लंबे तट को प्रभावित किया है। अब तक 430 टन हाइड्रोकार्बन इकट्ठा किया जा चुका है। मामले पर पर्यावरण सचिव एलिसिया बारसेना ने बताया कि इस रिसाव से वेराक्रूज और ताबास्को राज्यों के सात संरक्षित प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें पर्यावरण को किसी भी तरह का गंभीर नुकसान होता हुआ नहीं दिखा है।

■ यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हुई

## रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गएः गवर्नर

**मॉस्को।** उत्तर-पश्चिमी रूस में फिनलैंड की खाड़ी के तट पर स्थित लेलिनग्राद शहर के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए।ड्रोजडेन्को ने टेलीग्राम पर लिखा कि लेनिनग्राद क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी हटा दी है। हमले को नाकाम करने के दौरान 36 ड्रोन नष्ट किए गए। गौरतलब है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से अपना विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार का शिकार हुए लोगों की रक्षा करना है।

# पश्चिम एशिया में 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा यूएस!

## ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया गया है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने की योजना बना रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है। यरूशलेम पोस्ट ने वाल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में युद्ध विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया गया, इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। अमेरिका की 82वीं एयरबोर्न डिवीजन पहले से ही इस क्षेत्र में मौजूद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस डिवीजन की तैनाती का सीधा उद्देश्य ईरान के रणनीतिक हितों, जैसे कि खर्ग द्वीप, को निशाना बनाना है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि अतिरिक्त सेना को कहां भेजा जाएगा या तैनात किया जाएगा। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने इस मामले पर कहा कि सैनिकों की तैनाती से जुड़ी कोई भी आधिकारिक घोषणा युद्ध विभाग ही करेगा। उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के पास सभी सैन्य विकल्प उपलब्ध रहते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है।



■ इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं

## इजरायल ने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किएः आईडीएफ

**मास्को।** इजरायल रक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले आईडीएफ ने तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकी शासन अवसंरचना को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए। इसी बीच, प्रेस टीवी ने खबर दिया है कि ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर शुरू कर दी है।

# इजरायल का लेबनान की बस्तियों पर हमला

## नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा

**बेरुत।** इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान की आठ बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से हमला किया। यह जानकारी लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएएनए) ने शुक्रवार को दी। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध क्षेत्रों में फास्फोरस युक्त गोला-बारूद का उपयोग निषिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस के मानकों के अनुसार, नागरिकों या आबादी वाले क्षेत्रों के खिलाफ ज्वलनशील हथियारों का उपयोग प्रतिबंधित है। यह विशिष्ट पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन में निहित है, जो ऐसे हमलों पर प्रतिबंध लगाता है जिनसे अत्यधिक पीड़ा होने की आशंका हो। फॉस्फोरस का उपयोग गंभीर जलन और आग का कारण बन सकता है, इसलिए नागरिकों के खिलाफ इसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन और संभावित युद्ध अपराध माना जाता है। इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा यानी मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने कहा कि लेबनानी हिजबुल्लाह आंदोलन की गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरी इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के पांच रणनीतिक बिदुओं पर मौजूद है, जिनमें गजार गांव का उत्तरी भाग भी शामिल है, जिसे लेबनानी अधिकारी निरंतर कब्जा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का उल्लंघन मानते हैं। इजरायली सेना का दावा है कि वह हमलों में हिज्बुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं। इजरायल ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि वह हिज्बुल्लाह के सैन्य विग के नेताओं को खत्म करने और शिया आंदोलन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करने के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेगा।

■ इजरायली सेना का दावाः वह हमलों में हिजबुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं

## लेबनान पर इजरायली हमलों में अब तक 1116 की मौत

**बेरुत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो मार्च से लेबनान पर होने वाले इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 1116 हो गई है जबकि 3229 अन्य लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि दो मार्च से शुरू हुए इस आक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 1116 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 3229 हो गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान 22 लोग मारे गए हैं और 110 घायल हुए हैं। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच यह तनाव दो मार्च, 2026 की रात को शुरू हुआ, जब लेबनानी संगठन ने क्षेत्रीय हालात खराब होने के बाद इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इसके जवाब में इजरायल ने लेबनान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए, जिनमें देश के दक्षिणी क्षेत्र, बेका घाटी और बेरुत के बाहरी इलाके शामिल हैं।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108